RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 229
नई दिल्ली, सोमवार, 27 जून, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





दीपिका एंड कंपनी ने रजत पदक पर छोड़ा तीर
स्पोर्ट्स-12


# सुप्रीम कोर्ट पहुंची महाराष्ट्र की लड़ाई अयोग्यता नोटिस को शिंदे की चुनौती

- आज हो सकती है मामले पर सुनवाई, सरकार ने भी कानूनी लड़ाई के लिए कसी कमर
- महा विकास अघाड़ी सरकार ने की बागी मंत्रियों को बर्खास्त करने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुम्बई

**महाराष्ट्र** में राजनीतिक संकट के बादल छंटते नहीं दिख रहे हैं। यहां सत्ता को लेकर छिड़ी जंग रविवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। महाराष्ट्र विधानसभा उपाध्यक्ष द्वारा शिवसेना के 16 बागी विधायकों को भेजे गए अयोग्यता नोटिस के खिलाफ बागी गुट का नेतृत्व कर रहे मंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अवकाशकालीन पीठ सोमवार को शिंदे की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। बागी विधायकों ने राज्य की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है जिससे सरकार गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। एकनाथ शिंदे की अगुवाई में पिछले पांच दिन से गुवाहाटी के होटल में डेरा डाले शिवसेना के बागी विधायकों के तेवर नरम नहीं पड़ने के बीच शिवसेना ने भी संकट से निपटने के लिए कानूनी लड़ाई के लिए कमर कस ली है।

शिवसेना के वकील-सह-कानूनी सलाहकार देवदत्त कामत ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का पद रिक्त होने के चलते विधानसभा उपाध्यक्ष को फैसले लेने का पूरा अधिकार है। एक दिन पहले, महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय ने वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे समेत शिवसेना के 16 बागी विधायकों को समन जारी किया था और उन्हें अयोग्य ठहराए जाने की मांग वाली शिकायतों के संबंध में 27 जून की शाम तक लिखित जवाब देने को कहा गया था। इससे पहले शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाकर अजय चौधरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विधानसभा उपाध्यक्ष के इसी कदम को शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि हम कानूनी लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं।

कामत ने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के पैरा 2.1.ए के अंतर्गत 16 बागी विधायकों के खिलाफ अयोग्य ठहराए जाने की कार्यवाही शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के कई फैसलों से पता चलता है कि सदन के बाहर विधायकों की कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधि के समान है और वे अयोग्य ठहराए जा सकते हैं। दूसरी ओर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार ने गुवाहाटी में शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे (शेष पेज 8)



गुवाहाटी में रविवार को अपने समर्थक विधायकों के साथ शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे

## केंद्र ने 15 बागी विधायकों को दी वाई प्लस सुरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने रविवार को शिवसेना के कम से कम 15 बागी विधायकों को सीआरपीएफ जवानों से लैस वाई प्लस श्रेणी का सुरक्षा घेरा प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया जिन विधायकों को सुरक्षा मुहैया कराई गई है, उनमें रमेश बोनरि, मंगेश कुदलकर, संजय शिरसत, लताबाई सोनवणे, प्रकाश सुर्वे और 10 अन्य विधायक शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, महाराष्ट्र में रहने वाले इन विधायकों के परिवारों को भी सुरक्षा प्रदान की जाएगी, क्योंकि सुरक्षा घेरे के अंतर्गत गृह सुरक्षा दल भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा गृह मंत्रालय से की गई एक सिफारिश के बाद विधायकों को वाई प्लस श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा प्रदान करने की मंजूरी दी गई है।

## राउत और आदित्य ठाकरे ने दी विद्रोही विधायकों को चेतावनी

- महाराष्ट्र संकट पर शरद पवार ने कांग्रेस व शिवसेना नेताओं से बंद कमरे में की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और शिवसेना के बागी विधायक एकनाथ शिंदे के बीच जारी सत्ता संघर्ष रविवार को और तेज हो गया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत के नेतृत्व में शिवसेना के नेताओं ने विद्रोहियों पर तीखा हमला बोला, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के नेताओं के साथ बंद दरवाजे में बैठक की।

शरद पवार ने राकांपा के नेताओं, कांग्रेस के मंत्रियों बालासाहेब थोराट व अशोक चव्हाण और शिवसेना के अनिल परब व अनिल देसाई से मुलाकात की और छह दिन पहले हुए विद्रोह के राजनीतिक परिणामों पर चर्चा की। शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने लगातार दूसरे दिन मुंबई और पुणे समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में बागियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। राज्य के मंत्री व शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे और पार्टी के प्रवक्ता संजय राउत ने उपनगरीय दहिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने संकटग्रस्त पार्टी नेतृत्व के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश की और शिंदे गुट पर हमला बोला। राउत ने कहा कि मौजूदा संकट शिवसेना को पुनर्जीवित करने का एक अवसर है। उन्होंने शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित करने (शेष पेज 8)

## शिंदे के खेमे में शामिल हुए महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत

**गुवाहाटी।** महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के लिए संकट को और गहराते हुए, महाराष्ट्र के एक अन्य मंत्री उदय सामंत रविवार को गुवाहाटी पहुंचे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधायकों के असंतुष्ट खेमे में शामिल हो गए। सूत्रों ने बताया कि सामंत गुजरात के सूरत से गुवाहाटी पहुंचे।

सूत्रों ने बताया कि वह चार्टर्ड विमान से आए और तीन अन्य लोगों के साथ यहां गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे। सामंत का काफिला, असम पुलिस के साथ, राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के पास रैडिसन ब्लू होटल में प्रवेश करते देखा गया। अब तक, महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री गुलाबराव पाटिल, दादा भूसे, संदीपन भुमरे और राज्य मंत्री शंबुराजे देसाई और अब्दुल सत्तार विद्रोही खेमे में शामिल हो चुके हैं।

# भाजपा ने ढहाए सपा के दोनों मजबूत किले

- उत्तर प्रदेश के रामपुर व आजमगढ़ में भगवा दल की जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** की दो लोकसभा सीट रामपुर और आजमगढ़ पर हुए उप चुनाव में भाजपा ने सपा को तगड़ा झटका दिया है। आजमगढ़ सीट पर भोजपुरी गायक और अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा के धर्मेंद्र यादव को आठ हजार से अधिक मतों से पराजित कर दिया। रामपुर में बीजेपी के घनश्याम लोधी ने सपा के आसिम राजा को 42192 वोट से हराया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधायक चुने जाने के बाद उनके सांसद पद से इस्तीफे की वजह से रिक्त हुई आजमगढ़ सीट पर 23 जून को मतदान को हुआ था और इस दौरान आजमगढ़ में 49.43 फीसदी वोट पड़े।

इस सीट पर सपा और बसपा के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में निरहुआ ने धर्मेंद्र यादव को पराजित किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार निरहुआ को 312768 मत मिले जबकि सपा के यादव को 304089 मत मिले। कड़े मुकाबले में बसपा के शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने भी 266210 मत हासिल किए। आजमगढ़ में 5369 लोगों ने नोटा का बटन दबाकर उसे चौथा स्थान दिया। आजमगढ़ में मतगणना के दौरान सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव की स्ट्रांग रूम में कथित तौर पर प्रवेश न करने देने को लेकर सुरक्षाकर्मियों से बहस हो गई। यादव ने आरोप लगाया कि ईवीएम बदलने की कोशिश की जा रही है और इसलिए उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। आजमगढ़ में 49.43 फीसदी, जबकि रामपुर में 41.39 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में रामपुर में 63.19 प्रतिशत और आजमगढ़ में 57.56 मतदान दर्ज किया गया था। दोनों सीट (शेष पेज 8)



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह को मिठाई खिलाते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## त्रिपुरा में भाजपा और झारखंड में जीती कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भाजपा ने त्रिपुरा में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 23 जून को मतदान करने वाली चार विधानसभा सीटों में से तीन पर जीत दर्ज की। कांग्रेस को एक सीट मिली। टाउन बोरदोवाली से मुख्यमंत्री और भाजपा उम्मीदवार माणिक साहा जीते, उनकी पार्टी के उम्मीदवार स्वप्ना दास ने सूरमा से और मलिना देबनाथ ने जुबराजनगर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। अगरतला सीट से कांग्रेस के सुदीप रॉय बर्मन जीते। बर्मन ने हाल ही में भाजपा से इस्तीफा दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं झारखंड के मंदार विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की ने 23,517 मतों के अंतर से जीत हासिल की है. शिल्पी को 95,062 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी गंगोत्री कुजूर 71,545 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा कि 23 जून को हुए चुनाव में लगभग 3.5 लाख मतदाताओं में से 61.25 फीसदी से अधिक ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बीच, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने आत्मकुरु विधानसभा उपचुनाव में बड़ी जीत दर्ज की। एसआर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विक्रम रेड्डी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के जी भरत कुमार को 82,742 मतों के अंतर से हराया।

## आप की संगरूर में हार, दिल्ली में जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**आम** आदमी पार्टी (आप) को उपचुनाव में मिश्रित परिणामों को सामना करना पड़ा है। पंजाब के संगरूर लोकसभा सीट पर जहां हार का सामना करना पड़ा है वहीं दिल्ली की राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर फिर से जीत मिली है। पंजाब का मुख्यमंत्री बनने के बाद भगवंत मान द्वारा खाली की गई संगरूर सीट पर आप उम्मीदवार गुरमेल सिंह को 5,822 मतों के अंतर से शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) प्रत्याशी और खालिस्तान समर्थक सिमरनजीत सिंह मान से हार का सामना करना पड़ा है। सिमरनजीत सिंह मान (77) की करीब दो दशक बाद संसद में वापसी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सिमरनजीत सिंह मान को 2,53,154 मत मिले जबकि गुरमेल सिंह को 2,47,332 मत मिले। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वर्ष 2014 और 2019 में संगरूर सीट से जीत दर्ज की (शेष पेज 8)

## कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़, श्रीकुमार को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा



**भाषा।** अहमदाबाद

**अहमदाबाद** की एक अदालत ने 2002 गुजरात दंगों के संबंध में झूठे साक्ष्यों के आधार पर निर्दोष लोगों को फंसाने के एक मामले में रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन ने सीतलवाड़ और श्रीकुमार की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था। लोक अभियोजक मितेश अमीन ने कहा कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एस पी पटेल की अदालत ने सीतलवाड़ और श्रीकुमार को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। उन्होंने (शेष पेज 8)

## सांसदों व विधायकों को पेंशन बंद करने संबंधी बिल पेश करेंगे वरुण

- कहा-अग्निपथ योजना से भर्ती युवाओ को जब पेंशन नही तो जनप्रतिनिधियों को क्यों मिले सेवानिवृत्त लाभ
- सरकारी नौकरियों में समयबद्धभर्ती की मांग वाला विधेयक भी लाएंगे

**दीपक कुमार उप्रेती।** नई दिल्ली

**भाजपा** सांसद वरुण गांधी आगामी मानसून सत्र में लोकसभा में एक बिल ला सकते हैं जिसमें सांसदों और विधायकों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाले को लाभ समाप्त करने की मांग की जाएगी।

वरुण सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की मुखर आलोचना कर चुके हैं तथा यह ऐलान कर चुके हैं कि वे पेंशन नहीं लेंगे। भाजपा सांसद के एक निकट सूत्रों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर जनप्रतिनिधियों को मिलने वाले पेंशन को बंद करने के लिए कदम उठाने की मांग करेंगे।



सांसदों और विधायकों को मिलने वाले पेंशन लाभ वापस लेने के लिए वरुण गांधी प्राइवेट मेंबर बिल पेश करेंगे। सूत्रों ने बताया कि वे और एक विधेयक पेश करेंगे जिसमें सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए 'समय तय' करने की मांग की जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक केंद्र पूर्व (शेष पेज 8)

## आयकर के तीन कर्मियों ने फर्जी टीडीएस रिफंड से करोड़ों का किया फर्जीवाड़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आयकर विभाग के तीन अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की है, जिन्होंने कई लोगों का टीडीएस लौटाने के लिए कंप्यूटर प्रणाली तक पहुंच के वरिष्ठ अधिकारियों के अधिकारों का दुरूपयोग कर कथित तौर पर फर्जी तरीके से रिफंड हासिल किए थे। जांच एजेंसी ने संयुक्त आयुक्त आयकर, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) की शिकायत के आधार पर आयकर विभाग के समूह ग के तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जो कथित तौर पर आकलन करने वाले अधिकारियों के आरएसए टोकन का कथित रूप से दुरुपयोग कर विभाग को धोखा देने और कर कटौती (टीडीएस) के फर्जी रिफंड उत्पन्न करने में कामयाब रहे। आरएसए टोकन एक विशेष समाधान हैं जो प्रत्एक 60 सेकंड में उपयोगकर्ता के पासवर्ड को स्वचालित रूप से बदल देता है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी के बाद एजेंसी ने (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,727 | |
| निफ्टी | 15,699 | |
| सोना | 50,557 | /10g |
| चांदी | 59,077 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीबीआई अधिकारी से छीन ली सोने की चेन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अपराधी किस कदर बेखौफ हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दक्षिणी दिल्ली के पुष्प विहार इलाके में दो अज्ञात लोगों ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक अधिकारी की सोने की चेन छीन ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात करीब 11.24 बजे पुष्प विहार के सेक्टर-1 में इस घटना की सूचना मिली थी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) बेनिता मैरी जयकर ने कहा कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची जहां शिकायतकर्ता ने कहा कि वह सेक्टर-1 के पास अपने परिवार के साथ जा रहे थे और इसी दौरान मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति उनके पीछे आए और सोने की चेन (दो तोला) छीन कर भाग गए। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

## असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 22 लाख लोग प्रभावित



बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित कछार जिले के सिलचर और कामरूप के हाजो क्षेत्र के दौरे में पानी में खड़े असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** में बाढ़ से पांच और लोगों की मौत हो गई और 25 जिलों में 22 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। हालांकि, रविवार को बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के दैनिक बुलेटिन के अनुसार, रविवार को बारपेटा, कछार, दांग, करीमगंज और मोरीगांव जिलों के विभिन्न स्थानों पर चार बच्चों समेत पांच लोग डूब गए। इसके अलावा दो जिलों में दो लोग (शेष पेज 8)

# आपातकाल भारत के जीवंत लोकतंत्र पर एक काला धब्बा

- जर्मनी में भारतीय समुदाय के बीच बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- कहा, दुनियाभर में प्रवासी भारतीय न केवल भारत की सफलता की कहानी हैं, बल्कि राष्ट्र दूत भी हैं

**भाषा।** म्यूनिख

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 1975 में लगाया गया आपातकाल भारत के जीवंत लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र हर भारतीय के डीएनए में है और 47 साल पहले, लोकतंत्र को बंधक बनाने और उसे कुचलने का प्रयास किया गया था, लेकिन देश की जनता ने इसे कुचलने की तमाम साजिशों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया। मोदी ने यहां ऑडी डोम स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा, हम भारतीय जहां भी रहते हैं अपने लोकतंत्र पर गर्व करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, 47 साल पहले, लोकतंत्र को बंधक बनाने और उसे कुचलने का प्रयास किया गया था। आपातकाल भारत के जीवंत लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जर्मनी आए मोदी ने 30 मिनट से अधिक समय तक लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हर भारतीय गर्व से कह सकता है कि भारत लोकतंत्र की जननी है। संस्कृति, भोजन, परिधान, संगीत और परंपराओं की विविधता हमारे लोकतंत्र को जीवंत बनाती है।

गौरतलब है कि 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल लगाए जाने की घोषणा की गई थी और उस समय इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। आपातकाल को 21 मार्च, 1977 को हटा लिया गया था। मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए भारत की सफलता की कहानी को बढ़ावा देने और भारत की सफलता के ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करने में प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना की। उन्होंने भारत की विकास गाथा पर प्रकाश डाला और देश के विकास के (शेष पेज 8)



म्यूनिख के ऑडी डोम स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# गौतमबुद्ध नगर में आए तीन नए अफसर

## वंदना त्रिपाठी को प्राधिकरण में ओएसडी, अभिषेक वर्मा को डीसीपी, स्वप्निल को पीएसी के कमांडेंट बनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में बड़ा प्रशासनिक और पुलिस फेरबदल किया है। इस फेरबदल का असर गौतमबुद्ध नगर में पुलिस डिपार्टमेंट, नोएडा विकास प्राधिकरण और पीएसी पर पड़ा है।

नोएडा अथॉरिटी में आईएएस अधिकारी वंदना त्रिपाठी को विशेष कार्याधिकारी बनाकर भेजा गया है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में अभिषेक वर्मा को बतौर डीसीपी नियुक्त किया गया है। वह औरैया से ट्रांसफर होकर आ रहे हैं। गौतमबुद्ध नगर की 49वीं वाहिनी पीएसी में कमांडेंट की पोस्ट खाली चल रही थी। कानपुर देहात के एसपी स्वप्निल ममगई को कमांडेंट बनाकर शासन ने भेजा है। यह तीनों पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लंबा अनुभव रखते हैं। आईएएस वंदना त्रिपाठी को





नोएडा का विशेष कार्याधिकारी बनाकर भेजा गया है। वंदना वर्ष 2000 बैच की पीसीएस अफसर थीं। उन्हें 28 अक्टूबर 2021 को पदोन्नत करके आईएएस बनाया गया। वंदना त्रिपाठी मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज में सचिव के पद पर तैनात थीं। करीब 5 वर्षों से वह इसी पोस्ट पर काम कर रही थीं। वंदना त्रिपाठी उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक कैडर में क्लीन इमेज वाली महिला अफसर हैं।

उन्हें करीब 22 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव है। वह बुलंदशहर की सिकंदराबाद और सदर तहसीलों में एसडीएम रह चुकी हैं। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस उपायुक्त अपराध अभिषेक का शनिवार की देर रात तबादला हो गया है। उन्हें शामली का पुलिस अधीक्षक बनाकर भेजा गया है। अब उनकी जगह औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा को भेजा गया है। अभिषेक वर्मा वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अफसर हैं। मूल रूप से चित्रकूट के रहने वाले हैं। वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अभिषेक वर्मा ने इलेक्ट्रॉनिक्स में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग किया है। वह 30 सितंबर 2021 से औरैया में तैनात थे।

कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक स्वप्निल ममगई को गौतमबुद्ध नगर में 49वीं वाहिनी पीएसी का कमांडेंट बनाकर भेजा गया है। इसी साल 5 जनवरी को स्वप्निल ममगई का तबादला कानपुर देहात बतौर पुलिस अधीक्षक किया गया था। स्वप्निल ममगई वर्ष 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। कानपुर देहात में पोस्टिंग से पहले हुए उत्तर प्रदेश के 7 जिलों में बतौर पुलिस अधीक्षक काम कर चुके हैं। मूल रूप से उत्तराखंड में देहरादून के रहने वाले हैं। कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है। स्वप्निल ममगई लखनऊ में आर्थिक अपराध शाखा के एसपी रह चुके हैं। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की स्थापना के समय उन्हें डीसीपी हेडक्वार्टर नियुक्त किया गया था। वह सीबीसीआईडी लखनऊ में भी तैनात रहे हैं।

2016 में बतौर एसपी उनकी पहली पोस्टिंग बलरामपुर में हुई थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने एसपी एटा के रूप में जिम्मेदारी निभाई थी। वह मथुरा, रायबरेली में भी एसपी रह चुके हैं। स्वप्निल अगले सप्ताह गौतमबुद्ध नगर में 49वीं वाहिनी पीएसी में बतौर कमांडेंट कार्यभार संभालेंगे। वर्ष 2011 बैच के आईपीएस स्वप्निल ममगई को तेज तर्रार आईपीएस और कड़े निर्णय लेने वाले अफसर के रूप में जाने जाते हैं।


# निवासियों ने करवाया सोसाइटी का इंश्योरेंस फ्लैट मालिक को देने होंगे 50.60 रुपए सालाना

● गौर सिटी में स्थित नॉर्थ एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी ने की पहल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में काफी हाउसिंग सोसायटी है, जिसके निवासी विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकतर प्रदर्शन करते रहते हैं। गौर सिटी में स्थित नॉर्थ एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी ने ऐसा किया है, जिसके बारे में बाकी हाउसिंग सोसायटी के बिल्डर शायद कल्पना भी नहीं कर सकते।

आपने सुना होगा कि व्यक्ति अपने हेल्थ का इंश्योरेंस करवाता है, अपनी लाइफ का इंश्योरेंस करवाता है और गाड़ी का भी इंश्योरेंस करवाता है, लेकिन नॉर्थ एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी के निवासियों ने आपकी सोसाइटी का ही इंश्योरेंस करवा लिया है। जिसकी लागत 210 करोड़ रुपए आई है। नॉर्थ एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष सुजीत चौबे का कहना है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में तमाम हाउसिंग सोसायटी हैं। जिनके निवासी अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन करते रहते हैं। खास तौर पर पानी की समस्याए लिफ्ट की समस्या और चोरी की समस्या ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाउसिंग सोसायटी में सबसे ज्यादा देखने को मिलती है, लेकिन उन्होंने सोसायटी वासियों के साथ मिलकर एक बड़ा कदम उठाया है।



उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नॉर्थ एवेन्यू हाउसिंग सोसाइटी में इस समय करीब 800 से ज्यादा परिवार रहते हैं। काफी दिनों से लिफ्ट खराब होने की समस्या देखने को मिल रही थी। इसके अलावा सोसाइटी में चोरी और अन्य काफी समस्याएं हैं, जिनका समाधान बिल्डर द्वारा नहीं किया जा रहा था। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए उनकी टीम ने बड़ा फैसला लेते हुए पूरी हाउसिंग सोसाइटी का 210 करोड़ रुपए में इंश्योरेंस करवाया है। जिसका सालाना प्रीमियम 5.46 लाख रुपए आएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोसाइटी में रहने वाले फ्लैट मालिक को प्रत्येक साल केवल 50.60 रुपए देंगे। जिसके बाद सोसाइटी में अब छोटी.छोटी समस्याओं के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। अगर सोसाइटी में आग लगने से कोई नुकसान होता है तो इसका हर्जाना इंश्योरेंस कंपनी वाली कंपनी को चुकाना होगा। अगर कोई प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, बाढ़ सुनामी आती है तो, उसका हर्जाना भी इंश्योरेंस करने वाली कंपनी चुकाएगी।

# गाजियाबाद में एलिवेटेड रोड पर फोड़े स्काईशॉट

● सड़क पर आजकल स्टंटबाजों का कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

1248 करोड़ रुपए से बनी देश की सबसे लंबी एलिवेटेड रोड पर आजकल स्टंटबाजों का कब्जा है। रील शूट करनी हो या कुछ और मौज मस्ती। इसके लिए गाजियाबाद की एलिवेटेड रोड सबसे मुफीद बनी है।

ताजा मामला करीब साढ़े 12 बजे का है। एलिवेटेड रोड पर इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में पांच गाड़ी सवार लड़कों ने जमकर आतिशबाजी करके वीडियो शूट की। इस मौज मस्ती से जुड़ी एक वीडियो सामने आई है। इस वीडियो में दिख रहा है कि इन लड़कों ने अपनी गाड़ियां सड़क किनारे विपरीत दिशा में खड़ी कर रखी हैं और बाकायदा उनकी छतों पर रखकर स्काई शॉट फोड़ रहे हैं। एक पत्रकार ने उन्होंने यह दृश्य देखा तो वीडियो बनाकर ट्वीट कर दिया। गाजियाबाद पुलिस ने जवाब दिया कि इंदिरापुरम थाना पुलिस को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

कार्रवाई हुई अथवा नहीं, इसका अपडेट गाजियाबाद पुलिस की तरफ से अभी तक कोई नहीं दिया गया है। कुल मिलाकर इस वीडियो से एक बात स्पष्ट हो रही है कि स्टंटबाजों में पुलिस का कोई खौफ नहीं है। यह स्थिति तब है, जब आए दिन इनके भारी.भरकम धनराशि के चालान काटे जा रहे हैं। यह एलिवेटेड रोड गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन से शुरू होती है और दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे पर इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में जाकर जुड़ती है। इसकी लंबाई 10.82 किलोमीटर है।

इसके निर्माण पर 1248 करोड़ रुपए लागत आई थी। यह रोड 227 सिंगल पिलर पर छह लेन चौड़ी है। अखिलेश यादव की सरकार में इस प्रोजेक्ट पर ज्यादातर काम हुआ और मार्च-2018 में सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसका उदघाटन किया था। इतना रुपया खर्च होने के बावजूद एलिवेटेड रोड पर सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए हैं। स्टंटबाज इसका खूब फायदा उठाते हैं।

## चेन लुटेरे गिरोह के पांच बदमाश पकड़े

**नोएडा।** सेक्टर-39 पुलिस ने रविवार को पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी हाईस्पीड बाइक और स्कूटी पर सवार होकर चेन और मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने दो पिस्टल, दो मैगजीन, पांच तमंचे, 24 कारतूस और घटना में प्रयुक्त केटीएम बाइक और स्कूटी बरामद की है।

एडीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने निर्माणधीन इमारत के पास से पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नजाकत, आरिफ मंसूरी, अलीम, अशरफ और ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद निवासी टिंकल उर्फ राघवेंद्र के रूप में हुई है।

# नोएडा में 10 जुलाई तक सभी ड्रेनों की होगी सफाई

● प्राधिकरण की तैयारी शुरू, मानसून के दौरान नहीं होगा शहर में जलभराव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मानसून को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने पहले से ही जलभराव की समस्या से निपटने का रास्ता निकालना शुरू कर दिया है। नोएडा के सेक्टर और गांवों के सभी छोटे बड़े ड्रेन की सफाई का काम आगामी 10 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। पीजीएम राजीव त्यागी ने



बताया कि जन स्वास्थ्य खण्ड-प्रथम के तहत 64 मैन ड्रेनों की सफाई के लिए ई.निविदाएं आमंत्रित की गई थी। जिसमें संविदाकारों का चयन कर उनको कार्य आवंटित कर दिया गया है। साथ ही जनस्वास्थ्य-द्वितीय के 38 ड्रेनों की सफाई का कार्य आवंटित कर दिया गया है।

ऐसे में कुल 102 ड्रेन की सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रेनों की सफाई में यदि किसी भी संविदाकारी द्वारा कोई भी लापरवाही की जाती हैएतो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके अतिरिक्त शेष मैन ड्रेनों की सफाई प्राधिकरण द्वारा विभागीय मशीनरी लगाकर करायी जा रही है। ड्रेनों में की जा रही सफाई के कार्यों पीजीएम राजीव त्यागी ने निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने सेक्टर.135 गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निर्देशित किया कि यहां उत्सर्जित होने वाले गोबर के सदुपयोग कर यहां गमलों का निर्माण किया जाए।

इसके अतिरिक्त जनस्वास्थ्य के परियोजना अभियन्ता विजय कुमार रावल एवं आरके शर्मा, दोनों खंडों के प्रबंधक गौरव बंसल एवं एपी वर्मा एवं समस्त सफाई निरीक्षकों द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किया जायेगा व ड्रेन क्लीनिंग कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जायेगी। ड्रेनों से निकलने वाली सिल्ट,फ्लोटिंग मैटेरियल को सीधे हाईवा में डालकर प्राधिकरण के डंपिंग ग्राउंड में पहुंचाया जाएगा। ताकि नोएडा के निवासियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े एवं बरसात के समय शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो सके। मैन ड्रेनों की सफाई पूर्ण होने पर इन्हीं सविंदाकारों से पूरे वर्ष मुख्य ड्रेनों से फ्लोटिंग मैटेरियल निकलवाने का कार्य किया जायेगा। सफाई के कार्यों की फोटोग्राफ जीपीएस से टैग की जा रही है। ताकि ऑनलाइन मॉनिटर किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार



स्वास्थ्य शिविर में जांच करतीं स्वास्थ्यकर्मी।

### वैशाली सेक्टर 3 में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद।** वैशाली के सेक्टर 3 में नवीन हॉस्पिटल और पंचशील पेबल्स सोसाइटी के संयोजन में सोसाइटी परिसर में रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर नवीन हॉस्पिटल, वैशाली के मेडिकल प्रबंध निदेशक डॉक्टर अनिल तोमर अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे । पंचशील पेबल्स अपार्टमेंट एसोसिएशन के राजेश्वर लाल, अलख निरंजन, अरविंद गुप्ता, नितिन सक्सेना, भावना, अलका आदि का सहयोग रहा। डॉ तोमर ने कहा नवीन अस्पताल पंचशील सोसाइटी के अलावा आसपास के अन्य निवासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए कृत संकल्प है । शिविर में कुल 61 लोगों के रक्तचाप, शुगर इत्यादि की जांच की गई तथा जनरल फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक सर्जन डाइटिशियन एवं फिजियोथेरेपिस्ट के द्वारा भी जांच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई ।

### इंस्टाग्राम पर बहस के बाद छात्रों में खूनी संघर्ष

**गाजियाबाद।** जस्सीपुरा मोड़ पर इंस्टाग्राम पर बहस के बाद कुछ युवकों ने 2 छात्रों को चाकू से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दिनदहाड़े इस घटना के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। दरअसल, कैला भट्टा क्षेत्र में रहने वाले 16 वर्षीय छात्र रहमान और 17 वर्षीय राशिद की घुकना निवासी रितिक से इंस्ट्राग्राम पर किसी बात को लेकर बहसबाजी हो गई। बहस के दौरान दोनों पक्षों के बीच एक दूसरे को देख लेने की धमकी शुरू हो गई। इसके बाद रितिक और उसके साथी जिला एमएमजी अस्पताल के गेट पर पहुंचे। दूसरी और से रेहान और राशिद भी पहुंच गए। इसके बाद रितिक और उसके साथियों में रेहान और राशिद को चाकुओं से गोद डाला और फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत को गंभीर देखते हुए गुरु तेग बहादुर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर प्रथम निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर खून से लथपथ मिला युवक, मौत

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर एक व्यक्ति लहूलुहान अवस्था में मिला। पुलिस ने उसे उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस को शक है कि व्यक्ति की मौत सड़क दुर्घटना के चलते हुई है। थाना बीटा-दो के प्रभारी अनिल



राजपूत ने बताया कि शुक्रवार को थाना बीटा-2 पुलिस को सूचना मिली कि यमुना एक्सप्रेसवे पर एक व्यक्ति लहूलुहान अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अनिल राजपूत ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक का नाम बलवीर 37 वर्ष है। वह जनपद आगरा का रहने वाला है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उक्त व्यक्ति की मौत सड़क हादसे के चलते हुई है। किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# ट्रायल रन के लिए टेस्टिंग यार्ड में पहुंचीं रैपिड रेल

● ट्रेन चालू करने को गुजरात से गाजियाबाद आए इंजीनियर, अगस्त में रेल भरेगी फर्राटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश की पहली रीजनल रैपिड रेल अब ट्रायल रन के लिए तैयार हो रही है। गाजियाबाद के दुहाई डिपो में पहुंची इस रेल को अब टेस्टिंग यार्ड में लाकर खड़ा कर दिया गया है। ट्रेन को यार्ड तक लाने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी, जिससे खींचकर उसको यार्ड तक पहुंचाया गया। रैपिड रेल का निर्माण करने वाली एलस्टॉम कंपनी के प्लांट गुजरात से इंजीनियरों की टीम दुहाई डिपो में पहुंच



गई है। ट्रेन को स्टार्ट करने काम गुजरात के इंजिनीर्स करेंगे।

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट सिस्टम का टारगेट है कि इस रैपिड रेल का ट्रायल रन हर हाल में अगस्त.2022 तक कर लिया जाए। ट्रायल रन फर्स्ट फेज में गाजियाबाद में साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच होगा, जिसकी दूरी 17 किलोमीटर की है। इस बीच रेल पटरियां बिछ चुकी हैं। तीन दिन पहले सिग्नल लगाने समेत अन्य तकनीकी काम शुरू हो चुका है।

अफसरों का कहना है कि फर्स्ट फेज में हम रैपिड रेल का संचालन साल.2023 से शुरू कर देंगे। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। रैपिड रेल का पहला स्टेशन दिल्ली के सराय काले खां और आखिरी स्टेशन मेरठ के मोदीपुरम में है। इन दोनों स्टेशनों की दूरी 82 किलोमीटर है। फर्स्ट फेज में साल-2023 में साहिबाबाद से दुहाई, दूसरे फेज में साल-2024 में दुहाई से मेरठ के शताब्दीनगर और 2025 में इस पूरे कॉरिडोर पर रैपिड रेल चलाने का टारगेट है। इस पूरे कॉरिडोर पर दो डिपो बनाए गए हैं। पहला दुहाई और दूसरा मोदीपुरम में है। रैपिड रेल का निर्माण गुजरात के सांवली स्थित एलस्टॉम कंपनी के प्लांट में हुआ है।

# जलापूर्ति वाली कंपनी पर प्राधिकरण ने ठोका 3.91 लाख का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग ने जलापूर्ति का काम देख रही फर्म सर्वेष बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स पर 3.91 लाख का जुर्माना लगाया है।

ट्यूबवेल के रखरखाव में लापरवाही पर जल विभाग ने यह कार्रवाई की है। फर्म को होने वाले भुगतान की रकम में से जुर्माने की कटौती की जाएगी। यह पेनल्टी अलग.अलग कार्यों में लापरवाही पर सात बार में लगाई गई है। जल विभाग के प्रभारी और वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह ने बताया कि बेहतर जलापूर्ति व्यवस्था के लिए ग्रेटर नोएडा को आठ जोन में बांट रखा है। जोन दो, चार, पांच और छह में जलापूर्ति का जिम्मा सर्वेष बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स पर है।

सेक्टर ईटा-वन की नलकूप खराब हुई, लेकिन फर्म ने इसे समय से ठीक नहीं किया। फर्म की लापरवाही से निवासियों को परेशानी हुई। इस वजह से 37500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह सेक्टर पी.6 की ग्रीन बेल्ट में लगा नलकूप का मोटर खराब हो गया।

# गाड़ी से साइड लग जाने पर एक दर्जन लड़कों ने पीड़ित को बीच सड़क पर पीटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में शनिवार रात एक बजरंगदल कार्यकर्ता को 10 से ज्यादा लड़कों ने हमला कर जमकर पीटा। घर के बाहर सड़क पर उसे बुरी तरह लात-घूंसे मारे। बचाव में आए युवकों से भी मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

कस्बा खोड़ा के अनिल विहार में मकान नंबर-191 निवासी पंकज कुमार बजरंग दल का कार्यकर्ता है। पंकज ने बताया कि करीब आठ दिन पहले घर के बाहर उनकी गाड़ी खड़ी थी। कुछ लड़के गाड़ी को नुकसान पहुंचा रहे थे। पंकज की मां ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो गाड़ी पर डंडा फेंककर मारा, जो एक बच्चे को जा लगा। उस वक्त मामूली विवाद हुआ, लेकिन मामला शांत करा दिया गया। पंकज ने बताया कि उन्होंने आरोपियों की पहचान की, तो उसमें शामिल एक लड़का शनिवार रात अनिल विहार के चौराहे पर खड़ा दिख गया।

यहां पर वाद-विवाद शुरू होते ही इस लड़के ने अपने कुछ साथी बुला लिए और पंकज पर हमला बोल दिया। इस मारपीट से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ लड़के पंकज को बुरी तरह पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो एक घर की छत से बनाया गया है। पिटाई करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पंकज ने बताया कि आरोपियों के पास एक पिस्टल थी।

# वाटर पार्क में लड़कियों के साथ मारपीट

● पुलिस ने घटना से किया इंकार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के जीआईपी मॉल के अंदर मारपीट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक जीआईपी मॉल के भीतर वर्ल्ड ऑफ वंडर वाटर पार्क में लड़कियों के साथ मारपीट हुई है।

हालांकि, पुलिस का कहना है कि वाटर पार्क में कोई भी मारपीट नहीं हुई। लड़कियों ने जो कपड़े पहने हुए थे, उसको लेकर विवाद हुआ है।



मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के जीआईपी मॉल में स्थित वर्ल्ड ऑफवंडर वाटर पार्क में एक महिला अपनी दो बेटियों के साथ मौज-मस्ती करने आई थी। बताया जा रहा है कि महिलाओं और लड़कियों का कॉस्ट्यूम को लेकर वहां के स्टाफ से विवाद हुआ है।

बताया जा रहा है कि महिला और लड़कियां अपने पहने हुए कॉस्ट्यूम समेत वाटर पार्क में नहाने गई थी, लेकिन उनको वहीं पर रोक दिया गया। स्टाफ ने उनसे कहा कि वह इन कॉस्ट्यूम को पहनकर वाटर पार्क में नहीं नहा सकती हैं। जिसको लेकर विवाद हुआ है। बताया जा रहा है कि एक लड़की की उम्र 15 साल और दूसरी लड़की की उम्र 20 साल है। जबकि, उनकी मां की उम्र करीब 50 वर्ष है। जानकारी मिली रही है कि वाटर पार्क की महिला स्टाफ ने तीनों के साथ मारपीट की है। हालांकि, इस मामले की पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। इस मामले में जीआईपी चौकी इंचार्ज का कहना है कि केवल तीखी नोकझोंक हुई है।

# ग्रेनो में शुरू होगा कुत्तों का पंजीकरण, प्राधिकरण ने बनाई योजना

● भैरव परियोजना के तहत कुत्तों की नसबंदी जारी रहेगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण जीएनआईडीए अगले महीने से कुत्तों का पंजीकरण शुरू करने की योजना बना रहा है। इसने वंशावली कुत्तों के लिए 500 रुपये और इंडी पालतू जानवरों के लिए 200 रुपये का वार्षिक शुल्क प्रस्तावित किया है। बदले में, जीएनआईडीए पंजीकृत कुत्तों को रेबीज रोधी टीकों का खर्च वहन करेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य कुत्तों की आबादी की उचित गणना करना और अवैध प्रजनन पर अंकुश लगाना है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में फलफूल रहा है। पड़ोसी गाजियाबाद में, नगर निगम पालतू जानवरों के



पंजीकरण के लिए 1000 रुपये लेता है, जबकि नोएडा में शुल्क 500 रुपये है। अधिकारियों ने कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण पर अपनी नीति में संशोधन करने की भी योजना बना रहा है। वर्तमान में, जीएनआईडीए और आरडब्ल्यूए टीकाकरण की लागत को साझा करते हैं लेकिन सड़कों पर रहने वाले आवारा लोगों की एक बड़ी आबादी को कवर नहीं किया जाता है। संशोधन लाए जाने के बाद, प्राधिकरण ऐसे कुत्तों की नसबंदी की लागत वहन करेगा। जानकारी के मुताबिक, निर्णय दो दिन पहले पालतू निगरानी समिति द्वारा लिए गए थे। जिसमें भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, जिला पशु चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और जीएनआईडीए के दो-दो सदस्य शामिल हैं। एक बार योजना को जीएनआईडीए के सीईओ और प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर दिया जाता है तो प्रक्रिया अगले महीने से आकार लेने की सबसे अधिक संभावना है। जीएनआईडीए में उप महाप्रबंधक सार्वजनिक स्वास्थ्य सलिल यादव ने कहा, अन्य जिलों में ऐसी सुविधाओं की जांच करने के बाद निर्णय लिया गया। हमने रजिस्ट्रेशन के लिए नाममात्र का शुल्क रखा है। वार्षिक शुल्क वसूल कर हम जो सुविधाएं देंगे, उसे लेकर निवासियों द्वारा कई सवाल उठाए जा रहे हैं। अब तक, हमने एंटी.रेबीज टीकाकरण प्रदान करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि इस कदम से कुत्तों के मालिकों और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों के अन्य निवासियों के बीच अक्सर होने वाले झगड़ों में कमी आने की संभावना है क्योंकि जानवरों का टीकाकरण किया जाएगा। यादव ने कहा कि भैरव परियोजना के तहत आवारा कुत्तों की नसबंदी जारी रहेगी।

जीएनआईडीए नसबंदी और टीकाकरण के साथ-साथ आवारा पशुओं का डेटाबेस भी तैयार कर रहा है। अब तक 400 कुत्तों का पंजीकरण किया जा चुका है और उनमें से 300 की नसबंदी और टीकाकरण किया जा चुका है। इसकी जिम्मेदारी एक एनजीओ को दी गई है।

## रेरा कन्सीलिएशन फोरम में मिली खरीदार को राहत

**नोएडा।** उप्र रेरा कन्सीलिएशन फोरम ने आवंटी अमरीक सिंह एवं प्रोमोटर, मेसर्स लॉजिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि के बीच विवाद का समाधान कर दिया। फोरम ने प्रोमोटर से आवंटी को आवंटित इकाई के कब्जे में हुए विलम्ब के जुर्माने का समायोजन कर बकाया राशि लेकर निश्चित समय में कब्जा देने के लिए कहा है। इससे आवंटी को 9 लाख रुपये की बचत के साथ इकाई का कब्जा मिलना तय हो गया।

उप्र रेरा कन्सीलिएशन फोरम के कन्सीलिएटर आरडी पालीवाल ने मामले का समाधान निकाला। आवंटी ने मेसर्स लॉजिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि की परियोजना ब्लॉसम कॉउंटी में एक इकाई बुक की थी। एग्रीमेन्ट के अनुसार आवंटी को फ्लैट 4109581 रुपये का था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजेंद्र नगर उपचुनाव में आप की हैट्रिक

## पार्टी ने इस सीट पर वर्ष 2015 और 2020 में भी लहराया था परचम

## दुर्गेश पाठक को मिले 40319 मत, भाजपा प्रत्याशी राजेश भाटिया की झोली में 28851 वोट आए, कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता कुल 2014 वोट ही हासिल कर पाईं



**संजय राय।** नई दिल्ली

राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने जीत की हैट्रिक लगाई है। पार्टी ने वर्ष 2015 और 2022 में भी परचम लहराया था। वर्ष 2013 में राजनीति में प्रवेश कर चुनाव में उतरी आप को इस सीट पर अपने पहले चुनाव में भाजपा से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन वर्ष 2015 के चुनाव में यहां उसने पहली जीत दर्ज की थी।

यह उपचुनाव भले ही महज एक सीट पर हुआ है, लेकिन इस छोटे चुनाव के कई बड़े सियासी मायने हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार जहां इसे अपने कामकाज पर मुहर के रूप में पेश करेगी तो भाजपा और कांग्रेस को एक बार फिर आत्ममंथन में जुटना होगा। राजधानी दिल्ली में सियासी माहौल के बीच राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर दिल्ली पुलिस द्वारा मतगणना केंद्र के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच मतों की गिनती रविवार सुबह आठ बजे शुरू हुई।

मतगणना के पहले चरण से ही आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दुर्गेश पाठक की बढ़त का सिलसिला शुरू किया जो मतगणना के आखरी चरण तक बरकरार रहा। पहले चरण से आम आदमी प्रत्याशी के आगे होने की जानकारी मिलने पर पूसा स्थित मतगणना खेल पर आप कार्यकर्ता जुटने लगे थे। आम आदमी पार्टी के झंडे हाथ में लिए और टोपी लगाए कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी को जीत की ओर बढ़ता देख जीत का जश्न मनानाा शुरू कर दिए थे। आप प्रत्याशी दुर्गेश पाठक की जीत की खबर मिलते की आप कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ की थाप पर थिरकने लगे। जीत के बाद मतगणन केंद्र से बाहर आए दुर्गेश पाठक को समर्थकों ने खुशी से उठा लिया। वहीं जीत के बाद आप कार्यकता जय श्री राम हो गया काम का नारा भी लगा रहे थे।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणबीर सिंह ने बताया, मतगणना के सभी 16 दौर पूरे हो चुके हैं। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दुर्गेश पाठक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के राजेश भाटिया को 11 हजार से अधिक मतों के अंतर से हरा दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, आप के पाठक को 40,319 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाटिया को 28,851 मत प्राप्त हुए। पाठक ने 11,468 मतों के अंतर से जीत हासिल की। तीसरे नंबर पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रेमलता को महज 2,014 मत प्राप्त हुए।

इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 23 जून को केवल 43.75 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस चुनाव में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में थे। हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद आप नेता राघव चड्ढा के इस्तीफे से यह सीट खाली हो गई थी। यह उपचुनाव दिल्ली में आप और भाजपा दोनों राजनीतिक दलों के लिए बेहद अहम माना जा रहा था।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दुर्गेश पाठक को बधाई देते हुए ट्वीट किया, प्यारे भाई दुर्गेश पाठक को राजेंद्र नगर विधानसभा से विधायक चुने जाने पर बहुत बहुत बधाई। आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता साथियों को भी जीत की बधाई। दिल्ली की जनता के दिल में अरविंद केजरीवाल जी का जलवा है।



## लोगों ने भाजपा की गंदी राजनीति को हराया : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव में अपनी पार्टी की जीत को भाजपा की गंदी राजनीति की हार बताया। साथ ही उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया।

अरविंद केजरीवाल ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि राजेंद्र नगर के लोगों का दिल से आभार। लोगों के इस अथाह स्नेह और प्रेम का वह आभारी है। यही उन्हें और अधिक मेहनत एवं सेवा करने के लिए प्रेरणा देता है।

## फैसले का सम्मान करते है : भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी राजेश भाटिया को मिले जनआशीर्वाद के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है। भाजपा इस जनादेश का सम्मान करती है। भाजपा कार्यकर्ता इस चुनाव की भांति आगे भी और अधिक ताकत के साथ रणक्षेत्र में उतरेंगे। जिस तरह से भाजपा और राजेन्द्र नगर की जनता ने दिन रात एक करके विधानसभा उपचुनाव में जो मेहनत की है, वह व्यर्थ नहीं जाएगी। भाजपा विपक्ष में रहते हुए भी दिल्ली वालों की समस्याओं के लिए आवाज उठाती रहेगी।

## आपत्तिजनक संदेश भेज कर छात्रा को परेशान करने वाला स्कूल कर्मी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कंझावला इलाके में एक स्कूली छात्रा के मोबाइल फोन पर आपत्तिजनक संदेश भेज कर उसे परेशान करने के आरोप में स्कूल प्रबंधन समिति (एमएमसी) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता छात्रा कंझावाला में एक सरकारी स्कूल में पढ़ती है।

पुलिस उपायुक्त प्रणव तयाल ने कहा कि एसएमसी के एक सदस्य के तौर पर प्रदीप को विधायक ने नियुक्त किया था।

आरोपी ने छात्रा के मोबाइल फोन पर कथित तौर पर आपत्तिजनक संदेश भेजे थे। कंझावाला पुलिस थाने में प्रदीप के खिलाफ इस सिलसिले में भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न और यौन उत्पीड़न के लिए सजा) तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 12 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। कंझावाला निवासी प्रदीप को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निगम कर्मियों को दिया जाएगा आपदा से निपटने का प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के सहयोग से 30 जून से शुरू होगा कार्यक्रम

दिल्ली नगर निगम अपने 100 कर्मचारियों को कुशल आपदा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के सहयोग से प्रशिक्षित करेगा। जिससे किसी भी प्राकृतिक आपदा और स्थिति से कुशलता से निपटा जा सके।

निगम के अनुसार इसके लिए पहले चरण में दिल्ली नगर निगम के 100 कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए चिन्हित किया गया है जिसमें बेलदार, माली और तकनीकी कर्मचारी शामिल होंगे। इस प्रकार चरणवार रूप से कर्मचारियों के प्रशिक्षण कि व्यवस्था की जाएगी।

बता दें कि इन 30 जून 2022 से उद्योग सदन, पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र स्थिति शाहदरा दक्षिणी जोन के कार्यालय में इन कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रया बल को पत्र लिखकर उद्योग सदन, पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र स्थित शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के कार्यालय के सभागार और खुले मैदान जैसी उपलब्ध सुविधाओं के साथ ही भवन का निरीक्षण करने का अनुरोध किया गया है जिससे ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम को बेहतर तरीके से चलाया जा सके।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा कर्मचारियों को प्राइमरी रिस्पांडर बनने के लिए एक बुनियादी प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसमें बचाव, प्राथमिक चिकित्सा, टीम समन्वय, उखड़े हुए पेड़ों, इमारत के मलबे को हटाने के दौरान पालन किए जाने वाले सुरक्षित अभ्यास शामिल होंगे।

# सिपाही ने दी लड़की को धमकी साइबर क्राइम सेल को नोटिस

● सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर हरकत में आया महिला आयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग ने सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो पर दिल्ली पुलिस साइबर क्राइम सेल को नोटिस जारी किया जिसमें एक आदमी एक लड़की के साथ दुर्व्यवहार करता और धमकी देता दिखाई दे रहा है।

महिला आयोग ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो पर स्वतः संज्ञान लिया है। उक्त वीडियो में, एक व्यक्ति को एक छोटी लड़की को अत्यधिक गालियां देते हुए और उस लड़की से सम्बंधित धार्मिक समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुना जा सकता।

वीडियो में आदमी स्पष्ट रूप से छोटी लड़की को डराता हुआ दिख रहा है, और बच्ची भयभीत और चकित दिखाई दे रही है। वह आदमी उसी वीडियो में एक छोटे लड़के को भी धमकाता है और गाली देता है और एक विशेष धार्मिक समुदाय से संबंधित होने के कारण उसे निशाना बनाता है। वीडियो में आदमी लड़की से पूछता है कि क्या वह एक विशेष धर्म से संबंधित है, फिर उसे पीटने की धमकी देता है और धमकी देकर उसके धर्म को गाली देने के लिए कहता है। मालीवाल ने पुलिस साइबर क्राइम सेल को नोटिस जारी कर मामले में एफआईआर दर्ज करने और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। आयोग ने उक्त वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों की भी जानकारी मांगी है।

# दस साल से अटकी है विश्व स्तरीय स्किल यूनिवर्सिटी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● गांवों के युवकों को प्रशिक्षण से रखा जा रहा वंचित : नेता प्रतिपक्ष

दक्षिण दिल्लीके गांव जौनापुर में वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर और दिल्ली स्किल यूनिवर्सिटी न खुल पाने पर दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों से यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अटकी हुई है।

बिधूड़ी ने इस मामले में उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि वह वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर और स्किल यूनिवर्सिटी शुरू कराने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करें क्योंकि ऐसा न होने से हजारों छात्रों को तकनीकी शिक्षा और रोजगार से वंचित रखा जा रहा है।जौनापुर गांव में रविवार को हुई महापंचायत को संबोधित करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि जौनापुर गांव में वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर और यूनिवर्सिटी खोलने का प्रस्ताव दिल्ली केबिनेट ने 2 जुलाई 2012 को पास किया था। यह यूनिवर्सिटी सिंगापुर के सहयोग से खोली जानी थी और दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में इस पर 17 जुलाई को एमओयू भी साइन हुआ था। हैरानी की बात यह है कि दस साल बीत जाने के बाद भी अभी यह प्रोजेक्ट सपना ही बना हुआ है।

यह प्रोजेक्ट कुल मिलाकर 37.11 एकड़ जमीन पर बनाया जाना था जिसमें से 31 एकड़ जमीन तो तुरंत ही मिल गई थी। तब इस जमीन पर कब्जा करने के लिए 2.74 करोड़ की लागत से कांटेदार तार लगाकर कब्जा ले लिया गया था लेकिन बाकी जमीन के चक्कर में यह प्रोजेक्ट लटक रहा है। यह प्रोजेक्ट कितना महत्वाकांक्षी है, इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि इस पर 300 करोड़ खर्च होने थे जिसमें से बड़ा हिस्सा सिंगापुर सरकार ने खर्च करना था। हर साल 10 हज़ार छात्रों को शिक्षित-प्रशिक्षित किया जाना था।

# रोबोट की मदद से बुझाई गई प्लास्टिक गोदाम में आग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● रोबोट पर गर्मी, धुआं और आग का अधिक असर नही होता है और इन्हे 300 मीटर की दूरी से संचालित किया जा सकता है

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के बादली इलाके में रविवार को प्लास्टिक के एक गोदाम में लगी भीषण आग को रोबोट के मदद से बुझाया गया। इस घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल की 36 गाड़ियों को भेजा गया था और रविवार दोपहर करीब दो बजकर 10 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल विभाग को तड़के दो बजकर 18 मिनट पर रोहिणी जेल के पीछे बादली इलाके में आग लगने की सूचना मिली। आग प्लास्टिक के दानों के गोदाम में लगी थी। इस बार आग पर काबू पाने के लिए व्यापक पैमाने पर एक रोबोट का इस्तेमाल किया। उन्हें पता नहीं था कि गोदाम के अंदर क्या है। यह एक भीषण आग थी और जिस गोदाम में आग लगी थी वह पिछले दो वर्षों से बंद पड़ा हुआ था। रोबोट की मदद से गोदाम के अंदर पानी का छिड़काव किया और दमकल कर्मी आग के संपर्क में नहीं आए।



अधिकारियों के अनुसार आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल की 36 गाड़ियों को भेजा गया था और अपराह्न करीब दो बजकर 10 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। दमकल विभाग द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में इमारत से धुआं उठते हुए दिखाई दे रहा है, जबकि एक लाल रंग का रोबोट आग बुझाने के लिए इमारत में पानी का छिड़काव कर रहा है।

गौरतलब है कि मई में दिल्ली सरकार ने संकरी गलियों में दमकलर्मियों की पहुंच बढ़ाने और दुर्गम स्थानों तक पहुंचने के लिए शहर के अग्निशमन बेड़े में दो रिमोट-चालित रोबोट शामिल किए थे। इन रोबोट पर गर्मी, धुआं और आग का अधिक असर नहीं होता है और इन्हें 300 मीटर की दूरी से संचालित किया जा सकता है।

# उद्धव ठाकरे के समर्थन में शिवसैनिकों का विरोध

**नई दिल्ली।** शिव सेना दिल्ली प्रदेश के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने रविवार को जंतर-मंतर पार्टी प्रमुख व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समर्थन में प्रदर्शन किया जिसका नेतृत्व प्रदेश प्रमुख मंगतराम मुंडे ने किया। प्रदर्शनकारी शिवसैनिकों ने उद्धव ठाकरे संघर्ष करो-हम तुम्हारे साथ हैं तथा उद्धव ठाकरे जिन्दाबाद जैसे नारे लगाते हुए शिव सेना का शक्ति प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सच्चा शिव सैनिक बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों पर चलते हुए आज अपने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे साहब से साथ खड़ा है और खड़े रहेगा। जो लोग पार्टी को कमजोर कर रहे हैं वह बाला साहेब ठाकरे के आदर्शों को मानने वाले नहीं हो सकते।

प्रदेश प्रमुख मंगतराम मुंडे ने कहा कि आज सभी शिव सैनिक अपने पार्टी प्रमुख के साथ खडे हैं और किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होने आव्हान किया कि मुम्बई में उद्धव ठाकरे साहब संघर्ष करें हम दिल्ली के शिव सैनिक जी-जान से उनके साथ खडे हैं। उन्होने कहा कि जो लोग सत्ता के लालच में शिव सेना को कमजोर कर रहे हैं उन्हे कडा सबक सिखाया जाय।




जंतर मंतर पर प्रदर्शन करते शिवसैनिक।

## संक्षिप्त समाचार



लोकार्पण के मौके पर मनोज तिवारी व अभिनेत्री अमीषा पटेल।

### मनोज तिवारी ने किया खजूर पार्क का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** सांसद मनोज तिवारी ने जगत पुरी विस्तार में डीडीए द्वारा निर्मित पार्क का लोकार्पण किया और मशहूर अभिनेत्री अमीषा पटेल पुलिस सांसद पत्नी सुरभी तिवारी पुलिस आयुक्त की पत्नी अनु अस्थाना के साथ 5000 जरूरतमंद महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए इस अवसर पर नवीन शाहदरा के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार महामंत्री मनोज त्यागी डॉक्टर यू के चौधरी पूर्व पार्षद वीर सिंह पवार प्रवेश शर्मा रीना माहेश्वरी भाजपा नेता बीरेंद्र खंडेलवाल विकास त्यागी सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिवेदी बबलू प्रजापति मनोज पांचाल लाखाराम प्रधान मंडल अध्यक्ष विकास हांडा देवेंद्र शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कई फिल्मी डायलॉग भी सुनाएं संबोधन के बाद सभी ने मिलकर 15000 सेनेटरी नैपकिन कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं में बांटे और सांसद मनोज तिवारी ने आगे भी इस क्रम को जारी रखने का संकल्प लिया क्षेत्र के लोगों ने फ्लाईओवर के नीचे अशोकनगर में पुलिस वूथ बनाने की मांग कर डाली तो उसे पूरा करने का वादा अनु अस्थाना ने किया।

### प्लास्टिक प्रतिबंध के लिए मांगा एक साल और

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को भेजे पत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की अंतिम तिथि 1 जुलाई, 2022 को एक वर्ष के समय के लिए एक वर्ष आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। इसके साथ ही गंभीर मुद्दे पर एक संयुक्त समिति का गठन की मांग की है जिसमें सरकारी अधिकारियों और हितधारकों के प्रतिनिधियों को एकल उपयोग प्लास्टिक के समान विकल्पों का सुझाव देने का एक समयबद्ध निर्देश जारी किया जा सके है। ताकि बिना किसी व्यवधान के एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग बंद कर सके। यह पत्र महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित होने वाले कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के सभी राज्यों के 100 से अधिक व्यापारी नेताओं द्वारा इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श के बाद जारी किया गया ।

### जेएनयू का ढाबा-कैंटीन 3० जून तक होगा बंद

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में कई कैंटीन और ढाबों के मालिकों से लाखों रुपए की बकाया राशि का भुगतान करने और 30 जून तक विश्वविद्यालय परिसर को खाली करने का निर्देश दिया है। विश्वविद्यालय ने आरोप लगाया कि इन दुकानों को उचित निविदा प्रक्रिया का पालन किए बिना आवंटित किया गया था।जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संयुक्त रजिस्ट्रार एमके पचौरी ने 22 जून को कई कैंटीन मालिकों को भेजे गए नोटिस में उनसे पत्र जारी होने के सात दिन के अंदर संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करने को कहा है। इस बीच, परेशान दुकान मालिकों को अपनी आजीविका खोने का डर है और बकाया भुगतान के लिए पैसे की व्यवस्था करना उनके लिए मुश्किल हो रहा है। उनके अनुसार, परिसर में 10 कैंटीन ढाबों फॉटो कॉपी की दुकानों को ये नोटिस दिए गए हैं। विवि ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नोटिस का पालन करने में विफल रहता है तो वह सार्वजनिक परिसर ( बेदखली की कार्यवाही के लिए उत्तरदाई होगा। नोटिस में कहा गया है इस पत्र के जारी होने की तारीख से सात दिन के अंदर उन्हें बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है। जेएनयू के रेक्टर अजय दुबे ने मीडिरूया से बातचीत में स्पष्ट किया कि उन दुकान मालिकों को नोटिस दिया गया है जिन्होंने लंबे समय से किराए और बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कई दुकान उचित प्रक्रिया के तहत आवंटित नहीं की गई थीं।

# द्वारका सेक्टर-21 और सेक्टर-25 के बीच मेट्रा का ट्रायल रन शुरू

## इस सेक्शन के पूरा होने से नई दिल्ली से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन कॉरिडोर 24.70 किलोमीटर लंबा हो जाएगा : डीएमआरसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर 21 और द्वारका सेक्टर 25 इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) के बीच ट्रायल रन शुरू हो गया है।

जल्दी ही इस लाइन पर सफर का लाभ उठा सकेंगे यात्री। द्वारका सेक्टर 25 यह भूमिगत स्टेशन है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्टीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को द्वारका सेक्टर-21 से जोड़ने वाली वर्तमान में परिचालित एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन का विस्तार है। इस सेक्शन के पूरा होने से नई दिल्ली से द्वारका सेक्टर-25 एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन कॉरिडोर 24.70 किलोमीटर लंबा हो जाएगा।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रमुख कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) अनुज दयाल ने बताया कि ट्रायल रन के दौरान, सिग्नलिंग सिस्टम का परीक्षण किया जाता है। ट्रायल रन के पूरा होने के बाद मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त सहित विभिन्न स्वीकृत प्रदान करने वाले प्राधिकारियों द्वारा इस सेक्शन का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद उनसे मिले अहम सुझावों के बाद इस कॉरिडोर को यात्रियों के आवागमन हेतु खोल दिया जाएगा। इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर को भारत के सबसे बड़े प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे कन्वेंशन सेंटर, ऑडिटोरियम, होटल, ऑफिस स्पेस आदि से युक्तसुविधाओं वाला यह सेंटर वर्तमान में निर्माणाधीन है। आईआईसीसी स्थित मेट्रो स्टेशन इस नए सेंटर के लिए सुगम यातायात प्रदान करेंगा। यह स्टेशन जमीन से करीब 17 मीटर की गहराई पर बन रहा है। स्टेशन में पांच प्रवेश, निकास द्वारा होंगे जिन पर यात्रियों की सुगम आवाजाही लिए 14 एस्केलेटर, पांच लिफ्टों के साथ-साथ सीढ़ियों की सुविधा भी होगी। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के अन्य स्टेशनों की तरह इस स्टेशन में भी फुल-हाइट प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर होंगे। इस नए कन्वेंशन सेंटर के आसपास सेवाएं मुहैया कराने के अलावा, यह नया स्टेशन द्वारका सेक्टर 25 और सेक्टर-26 के निवासियों के साथ-साथ नजदीक ही स्थित गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ नए सेक्टरों को भी मेट्रो से जोड़ने का काम करेगा। इन क्षेत्रों के निवासी लगभग आधे घंटे में मध्य दिल्ली में पहुंच सकेंगे।

# हम उजाला चाहते हैं तो हमें अंधेरों को भी याद रखना होगा : जेपी नड्डा

## आपातकाल को देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक काला अध्याय बताया

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि भारत के जन-जन की मूल विचारधारा लोकतंत्र ही रही है, जिसने आखिरकार आपातकाल की तानाशाही को उखाड़ फेंका। वे रविवार को गुरुग्राम की बादशाहपुर विधानसभा के बूथ नंबर-338 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे।

उन्होंने आपातकाल की घटना को साझा करते हुए कहा कि उन्हें कालेज की क्लास से अरेस्ट किया गया था। आपातकाल का विरोध करने वाले हजारों लोगों को जेल में लंबे समय तक बंदी बनाकर रखा गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय मूल विचारधारा के कारण ही हम प्रजातांत्रिक हैं। इस तरह अब यही लोकतांत्रिक सोच मोदी के नेतृत्व में लगातार खुशहाल एवं विकसित होती जा रही है।

श्रीनड्डा ने कहा कि अगर हम उजाला चाहते हैं, तो हमें अंधेरों को भी याद रखना होगा। इसलिए हमें आपातकाल को याद रखकर लोकतंत्र को लगातार मजबूत करने के लिए काम करना होगा। जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि सभी को मन की बात कार्यक्रम बूथ पर सामूहिक रूप से सुनना चाहिए, इससे बूथ का सुदृढ़ीकरण होगा। यह कार्यक्रम ड्राइंगरूम में अकेले बैठकर सुनने का नहीं है, बल्कि सामूहिक रूप से बूथ पर बैठकर सुनने का है। श्रीनड्डा ने कहा कि मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम कार्य को एक्टिविटी में बदलने की प्रेरणा देता है। इसलिए, हम सभी को सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम में उठाए गए सामाजिक विषयों पर चर्चा करने के साथ-साथ इन्हें अपने जीवन में भी उतारना चाहिए। श्रीनड्डा के कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी राजनीतिक बात नहीं की। इसमें उन्होंने हमेशा जनजागरण और देश के समन्वित विकास की गहरी से गहरी बात की। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण, विज्ञान, ग्रामीण विकास, खेलकूद और नव निर्माण पर महीन से महीन चर्चा करते हुए इसे देश के जन-जन तक पहुंचाया।

मन की बात हमें सामाजिक, आध्यात्मिक और जन जागरण की एक सामूहिक प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि हम सब इसी तरह रविवार को सामूहिक रूप से बूथ पर बैठकर ही मन की बात सुनें। इससे पार्टी की और प्रधानमंत्री मोदी जी की विकासित सोच जन-जन में अधिक लोकप्रिय होगी। साथ ही इस तरह के आयोजन से हमारे बूथों का और सुदृढ़ीकरण भी होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश के मंत्री बनवारी लाल, सांसद सुनीता दुग्गल सहित अनेक नेता मौजूद रहे।



गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा अध्यक्ष ओपी धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल।

# विधायक ने लेजरवैली पार्क में किया वाटर कूलर का शुभारंभ



लेजरवैली पार्क में वाटर कूलर का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## प्रधान नारायण सिंह ने फूलमाला पहना कर किया सुधीर सिंगला विधायक का स्वागत

**महाराणा** प्रताप पार्क में राष्ट्र संत मुनि तरुण सागर के 55वें जन्म दिवस पर समाजसेवी रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रविंद्र जैन एडवोकट द्वारा वाटर कूलर लगाया गया, जिसका उद्घाटन गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला द्वारा किया गया। इस मौके पर लेजरवैली पार्क (महाराणा प्रताप पार्क) के प्रधान नारायण सिंह ने फूलमालाएं पहनाकर विधायक का स्वागत किया।

विधायक सुधीर सिंगला ने रविंद्र जैन द्वारा किए गए इस कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रविंद्र जैन गुरुग्राम में सामाजिक कार्य में सबसे अग्रणी हैं। चाहे रोटरी क्लब के माध्यम से ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर हो, वॉटर कूलर लगवाना, गरीब बच्चों को शिक्षा देनी हो, वे हमेशा अग्रणी रहते हैं। इस अवसर पर पवन गुप्ता, संदीप जैन, ओमबीर सिंह, अनूप सिंह पार्षद, सूरज समेत काफी लोगों ने यहां शिरकत की और प्रसाद ग्रहण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी रंजिश में हुए झगड़े में 112 आरोपियों पर केस दर्ज

**सोहना।** सांप की नंगली में नगर परिषद चुनाव परिणाम के तुरन्त बाद 22 जून को दो गुटों के बीच हुए झगड़े में शहर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली शिकायतों के आधार पर 13 नामजद समेत करीब 112 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों की पक्ष ने झगड़े में लाठी, डंडा व पथराव करने का आरोप लगाया है। महिलाओं के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और आभूषण लूटने के आरोप भी लगाए गए हैं। मालूम रहे कि 22 जून को नगर परिषद चुनाव का परिणाम आने के कुछ मिनट बाद वार्ड-20 के गांव सांप की नंगली में दो गुटों लोगों में मंदिर पर झगड़ा हो गया था। इस झगड़े में दोनों की गुटों पुरुष व महिलाओं द्वारा झगड़े में हिस्सा लिया था। जिसमें महिलाओं पर लाठी, डंडों से हमला किया गया। उन्हे जमीन पर गिराते हुए मारा व गलत नीयत से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाएं हैं। इस झगड़े में छह महिलाएं समेत दो युवकों को चोटें लगी थीं। जिन्हें नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया था। पुलिस ने पंकज देवतवाल और संगीता द्वारा मिली शिकायतों के आधार पर झगड़े से तीन दिन बाद मिली शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर लिए हैं। किसी भी गुट के आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाजपा तिगांव मंडल पदाधिकारियों की बैठक



भाजपा तिगांव मंडल की बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद।** भाजपा तिगांव मंडल के गांव कौराली में पदाधिकारी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तिगांव मंडल प्रभारी नंदकिशोर शर्मा और मंडल अध्यक्ष गिरिज त्यागी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में आज प्रसारित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर सुना तथा मन की बात कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात मंडल के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति व जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के बारे में चर्चा की। इस बैठक में मंडल महामंत्री कर्मवीर अधाना व महामंत्री नेपाल भाटी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सपना पाराशर, मंडल सचिव माला भाटी व संगीता त्यागी, मंडल सचिव तिलक भाटी, मीडिया प्रभारी सुधीर मेहता, कोषाध्यक्ष भीमसेन कौशिक व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### अच्छे भविष्य को खुलवाएं सुकन्या समृद्धि योजना खाता

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि बालिकाओं के अच्छे भविष्य के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का जिले के किसी भी डाकघर या बैंक में खाता खुलवाया जा सकता है, क्योंकि माता-पिता द्वारा इस खाते में जोड़ा गया पैसा बालिका को अपने जीवन में आगे बढ़ने में सहायता करेगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत खाता कम से कम 250 रुपये में खोला जा सकता है। एक वर्ष में अधिक से अधिक खाते में एक लाख 50 हजार रुपये जमा करवाए जा सकते हैं। सरकार द्वारा जमा राशि व परिपक्वता राशि पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है। डीसी ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी की आयु 18 वर्ष की होने के बाद जब भी शादी करें, खाता बंद करवा सकते है। विवाह से एक माह पहले या तीन महीने बाद तक खाता बंद करवाया जा सकता है। माता-पिता अपनी बेटी की शिक्षा, शादी हेतु थोड़ा-थोड़ा करके पैसा जमा करवाकर चक्रवृद्धि ब्याज पर पैसा जोड़ सकते है।

# पद्म पुरस्कार के लिए 15 सितंबर तक करें आवेदन : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर घोषित किए, जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया गत 01 मई 2022 से शुरू हो चुकी हैं और नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2022 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड्स.जीओवी.इन पर ही ऑनलाइन स्वीकार की जाएगी।

डीसी जितेन्द्र यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पद्म पुरस्कार, अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। अधिक विवरण वेबसाइट एमएचए.जीओवी.इन और पद्म पुरस्कार पोर्टल पदमाअवाड्स.जीओवी.इन पर पुरस्कार और पदक' पर उपलब्ध है।

# 64 किलो गांजा के साथ महिला व पुरुष गिरफ्तार

## ट्रक में प्रिंट पेपर रील के बीच में छिपा रखा था 64 किलो 38 ग्राम गांजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**थाना** बिलासपुर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे संख्या-48 पर एक ट्रक से 64 किलो 380 ग्राम अवैध गांजा समेत एक महिला व एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। वे ट्रक के चालक केबिन के अलावा ट्रक में भरे प्रिंट पेपर रील के डिब्बों के बीच गांजा छिपाकर ले जा रहे थे। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने ट्रक व नशीला पदार्थ कब्जे में ले लिया। बिलासपुर थाना प्रभारी अजय कुमार के मुताबिक महिला और पुरुष के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली जयपुर नेशनल हाईवे पर पुराना बिलासपुर टोल बैरियर के निकट एएसआई चंदगीराम नाके पर पुलिस टीम के साथ वाहनों की जांच के लिए मौजूद थे। उसी दौरान मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि धारूहेड़ा से एक ट्रक में महिला और पुरुष अवैध रूप से गांजा लेकर दिल्ली के लिए जा रहे हैं। यदि एएसआई चंदगी राम ने गुरुग्राम माइनिंग ऑफिसर अनिल कुमार को फोन पर पूरे मामले की जानकारी दी और बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट आने का अनुरोध किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट अनिल कुमार की मौजूदगी में एएसआई चंदगीराम, सिपाही अमित, महिला पुलिसकर्मी मनीता, सिपाही रवि पुराना बिलासपुर टोल बैरियर पर वाहनों की जांच के लिए नाकाबंदी कर तैनात हो गए। इसी दौरान जैसे ही धारूहेड़ा की तरफसे बताया गया ट्रक सर्विस रोड पर टोल बैरियर के निकट पहुंचा तो सामने पुलिस को देखकर ट्रक का चालक ट्रक को वहीं छोड़ मौके से फरार हो गया। शक होने पर पुलिस ने संबंधित ट्रक के पास पहुंचकर चालक केबिन में बैठे महिला और पुरुष से उनका नाम पता पूछा। इसके उपरांत उन दोनों की तलाशी लेने के लिए कहा गया। पुलिस को तलाशी में महिला और पुरुष के कब्जे से तथा चालक केबिन सहित ट्रक में रखें प्रिंट पेपर रेल के डिब्बों के बीच पैकेटों से कॉल 64 किलो 380 ग्राम गांजा बरामद हुआ।



गुरुग्राम-जयपुर हाईवे पर बिलासपुर के पास ट्रक से गांजा बरामद होने के दौरान गिरफ्तार आरोपी महिला व पुरुष।

# देश की वायुसेना अंतरिक्ष में भी जलवा बिखरने को तैयार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## मन की बात देती है हर दिन देशवासियों को ताजगी का अहसास

**एक** महीने में दूसरी बार गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया। ओमप्रकाश धनखड़ ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को उनके अब तक के अमृत पथ की एक यात्रा बताया।

उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम नवनीत की तरह है, जो हर दिन हम सब देशवासियों को ताजगी का अहसास देती है। प्रसारित कार्यक्रम मन की बात का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार के कार्यक्रम में चरैवेति-चरैवेति कहावत की सटीक व्याख्या की है। प्रधानमंत्री मोदी ने हम सबका परिचय भारत की तरक्की और गतिविधियों से कराया है। श्रीधनखड़ ने स्पेस में भारतीय वैज्ञानिकों और स्टार्टअप की गतिविधियों की जानकारी मन की बात के तहत प्रधानमंत्री मोदी से मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी की अथक कार्य सेवाभाव का ही परिणाम है कि आज देश की वायुसेना आकाश ही नहीं, अंतरिक्ष में भी अपना जलवा बिखरने को तैयार है। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ व केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत का कार्यक्रम के संयोजक पार्षद कुलदीप यादव, राजेंद्र यादव और जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला, जिला महामंत्री मनीष गाडोली व महेश यादव ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश के मंत्री बनवारी लाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, शहजाद पूनेवाला, राजीव जेटली, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, विधायक सत्यप्रकाश जरावता, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, आईटी हेड अरूण यादव मौजूद रहे। मीडिया सह-प्रमुख अरविंद सैनी ने बताया कि पिछले महीने राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को अचानक फोन कर गुरुग्राम में मन की बात के 89वें कार्यक्रम को सुनने की इच्छा जताई थी तो प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर सरस्वती मंडल के 273 नंबर बूथ पर तुरंत शानदार कार्यक्रम आयोजित कर दिया गया। अब 90वां कार्यक्रम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गुरुग्राम जिले में सुनने से जिले के कार्यकर्ता गदगद हैं।



गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते हरियाणा अध्यक्ष ओपी धनखड़।

## एससी मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर में भी पहुंचे नड्डा

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व ओपी धनखड़ मन की बात कार्यक्रम के बाद रविवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में चल रहे एससी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर भी पहुंचे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रशिक्षण शिविर के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार फुलवारिया, राष्ट्रीय महामंत्री संजय निर्मल, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार आदि उपस्थित रहे।

## अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा शहर में अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाही करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने 2 अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शेखर और मनोज उर्फ भीकम बल्लभगढ़ के गांव गढ़खेड़ा के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपियों को अपने सूत्रों से बल्लभगढ़ के गांव गढ़खेड़ा से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपियों से देसी कट्टा के साथ जिंदा रौंद बरामद हुआ है। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर बल्लभगढ़ में अवैध हथियार रखने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कंपनियों को रिकॉल से बचने के लिए उत्पादों में सुधार जरूरी : दीपक पांडा



गुरुग्राम में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज की ओर से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पेश किए गए नए रिकॉल कोड विषय पर सेमीनार में बोलते मारुति सुजुकी के कार्यकारी उपाध्यक्ष दीपक कुमार पांडा।

## मारुति सुजुकी के कार्यकारी उपाध्यक्ष ने कही ये बात

## फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज की ओर से हुआ सेमीनार

**गुरुग्राम।** मारुति सुजुकी के कार्यकारी उपाध्यक्ष दीपक कुमार पांडा ने कहा कि नए रिकॉल कोड के अनुसार सरकार कंपनियों से उत्पादों में किसी भी तरह की गैर-अनुरूपता की स्थिति में रिकॉल जारी करने के लिए कह सकती है। यह बात उन्होंने रविवार को फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज की ओर से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पेश किए गए नए रिकॉल कोड विषय पर सेमीनार में कही।

उद्योगों पर नए रिकॉल कोड के महत्व और प्रभाव पर उन्होंने बताया कि कैसे कंपनियों को ऐसे रिकॉल से बचने के लिए अपनी प्रक्रियाओं और उत्पादों में सुधार करने की आवश्यकता है। दीपक कुमार पांडा ने यह भी बताया कि अगर कंपनियां डीलर आपकी शिकायत पर सुनवाई नहीं करते तो आप सीधे वाहन नामक साइट पर भी इसकी शिकायत कर सकते हैं। दीपक कुमार पांडा से उपस्थित उद्योगपतियों द्वारा इस बारे में कुछ सवाल भी पूछे गए। उन्होंने सभी सवालों के जवाब उद्योगपतियों को दिए। उद्योगपतियों द्वारा इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मिंडा इंडस्ट्रीज, लुमैक्स तथा अल्ट्रा इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सेमीनार में मारुति सुजुकी के सहायक महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता ने भी इस विषय पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में वरिष्ठ उद्योगपति मदन जिंदल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगपतियों को तकनीकी जानकारी देना था। इस तरह के कार्यक्रम सभी औद्योगिक संस्थाओं को समय-समय पर करवाने चाहिए। उन्होंने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि वह हर समय उनके साथ हैं। उद्योगपतियों की जो भी समस्या है, वे सरकार से मिलकर उसका समाधान करवाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगपतियों को अप्रैल 2021 में शुरू हुए रीकॉल कोड की जानकारी देना था। अगर आपकी गाड़ी में किसी प्रकार की कोई तकनीकी खराबी पाई जाती है तो आप इस बारे में कंपनी को सूचित कर सकते हैं। कंपनी को इस तरह की गाड़ियों को भी कॉल करना ही होगा। मंच संचालन करते हुए संस्था के महासचिव रवि एसपी अग्रवाल ने सभी उपस्थित उद्योगपतियों का धन्यवाद किया। उन्होंने मारुति के कार्यकारी उपाध्यक्ष दीपक कुमार पांडा से अनुरोध किया कि फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल को मारुति उद्योग में दौरा करने का अवसर दिया जाए, ताकि फेडरेशन के सदस्य मारुति उद्योग लिमिटेड की कार्य प्रणाली को समझ सकें। जिस पर दीपक कुमार पांडा ने जल्द ही सहमति भेजने की बात कही।

# सोहना से पलवल और नूंह जाने वाले मार्गों पर खर्च होंगे 122 करोड़ रुपये

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**लोक** निर्माण विभाग बरसात के मौसम बाद सोहना से नूंह तथा सोहना से पलवल के बीच दो राष्ट्रीय मार्गों का सुधारीकरण करेगा। जिसके लिए 122 करोड़ रुपये के टेंडर छोड़े गए है। सोहना में सर्विस रोड पर खुले वर्क शॉप से लेकर अवैध रेहड़ियां और कब्जों को जल्द हटाया जाएगा।

सोहना से नूंह और सोहना से पलवल जाने वाले राष्ट्रीय मार्गों की जर्जर हालत को बरसात के मौसम में बाद सुधार किया जाएगा। सोहना से नूंह के बीच 19 किलोमीटर लंबे इस राष्ट्रीय 248ए मार्ग के साथ शहरी क्षेत्र में रायपुर तक बना सर्विस रोड़ का दुकानदारों से लेकर होटल, ढाबे, रेहड़ी लगाने वालों ने नामोनिशान ही मिटा दिया है।

शहर के दमदमा मोड़ से लेकर रायपुर के बीच करीब तीन किलोमीटर की दूरी में राष्ट्रीय मार्ग के दोनों तरफ बना सर्विस रोड पर 300 से 350 दुकानदारों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। इस मार्ग के सुधारीकरण पर करीब 86 करोड़ रुपये का टेंडर छोड़ दिया है। इस मार्ग से राजस्थान के शहर अलवर, जयपुर व अन्य शहर को जाने वाले यात्रियों को लाभ होगा।



सोहना में नूंह-गुरुग्राम मार्ग के साथ बने सर्विस रोड पर बना एक ढाबा।

## सोहना से पलवल मार्ग का 36 करोड़ का टेंडर

**सोहना** से पलवल जाने वाले 29 किलोमीटर की दूरी में सुधारीकरण पर लोक निर्माण विभाग 36 करोड़ रुपये का कार्य करेगा। जिसमें धतीर गांव में सड़क के दोनों तरफ पानी निकासी के लिए नाला बनाया जाएगा। जिसकी लंबाई करीब एक किलोमीटर की होगी। ताकि सड़क के ऊपर घरेलू या बारिश का पानी न आ सके। मार्ग के सुधारीकरण से सोहना और पलवल के बीच बसें गांवों से लेकर आगरा, मथुरा, अलीगढ़, कोसी, जेवर, लखनऊ जाने वाले यात्रियों को सफर सुहाना होगा।

> **लोक** निर्माण किसी भी मार्ग पर पानी को आने से रोकेगा। ताकि घरेलू या बारिश का पानी सड़क पर जमा न हो। जरुरत पड़ने पर ऐसे स्थानों पर सड़क को जमीन से उठाकर बनाया जाएगा।
>
> **अजीत सिंह**
> (एसडीओ लोक निर्माण विभाग)

## अग्निपथ के विरोध में कांग्रेस का आज अनाज मंडी में धरना

**सोहना।** केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस पार्टी सोमवार को अनाज मंडी में धरना देगी। इस धरने में सोहना विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध के सड़कों पर उतरने का फैसला लिया है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज सोहना अनाज मंडी में अग्निपथ योजना के विरोध में तीन घंटा धरना पर बैठेंगे। इस धरना में सोहना विधानसभा क्षेत्र के शहर सोहना और तावडू समेत सभी गांवों से कार्यकर्ता आएंगे। धरना को लेकर पार्टी ने अपनी तैयारियां रविवार से ही शुरू कर दी हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता बीरसिंह नंबरदार ने बताया कि कार्यकर्ताओं को अपने साथ अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को लेकर आने की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें बेरोजगार युवा भारी मात्रा में पहुंचेंगे। जिन्हें रोजगार देने के नाम पर केंद्र की भाजपा सरकार ऊंचे सपने दिखा रही है।

# रिलायंस रिटेल के ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल का आगाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** की सबसे हॉट फैशन सेल द ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल आज से शुरू हो गया है। ट्रेंड्स, भारत का सबसे बड़ा फैशन रिटेलर है, जोकि अपने ऑन-ट्रेंड, सबसे नए स्टाइल और हाई-ऑन फैशन के लिए जाना जाता है। अपने नाम के अनुरूप, 'ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल' फैशन की अब तक की सबसे बड़ी सेल है। इसमें 10000 से अधिक परिधानों पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। इसमें पुरुषों, बच्चों और महिलाओं के परिधान आपका इंतजार कर रहे हैं। देशभर के ग्राहकों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते हुए कम कीमतें, शानदार ऑफर, निश्चित उपहार, पुरस्कार और पॉइंट्स ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल की इस सेल को आकर्षक बनाते हैं। यहां आपको कम कीमतों पर नवीनतम स्टाइल और बेजोड़ डील्स मिल सकेंगी। देश में फैशन के प्रति उत्साही लोगों के लिए, ट्रेंड्स अब जाना पहचाना स्थान बन गया है। यह विशेष रूप से डिजाइन किये गए पुरुषों और महिलाओं के परिधानों और एक्सेसरीज के बड़ी रेंज रखता है। ट्रेंड्स के भारत में सभी फॉर्मेट में 850 से अधिक शहरों में 1500 से अधिक स्टोर हैं। ट्रेंड्स में 100 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिधान और एक्सेसरी ब्रांड के साथ-साथ पुरुषों, महिलाओं और बच्चों, हर ग्राहक की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने सभी ब्रांड हैं।



# नरकीय की जिंदगी जी रहे फ्रेंड्स कालोनी के निवासी

**कविता। फरीदाबाद**

**ओल्ड** फरीदाबाद स्थित फ्रेंडस कालोनी के निवासी नगर निगम की लापरवाही के कारण नरकीय जिंदगी जीने को मजबूर हो रहे हैं। कालोनी के घरों में पेयजल की जगह पिछले एक हफ्ते से सीवरेज का पानी आ रहा है।

वहां के निवासियों ने बताया कि वे इलाके पार्षद, विधायक और संबंधित अधिकारियों से इस बारे में शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कोई उनकी परेशानी का समाधान करने को तैयार नहीं है। जिसके कारण वह टैंकर से दो सौ रुपये अधिक देकर पानी खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।

वहीं घरों में होने वाली पेयजल सप्लाई में सीवरेज युक्त पानी आ रहा है। साथ कालोनी की गलियों में सीवरेज ओवर फ्लो हो रहा है। मैनहॉल पर ढक्कन न होने के कारण यहां हमेशा हादसों का खतरा बना रहता है। सीवरेज के खुले मैनहॉल और जाम सीवरेज लाइनों के कारण किसी भी दिन यहां कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

जानकारी के मुताबिक फ्रेंड्स कालोनी में रहने वाले लोगों को पिछले करीब दस दिनों से नगर निगम की लापरवाही का खामियाजा

### घरों में पेयजल की जगह पिछले एक हफ्ते से आ रहा है सीवरेज का पानी

भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि पेयजल सप्लाई की जगह सीवरेजयुक्त पानी घरों में आ है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी ऐसा कई बार हो चुका है। वहीं उनका कहना है पानी सप्लाई का कोई समय नहीं है। लोग दिन-रात मोटर चालू-बंद करते रहते है। लेकिन पानी न तो दिन में आ रहा है और न ही रात को। यदि आता भी है तो वह भी गंदा और बदबूदार होता है। जिसे किसी भी काम में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

**800 रुपये का पानी का टैंकर :** कालोनी वासियों ने बताया एक टैंकर की कीमत 600 रुपये है। लेकिन बढ़ती गर्मी के कारण यह 600 रुपये वाला पानी का टैंकर 800 रुपये में खरीदना पड़ रहा है। वहीं पानी के टैंकर मंगवाने के लिए भी उन्हें ऑर्डर देने के बाद 6 से आठ घंटे का लम्बा इंतजार करना पड़ता है।



फ्रेंड्स कालोनी में सीवरेज ओवरफ्लो, खुले मैनहॉल के ढक्कन और सप्लाई का गंदा पानी।

कालोनीवासियों ने बताया कि गलियों में नालियां और सीवरेज बुरी तरह से जाम है। जिसके कारण गंदा पानी पेयजल सप्लाई की लाइनों के जरिये लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।

# स्वास्थ्य कर्मियों की आज से शुरू होगी तीन दिवसीय हड़ताल

### एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने से स्वास्थ्य सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**




**स्वास्थ्य** कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने सरकार द्वारा 2018 में एनएचएम कर्मचारियों को दिये सेवा नियम को वापस लेने के विरोध में एवं सातवां वेतन सहित अन्य लंबित पडी माँगों को पूरा करवाने के लिये 27 जून 2022 से तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

भारतीय मजदूर संघ महामंत्री मान हवा सिंह मेहला स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की। बैठक के मुख्य अतिथि रहे एवं बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा ने की। राज्य कोषाध्यक्ष मान पंकज आत्रेय एवं जिलाध्यक्ष डॉ सुमित शर्मा ने बताया कि एक दिन पहले राज्य कमेटी के द्वारा ऑनलाइन बैठक कर प्रदेश के समस्त जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री एवं सक्रिय सदस्यों से सलाह मशविरे के उपरान्त 25 जून को कुरुक्षेत्र में एक बैठक करने का निर्णय लिया गया। सरकार द्वारा एन एच एम कर्मचारियों की मांगें न माने जाने के कारण इस कड़े कदम को उठाने का निर्णय लिया गया है। कोरोना के तीन चरणों में प्रदेश भर के ज्यादातर कर्मचारी कोरोना से पीड़ित ही नहीं हुए बल्कि कुछ कर्मचारियों ने अपनी शहादत भी दी है, लेकिन फिर भी प्रदेश सरकार लगातार कर्मचारियों की अनदेखी कर रहीं है। मुख्यमंत्री द्वारा 6 माह पहले की गयी 7वां वेतन देने की घोषणा की तो विभागीय अधिकारी अनदेखी कर ही रहे हैं, इसके अलावा सेवा नियमों को भी खत्म करने की मंशा पाल रखी है जिस वजह से 27 जून को प्रदेश भर के एनएचएम कर्मचारी तीन दिन की हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए हैं। डाक्टर सुमित ने कहा कि उनकी मुख्य मांगें 7वां वेतन आयोग का लाभ देने की घोषणा को पूरा करना, सर्विस नियम 2018 को बहाल रखना एवं उनमें संशोधन करना, नियमित कर्मचारियों की तरह अन्य सभी लाभ एवं 58 साल तक सेवा सुरक्षा देना आदि को सरकार जल्द से जल्द पूरा करे अन्यथा कर्मचारियों को तीन दिन की हड़ताल के बाद मजबूरन कडे कदम उठाते हुए आंदोलन को लंबा खींचना पड़ेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार एवं विभाग की होगी। इससे पहले भी काली पट्टी बांधकर, विधायकों सांसदों को ज्ञापन देकर एवं 9 जून को एक दिवसीय हड़ताल कर के विरोध जताया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र वत्स, संगठन मंत्री विजय कम्बोज, उपाध्यक्ष बबीता, इंद्रावती, संगीता, तरनदीप, दिनेश, हरेन्द्र, हरदीप, कुलदीप आर्य, राजेश, दौलत राम, सुखदेव, जिला मंत्री वैभव कौशिक, विकास, सुरेश शर्मा, आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# मिड टर्म लाइव लेजर ऑपरेटिव वर्कशॉप आयोजित



सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार में नार्थ जोन यूरोलाजिकल सोसाइटी आफ इंडिया द्वारा आयोजित सेमिनार का दीप जलाकर शुभारंभ करते अतिथि।

**फरीदाबाद।** जिले के इतिहास में नार्थ जोन यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं हरियाणा यूरोलॉजिकल एसोसिएशन ने सर्वोदय अस्पताल के सहयोग से पहली बार यूरोलॉजी में विशेषतया 'यूरोलॉजी में लेजर का भविष्य' पर उत्तर भारत की मिड टर्म कांफ्रेंस का आयोजन 25 और 26 जून को सर्वोदय हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में किया गया।

कांफ्रेंस में बतौर विशिष्ट अतिथि सर्वोदय हेल्थ केयर के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कांफ्रेंस में हरियाणा, दिल्ली राजस्थान, जम्मू कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं हिमाचल एवं देश-विदेशों के बड़े मेडिकल संस्थानों के लगभग 400 डॉक्टर्स ने शिरकत की। इस विशाल सम्मेलन के आयोजन का मुख्य ध्येय यूरोलॉजी में लेजर का उपयोग, उसके फायदे एवं इस क्षेत्र में हुए नई खोज और इलाज के आधुनिक तरीकों पर चर्चा करना था।

साथ ही ट्रेनिंग प्रोग्राम के द्वारा यूरोलॉजी विज्ञान से जुड़ी जानकारियों को साझा करना था। इस कांफ्रेंस में लगभग 22 से अधिक लाइव सर्जरी को ऑपरेशन थियेटर से ऑडिटोरियम में सीधा प्रसारण करके दिखाया गया। जिससे देश के विभिन्न हिस्सों में काम कर रहें डॉक्टर्स अपना ज्ञानवर्धन कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### हर्ष मक्कड़ बने टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान



फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान हर्ष मक्कड़ कार्यकारिणी सदस्यों के साथ।

**फरीदाबाद।** आयकर कार्यालय फरीदाबाद में संपन्न हुए फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के चुनावों में अधिवक्ता हर्ष मक्कड़ प्रधान, अधिवक्ता शशिकांत सिंह उप प्रधान, सीए मनुज गर्ग महासचिव, अधिवक्ता राजेश शर्मा संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष तथा अधिवक्ता राजेंद्र गोयल को चेयरमैन, स्टडी सर्किल, अधिवक्ता हरिंदर सैनी, अधिवक्ता वीरेंदर गंभीर, अधिवक्ता दीपक भाटिया तथा कम्पनी सेक्रेटरी कपिल डुडेजा को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। चुनाव अधिकारी सीए राजेश खंडेलवाल के कुशल निर्देशन में चुनाव शांति एवं सद्भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रधान चुने गए अधिवक्ता हर्ष मक्कड़ ने बार के उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी बार के मान, सम्मान एवं आत्मसम्मान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी और सभी को साथ लेकर चलेगी। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने संकल्प लिया कि करदाताओं की समस्याओं को प्रभावी तरीके से सम्बंधित अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे और उनके समाधान के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने शांति एवं सद्भावनापूर्ण चुनाव संपन्न कराने में मतदाताओं एवं आयकर विभाग के अधिकारियों के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर बार के पूर्व प्रधान संजय चांडक, सुनील मंगला, संजय मंगला, सुधीर चौधरी, दिनेश अग्रवाल, एन के अरोड़ा, विजय राजपूत, वाई के जुनेजा, गौतम गोयल, बी आर भल्ला, कमल लखानी, अधिवक्ता संदीप सेठी, वी पी शर्मा, ए.के.चौधरी, एस के राजपाल, संजय माटा, राकेश मंगला, तजेन्दर भारद्वाज, विपिन शर्मा, बार के निवर्तमान प्रधान जगदीश अरोड़ा आदि सहित बार के अधिकांश वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

### ईमानदारी से किए कार्य का प्रतिफल होता है मीठा : नरेंद्र गुप्ता



**फरीदाबाद।** ईमानदारी और पूरी तन्मयता, कर्मठता और लग्न के से साथ किए गए कार्य का प्रतिफल बहुत ही मीठा होता है। हमें कोई भी कार्य करने से पहले उसका मकसद सच्चाई से दूसरों की सेवा करना होना चाहिए, इससे परमात्मा भी प्रसन्न होते हैं। यह बात फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सेक्टर 19 मार्केट स्थित सेवियर एजुकेशन एब्राड संस्था की 23वीं ब्रांच का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आज का युग प्रतियोगिता का युग हैं। बिना योग्यता के वांछित फल पाना मुश्किल हैं। इस लिए प्रतियोगिता की तैयारी जीवन में अतिआवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी शैक्षणिक संस्थाएं विदेशों में बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए तैयार करती हैं तथा विदेश जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा उपलब्ध कराती हैं। आज शिक्षा का स्तर बहुत बड़ा है। यही कारण है कि बच्चे भारत के अलावा विदेशों में भी शिक्षा ग्रहण करने के लिए लालायित रहते हैं ताकि वे वहां से नई तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर अपने वतन लौटकर देश की सेवा में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीआर क्षेत्र में ऐसे संस्थान का लाभ हमारी युवा पीढ़ी उठा सकेगी। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मु यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में शिक्षा के विकास के लिए अनेक योजनाएं देश और प्रदेश में चला रखी हैं। जिसका युवा पीढ़ी भरसक लाभ उठा रही है। हमें आशा है भविष्य में यह पीढी अपनी उच्च शिक्षा का लाभ देश के लोगों को देने में सक्षम होगी। इस अवसर पर अभिलाष त्रिपाठी, राज शेखर देसाई, रिधिम शर्मा, बीजेंद्र कपूर सहित विभिन्न सेवियर एजुकेशन एब्राड संस्था के पदाधिकारी व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### युवा पीढ़ी को नशे से बचाने की छात्राओं ने ली शपथ




**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एन आई टी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर मादक द्रव्य एवम नशा छोड़ो अभियान चला कर जागरूक किया गया तथा नशे के समूल नाश के लिए वर्चुअल शपथ भी ली गई। जूनियर रेडक्रॉस गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि नशे से मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है। बहुत से लोगों की मौत हो जाती है तथा अन्य कुछ मानसिक तनाव के कारण स्वयं आत्महत्या कर लेते हैं। यहां पर स्मैक, गांजा, हेरोइन, ब्राउन शुगर जैसे नशे से छुटकारा दिलाने का उपचार किया जाता है। डॉक्टर्स का कहना है कि हर वर्ष हजारों रोग नशे की आदत का शिकार होते हैं और इनमें से एक चौथाई की मृत्यु हो जाती है। इन में युवाओं की संख्या कहीं ज्यादा है। विद्यालय में ब्रिगेड और जे आर सी छात्राओं ताबिंदा, चंचल, अंजली, मनीषा, सिया, राखी, निशा, अक्षरा अंशिका, मुस्कान, एकता, स्नेहा, कशिश, हर्षिता और खुशी ने सुंदर पेंटिंग बना कर मादक पदार्थों का सेवन न करने का आग्रह किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और प्राध्यापिका मोनिका, प्राध्यापिका शीतल, प्रवीण, सूबे सिंह तथा सोनिया बमल ने सभी छात्राओं का कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आभार व्यक्त किया।

### दिल्ली उप चुनाव जीत पर आम आदमी पार्टी ने मनाया जश्न

**फरीदाबाद।** राजेन्द्र नगर उप चुनावों में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दुर्गेश पाठक की जीत पर फरीदाबाद में जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में बडख़ल-गुडग़ांव रोड स्थित जिला कार्यालय पर लड्डू बांटकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया गया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता मंजू गुप्ता, प्रवेश मेहता, राकेश भडाना, गुलशन बग्गा, हंसराज दायमा, चंचल तंवर, चंद्रवीर, काजल, जोगिंदर चंदेला, सुरेंद्र अरोड़ा, सतीश चंदीला, विजय पासवान, मेहर चंद हरसाना, राकेश कुमार, महेश कुमार, आरती राय, पायल, राजपाल झा, अरुण कुमार, महकचंद्र बैंसला, मंगतराम भडाना, महेश कुमार आदि ने एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाई और गले मिलकर पार्टी की जीत पर बधाई दी। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दुर्गेश पाठक राजेन्द्र नगर उप चुनाव में एक तरफा जीत हासिल कर यह दिखा दिया है दिल्ली की जनता के दिल में आज भी आम आदमी पार्टी बसती है। दिल्ली प्रदेश के लोगों ने उनको जीत दिलाकर यह सुनिश्चित कर दिया है आज भी वो पूरी तरह से आम आदमी पार्टी के साथ हैं। आपको बता दे कि राजेन्द्र नगर उप चुनाव कि वोटिंग 23 जून, वीरवार को हु थी और आज उसके परिणाम सामने आ गए। जिसमें आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दुर्गेश पाठक ने जीत हासिल की है। फरीदाबाद से हरियाणा सह-प्रभारी महेन्द्र चौधरी, हरियाणा संगठन मत्रीं प्रवीण प्रभाकर, जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में फरीदाबाद की टीम ने उनके समर्थन में वोटों के लिए लोगो से अपील की थी। पार्टी प्रत्याशी की जीत से उत्साहित धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी की तरफ लोगों का एकतरफा माहौल है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से दिल्ली के लोग बेहद प्रभावित हैं। विपक्षी पार्टियां चाहे, कितना ही लोगों को बरगलाने का काम करें, मगर उनके नेतृत्व में दिल्ली के लोगों के लिए किए गए उनके काम प्रदेश की जनता याद करती है।

# वाहनों की चेसिस बदलकर नंबर गोदने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### हाइवा ट्रक के चेसिस नंबर बदलते समय ही दो आरोपियों को कर लिया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



चेचिस पर नम्बर बदलने के आरोप में गिरफ्तार अजहरूदीन, धौला राम और प्रदीप सिंह।

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी सब इंस्पेक्टर राकेश सिंह की टीम ने गाड़ियों की चेसिस नंबर बदलने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अजहरुद्दीन फरीदाबाद के बड़खल की जमाई कॉलोनी का, आरोपी धौलाराम महेंद्रगढ़ जिले के गांव नांगल दरोगा व आरोपी प्रदीप सिंह उर्फ हीरा फरीदाबाद के सेक्टर-48 के एसजीएम नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपियों को बड़खल पाली रोड स्थित महेंद्र भड़ाना की मार्केट से काबू किया। आरोपी अजहरुद्दीन की गाड़ी रिपेयर की दुकान है। जिस पर आरोपी धौलाराम नारनौल से गाड़ी के इंजन सीज होने पर बदलवाने के लिए आया था। आरोपी प्रदीप सिंह गाड़ियों की चेचिस पर नंबर गोदने का काम करता है। क्राइम ब्रांच टीम ने मौके से आरोपी अजहरुद्दीन और धौलाराम को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस की कराई बैठक में सैंकड़ों लोगों ने ली नशा न करने की शपथ

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



विश्व नशा निषेध दिवस पर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते गणमान्य लोग और पुलिस अधिकारी।

**अंतरराष्ट्रीय** नशा निषेध दिवस पर डीसीपी मुख्यालय नितिश अग्रवाल के अध्यक्षता में पुलिस आयुक्त कार्यालय में मीटिंग का आयोजन हुआ। सभी डीसीपी, एसीपी ,थाना प्रबंधक, क्राइम ब्रांच प्रभारी एवं फरीदाबाद के मौजिज व्यक्तियों ने इस नशा निषेध दिवस पर हिस्सा लिया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नागरिकों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय में फरीदाबाद के सभी स्थानों के करीब 600 गणमान्य लोगों के साथ मिलकर निशा निषेध की शपथ ली है। कुछ लालची लोगों द्वारा नशे को बेचा जा रहा है जिसकी वजह से युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर की पहल पर फरीदाबाद के विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा फिल्म के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया जा रहा है। फरीदाबाद पुलिस का अभियान है कि फरीदाबाद नशा मुक्त हो। नशा समाज, युवाओं और देश को खोखला कर रहा है। फरीदाबाद पुलिस ने पिछले 10 महीने मे नशे के कारोबार से जुड़े 153 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें से 68 को सजा दिलवाई गई है और नशे से अर्जित अवैध कमाई से बनाई गई करीब 4 करोड की प्रॉपर्टी भी अटैच की गई है। नशा मुक्त फरीदाबाद हो,, के इस अभियान में शहर के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं जिसमें आज फरीदाबाद के मौजिज लोगों ने नशा निषेध दिवस पर पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित मीटिंग में हिस्सा लिया और उन्होंने शपथ ली। आधुनिक समय में नशा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है।

# डीएवी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ समापन

**फरीदाबाद।** शिक्षण और शोध दोनों एक दूसरे के पूरक है। एक शिक्षक शोध के माध्यम से अपनी शिक्षण तकनीकी में परिवर्तन कर विद्यार्थियों को व्यवहारिकता के साथ शिक्षा प्रदान कर सकता है। शोध की विधिवत जानकारी उन्हें एक अच्छा शोध पत्र लिखने और प्रकाशित करने में सहायक होती है। इस उद्देश्य से डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के आइक्यूएसी सैल के सौजन्य से शोध विधि विषय पर सात दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस प्रोग्राम के प्रथम और द्वितीय सैशन में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी वाईएमसीए फरीदाबाद से सोशल वर्क में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर के एम ताबिश ने शिक्षकों को क्वालिटेटिव रिसर्च पेपर लिखने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और एडिटेड बुक में चैप्टर लिखने के लिए बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

# दूरदर्शिता के अभाव को कहते हैं नेत्रहीनता : जेटली

### हेलन केलर की स्मृति में आयोजित हुआ शाम-ए-गजल कार्यक्रम

### मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री मूलचंद शर्मा मौजूद रहे

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



नैशनल ब्लाइंड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हेलन केलर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बीजेपी के प्रवक्ता राजीव जेटली।

**शाम**-ए-गजल कार्यक्रम का आयोजन नेशनल ब्लाइंड स्कूल फरीदाबाद में किया गया। जिसमें नेत्रबाधित कलाकारों ने हेलन केलर की स्मृति में समा बांधा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा एवं विशिष्ट अतिथियों मे विधायक नरेंद्र गुप्ता, सीमा त्रिखा व राजेश नगर व भाजपा प्रवक्ता राजीव जेटली रहे।

इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता राजीव जेटली ने कहा कि नेत्रहीन नेत्रबाधिता को नही बल्कि दूरदर्शिता के अभाव को कहते हैं। दिव्यंगों ने दुनिया मे वह कर दिखाया जो हम जैसे तथाकथित् सक्षम लोग करने की कल्पना भी नही कर सकते इसलिए दिवयांजन भी हमारे समाज का हिस्सा है, उन्हें हीन भावना से देखने की बजाए प्यार और सम्मान देना चाहिए ताकि वह भी समाज में बेहतर जीवन यापन कर सके। राजीव जेटली ने हेलेन एडम्स केलर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेलेन एडम्स केलर एक अमेरिकी लेखक, राजनीतिक कार्यकर्ता और आचार्य थीं। वह कला स्नातक की उपाधि अर्जित करने वाली पहली बधिर और दृष्टिहीन थी। ऐनी सुलेवन के प्रशिक्षण में 6 वर्ष की अवस्था से शुरु हुए 49 वर्षों के साथ में हेलेन सक्रियता और सफलता की ऊंचाइयों तक पहुँची। बेहतरीन लेखिका केलर अपनी रचनाओं में युद्ध विरोधी के रूप में नजर आतीं हैं। समाजवादी दल के एक सदस्य के रूप में उन्होंने अमेरिकी और दुनिया भर के श्रमिकों और महिलाओं के मताधिकार, श्रम अधिकारों, समाजवाद और कट्टरपंथी शक्तियों के खिलाफ अभियान चलाया। उन्होंने उपस्थित नेत्रबाधित कलाकारों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि उनके अंदर भी कला छुपी है, उस कला को बाहर लाने की जरूरत है और आज के इस कार्यक्रम में बच्चों ने यह कर भी दिखाया।

### घर से लापता हुए व्यक्ति को किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजी सिंह की टीम ने घर से नाराज होकर गए 24 वर्षीय व्यक्ति को बरामद कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति 28 मार्च को परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज था। जो व्यक्ति घर से बिना बताए कहीं चला गया था। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को 19 जून को दी थी। जिसकी सूचना पर थाना मुजेसर में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी गई थी। मामले की तफ्तीश क्राइम ब्रांच कैट की टीम को मिली जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम में गुमशुदा व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के कोकिलावन से बरामद किया है। गुमशुदा व्यक्ति के परिजनों को सूचित कर बुलाया गया परिजनों के सामने व्यक्ति से पूछताछ की गई जिसमें व्यक्ति ने बताया कि वह किसी बात को लेकर घरवालों से नाराज था अब वह अपने घर जाना चाहता है। व्यक्ति के परिजनों ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# श्री गोपाल मंदिर में रामकथा का भव्य आयोजन



रामकथा का आनंद लेते श्रद्धालु।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**श्री गोपाल** मन्दिर बल्लभगढ़ के 44 वें स्थापना दिवस पर संगीतमय नवधा भक्ति रामकथा का भव्य आयोजन शनिवार से आरंभ किया गया। यह रामकथा 27 जून सोमवार तक चलेगी। इस मांगलिक कार्यक्रम में व्यासपीठ पर विराजमान सतना रामानुजदास 6भैया जी 8 ने अपनी संगीतमय वाणी से कथा का आरंभ किया।

कथा व्यास ने प्रथम दिवस की कथा में श्रीरामकथा की मानवजीवन में महत्ता प्रतिपादित करते हुए श्रीराम नाम की महिमा पर प्रकाश डाला। त्रेता युग में श्रीराम जन्म के प्रमुख हेतु बताते हुए श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया। श्रीरामचरित मानस के प्रमुख संवादो के माध्यम से भक्ति महिमा का व्यापक सन्देश दिया गया। दूसरे दिन की कथा में भगवान की बाल क्रीड़ाओं के साथ साथ सीताजी के जन्म की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डाला। महर्षि विश्वामित्र जी की यज्ञ रक्षा हेतु श्रीराम लक्ष्मण का जाना, अहिल्या उद्धार, ताड़का सुबाहु बध व सीता स्वयंवर में जाकर श्रीराम द्वारा धनुर्भंग करना तथा श्रीसीता रामजी की जयमाला के विविध प्रसंगों पर नवधा भक्ति के माध्यम से विस्तार से प्रकाश डाला। मन्दिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मन्दिर की स्थापना का इतिहास बताते हुए मन्दिर के पुनर्निर्माण की विस्तृत जानकारी दी। तदनन्तर आरती के उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया। समारोह में जनकराज, रमेशचन्द्र खट्टर, राजू बंधवा, मदनलाल अरोड़ा, महेंद्र अरोड़ा, भरत मखीजा, राम प्रकाश चावला, भरत मखीजा, द्वारिका कालड़ा, बलदेव जुनेजा, होशियार सिंह, कृष्ण भटेजा आदि ने सह भागिता की।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 27 जून, 2022



# ब्रिक्स गठबंधन

## भारत की स्थिति

**ब्रिक्स** समूह में भारत की उपस्थिति से शी व पुतिन सरकारों को वैधता मिलती है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की चिन्ता सैनिक संबंधों के 'विस्तार' को लेकर है, लेकिन यह चिन्ता वैश्विक शांति व नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध किसी राजनयिक की चिन्ता नहीं है। यह एक अत्याचारी शासक का भय है जो दुनिया के सर्वाधिक शक्तिशाली व खतरनाक दुष्ट राज्य का स्वामी व मालिक है। बीजिंग में ब्रिक्स बिजनेस फोरम की वार्षिक वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने एशिया में अमेरिका द्वारा गठबंधन-निर्माण या दूसरे अर्थों में क्वाड तथा रूस के खिलाफ पश्चिम के व्यापक प्रतिबंधों पर निशाना लगाया। ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधियों व बिजनेस समूहों के इस आयोजन में शी जिनपिंग ने कहा, 'पिछली शताब्दी में मानवता को दो विश्वयुद्धों व शीत युद्ध की काली छाया का सामना करना पड़ा। अतीत की त्रासदियां हमें बताती हैं कि वर्चस्व, समूह की राजनीति तथा गुटों में टकराव से शांति या सुरक्षा नहीं मिल सकती है, उनका नतीजा केवल युद्ध व टकराव हो सकते हैं।' यदि अतीत की त्रासदियों से किसी देश को सबक सीखने की जरूरत है तो वह चीन है। यह ऐसा देश भी है जिसे समझने की जरूरत है कि वर्चस्व, समूह की राजनीति व गुटों का टकराव शांति या सुरक्षा नहीं पैदा कर सकता है। इसे न केवल यह समझने, बल्कि इस दिशा में कार्रवाई की भी जरूरत है कि वह पाकिस्तान व उत्तर कोरिया जैसे दुष्ट राज्यों से गठजोड़ न करे। लेकिन ऐसा नहीं होगा क्योंकि शी



शांति के बजाय अपना वर्चस्व तथा संवाद के बजाय टकराव चाहते हैं। इसी प्रकार उन्होंने यूक्रेन संकट की चर्चा करते हुए इसे 'सारी दुनिया के लिए एक चेतावनी' बताया तथा 'सैनिक गठबंधनों' के विस्तार के खिलाफ गुस्सा उतारा।

ब्रिक्स बैठक से चीन को न केवल अपने झूठ प्रचारित करने का मौका मिला, बल्कि इसने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को भी अवसर दिया। पुतिन ने यूक्रेन पर बिना किसी उकसावे के हमला करने के कारण अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को आंशिक रूप से बहाल करने का प्रयास किया। अपने वीडियो संबोधन में पुतिन ने कहा कि उनका देश ब्रिक्स देशों तथा अन्य 'विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय साझेदारों' को अपना व्यापार पुन: निर्देशित कर रहा है। कोई आश्चर्य नहीं कि उन्होंने रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए विकलांगकारी प्रतिबंधों की निन्दा करते हुए उनको 'राजनीति से प्रेरित' तथा 'सामान्य समझदारी व मूलभूत आर्थिक तर्क के विपरीत' बताया। इस प्रकार ब्रिक्स बैठक का पूरा परिदृश्य भारतीय दृष्टिकोण से एकदम विपरीत था, हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें भाग लिया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की सरकार के प्रमुख ने भले ही वर्चुअल रूप से हो, पर दो सर्वाधिक खतरनाक तानाशाहों के साथ मंच साझा किया जिसे बहुत से भारतीयों ने पसंद नहीं किया। वास्तव में केवल भारतीय प्रधानमंत्री की उपस्थिति से दो अत्याचारी शासकों को काफी वैधता एवं सम्मान प्राप्त हो गया है। जिस प्रकार जुड़ाव से शर्म का अनुभव हो सकता है, उसकी प्रकार जुड़ाव से वैधता भी मिल सकती है। एक ओर भारत तथा दूसरी ओर चीन व रूस के बीच अंतर पर गौर करें। हालिया समय में भारत ने भारत ने पीपीई किट व वैक्सीनों से दर्जनों देशों की सहायता की है तथा संकटग्रस्त श्रीलंका की मदद की है। दूसरी ओर चीन ने घातक वायरस का निर्यात किया जिसने लाखों लोगों की जान ली तथा रूस ने अकारण ही एक पड़ोसी पर हमला किया। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो भारत को ब्रिक्स से बाहर आ जाना चाहिए क्योंकि वहां उसके बने रहने का कोई कारण नहीं है। यही बात गुटनिरपेक्ष आंदोलन के बारे में भी कही जा सकती है।

# मूल्यवान हैं एलआईसी के शेयर

### आईपीओ भले ही विफल रहा हो, पर एलआईसी बीमाधारकों व निवेशकों को समय बीतने के साथ उसमें लगे पैसे का उचित लाभ मिलेगा।

**निर्झर मजूमदार**
(लेखक, बीमा उद्योग विश्लेषक हैं)




बीमा उद्योग इस समय एक दोराहे पर खड़ा है। नियामक लगातार इसके नियमों को बदल रहे हैं। इसके साथ ही बीमा कराने वाले बिजनेस माडल बदल कर परंपरागत मूल्य श्रृंखला में बाधा डाल रहे हैं। विदेशी बीमाकर्ता व पुन:-बीमाकर्ता बिजनेसों में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। बीमा का बाजार बढ़ रहा है जिसके कारण मंदी जैसी स्थितियों के बावजूद लोगों की समृद्धि भी बढ़ रही है। लेकिन अभी अधिकांश बीमाकर्ताओं की समझ में नहीं आ रहा है कि बीमा बिजनेस का विस्तार अगले स्तर तक कैसे किया जाए। इसी परिदृश्य में एलआईसी ने अपना आईपीओ जारी किया तथा खुदरा व संस्थागत निवेशकों को अपने 3.5 प्रतिशत शेयरों का प्रस्ताव किया। इससे सरकार को बाजार से 21,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने में सफलता मिली। एलआईसी के बिक्री वाले शेयरों में से 10 प्रतिशत पालिसीधारकों व 5 प्रतिशत कर्मचारियों को आबंटित किए गए थे। वास्तव में यह भारत के कार्पोरेट इतिहास में सबसे बड़ा आईपीओ था। शेयर बाजारों में एलआईसी के शेयर दर्ज कराए लगभग एक महीना बीत चुका है। वर्तमान समय में एलआईसी शेयरों का व्यापार उसे जारी करने की कीमत से 30 प्रतिशत नीचे पर हो रहा है। कुछ निराशावादी विश्लेषकों ने बाजार में यह कह कर भय पैदा करना शुरू कर दिया है कि यह बाजार के लिए अशुभ संकेत है। इस लेख में मैं इस गलत धारणा का खंडन करना चाहता हूं। एलआईसी के आईपीओ में निवेश करने वालों को कुछ तथ्यों पर खास रूप से ध्यान देना चाहिए। इस लेख का उद्देश्य एलआईसी बीमाधारकों तथा शेयरधारकों में विश्वास पैदा करना तथा उनको यह आश्वासन देना है कि आने वाले समय में उनको अपने पैसे की उचित कीमत मिलेगी।

आइये गौर करें कि बाजार में अपने प्रतियोगियों को देखते हुए एलआईसी की क्या स्थिति है। इसके पूरे देश में व समाज के सभी वर्गों में ग्राहक हैं। वर्तमान समय में इसकी किताबों में 30 करोड़ इन-फोर्स पालिसियां हैं। दूसरी ओर किसी भी निजी बीमाकर्ता की ग्रामीण भारत में मजबूत उपस्थिति नहीं है क्योंकि उनमें से अधिकांश ने मेट्रो व प्रथम श्रेणी के शहरों में आसान रास्ता चुना है। निजी बीमाकर्ताओं में से किसी की एक करोड़ भी इन-फोर्स पालिसियां नहीं हैं। मेट्रो व प्रथम श्रेणी के शहरों के बाहर अधिकांश भारतीयों ने प्रमुख निजी बीमाकर्ताओं के नाम तक नहीं सुने हैं। उनके जीवन बीमा का अर्थ एलआईसी है। इसके साथ ही एलआईसी करोड़ों गरीब नागरिकों को कम खर्च वाली समूह बीमा योजनाओं से सुरक्षा देता है। कुछ वित्तीय विश्लेषकों ने यह कह कर एलआईसी उत्पादों की निन्दा की है कि ये समुचित रूप से खोजी नहीं है। लेकिन तथ्य यह है कि सभी बीमाकर्ताओं के उत्पाद काफी सीमा तक खोजी हैं। ऐसे में यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि बीमाकर्ता अपने उत्पाद बाजार में कैसे बेचते हैं। इस दृष्टिकोण से भी एलआईसी अपने प्रतियोगियों से बहुत आगे है। एलआईसी सभी प्रकार के उत्पाद बड़ी संख्या में बेचता है जिसमें इन्डाउमेंट, टर्म, आजीवन बीमा या एनुअटीज़ शामिल हैं। दूसरी ओर निजी बीमाकर्ता अपनी प्रमुख आय का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा केवल यूलिप बेच कर प्राप्त करते हैं। हालांकि, यूलिप अनिवार्य रूप से अनिच्छित उत्पाद नहीं हैं, पर वे बीमा के बजाय ज्यादा निवेशोन्मुख हैं। भारतीयों को निवेश उत्पादों की तुलना में ज्यादा संरक्षण, बचत व एनुअटी उत्पादों की जरूरत है जिनमें बीमा के भी कुछ तत्व हों। एलआईसी ज्यादा संरक्षण-बचत वाले उत्पाद बेचती है और वह बीमा के लाभों को देश के सुदूर कोनों तक पहुंचाती है। हमें बिजनेस के कुछ तकनीकी पक्षों पर भी थोड़ा विचार करना होगा। इम्बेडेड वैल्यू-ईवी को भावी मुनाफों के साथ एडजस्ट किए नेट असेट वैल्यू के रूप में परिभाषित किया जाता है। आईपीओ लांच के पहले एलआईसी का ईवी 5.4 लाख करोड़ माना गया था। इसका अनुमान भावी मौतों, खर्चों तथा ब्याज दरों के आधार पर किया गया था। बीमाकर्ताओं तथा उनके सलाहकारों ने इन आयामों पर काफी संकुचित दृष्टिकोण से विचार किया है। हालांकि, कुछ सीमा तक खर्चों को छोड़ कर ये सभी मूलभूत मूल्यांकन कमोबेश सभी बीमाकर्ताओं के लिए समान होते हैं। क्या इससे कोई फर्क पड़ता है?

मेरे विचार से बीमाकर्ताओं का निरंतरता अनुपात बीमाकर्ताओं का ईवी सुनिश्चित करने में खास भूमिका अदा करता है। यह बात खासकर 61 महीने की निरंतरता के बारे में सही है। एलआईसी के लिए यह अनुपात पालिसियों के कार्यकाल का 48 प्रतिशत है। इस दृष्टिकोण से उद्योग का औसत 33 प्रतिशत तथा प्रीमियम के काल में 59 प्रतिशत है। यह वैश्विक मानकों के बहुत निकट है। एलआईसी के संतोषजनक परसिस्टेंसी अनुपात का अर्थ है कि भविष्य में प्रीमियम आमदनी का सतत प्रवाह बना रहेगा जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त धन काफी मात्रा में उपलब्ध होगा। यदि अतिरिक्त धन काफी हो तो उच्च डिविडेंट तथा शेयरों का मूल्य अधिक होगा।

हालांकि, कोई भी निजी बीमाकर्ताओं के योगदान को कम करके नहीं देखेगा। लेकिन जनता को कुछ तथ्य जानने की आवश्यकता है जो देश भर में उद्योग का प्रभुत्व स्पष्ट करते हैं। एलआईसी का सम्मान केवल इस कारण नहीं है कि इसका बाजार में 66 प्रतिशत हिस्सा है, बल्कि यह देश भर में सभी जगह उपस्थित है। इससे आम लोगों का बीमाकर्ता के कार्यालयों में पहुंचना आसान है। इसके आपरेशनों की पहचान ईमानदारी व निष्ठा है। कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी प्रतिबद्धता से निभाते हैं तथा संगठन ने अपनी स्वच्छ छवि इस परिदृश्य में भी बनाए रखी है जब अनेक निगम बार-बार वित्तीय घोटालों में फंसते दिखे हैं। एलआईसी एक ऐसा संगठन है जिसने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के सबसे खराब समय में भी अपने कार्यालयों में भौतिक उपस्थिति के साथ काम किया है। उसने हमेशा अपने करोड़ों पालिसीधारकों तथा एक मिलियन से अधिक एजेंटों के हितों का ध्यान रखा है।

आइये अब एलआईसी के शेयर मूल्यों में उतार-चढ़ाव पर चर्चा करें। जैसा कि मैंने पहले ही उल्लेख किया है, कुल बिक्री वाले शेयरों के केवल 10 प्रतिशत शेयर पालिसीधारकों तथा 5 प्रतिशत कर्मचारियों को बेचे गए हैं। अधिकांश शेयर प्रमुख निवेशकों को बेचे गए हैं। इसलिए पालिसीधारकों तथा जनता में और एलआईसी के आईपीओ में निवेश करने वालों के विश्वास में पूरी तरह अंतर है। निवेशकों के एक हिस्से का विश्वास है कि आईपीओ की कीमतें अधिक रखी गई थीं और ये कीमतें संगठन के मूल आयाम सामने आने के बाद और गिरी। वे इस अफवाह से भी प्रभावित हैं कि अन्य निवेशक अपने शेयर लाक-इन समय के बाद फौरन बेच देंगे। इस प्रकार के अनेक नकारात्मक प्रचार के कारण शेयर की कीमतों में तेजी से गिरावट आई। लेकिन एलआईसी जैसे वित्तीय रूप से मजबूत संगठन के शेयरों में गिरावट की एक सीमा है। हमें इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य याद रखने चाहिए। एक बार वारेन बफे ने कहा था, 'अल्पकालीन रूप से शेयर एक स्लाट मशीन की तरह काम करते हैं, पर दीर्घकालीन रूप से वे भार लेने वाली मशीन की तरह काम करते हैं।' अब एलआईसी के शेयरों का मूल्य अनियमित रूप से उतार-चढ़ाव का सामना कर रहा है जो मुख्यत: मांग व सप्लाई की शक्तियों द्वारा निर्धारित है। लेकिन इन अनियमित परिवर्तनों का प्रयोग शेयरों का दीर्घकालीन मूल्य निर्धारित करने के लिए नहीं हो सकता है।

दीर्घकालीन रूप से कंपनी का मूल्य स्थिर रहता है, भले ही शेयरों के व्यापारी शेयर बाजार में रोज चाहे जो करें। दीर्घकालीन रूप से शेयरों का मूल्य कंपनी के अंतर्निहित मूल्य पर निर्भर करेगा। यह बात सभी बाजारों तथा सभी प्रकार के शेयरों के लिए सही है। एलआईसी की वार्षिक रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और निवेशक उसका मूल्यांकन कर सकते हैं। दुनिया के सभी सफल निवेशक वित्तीय व औद्योगिक डेटा की समझदारी का कौशल विकसित करते हैं। वे धैर्यपूर्वक किसी कंपनी का उचित मूल्य सामने आने की प्रतीक्षा करते हैं। सभी भारतीय जानते हैं कि एलआईसी किन उद्देश्यों के साथ खड़ी है।

इस संगठन ने 1956 में अपने गठन के बाद से 66 साल की यात्रा में अनेक तूफानों का सामना किया है। निश्चित रूप से संगठन के एक बिजनेस माडल की आवश्यकता है ताकि उसमें परिवर्तन किया जा सके। वह इस दिशा में पहले से काम कर रहा है। अंतत: हमें यह याद रखने की भी आवश्यकता है कि सभी विश्लेषक निवेशकों को भ्रमित करने का काम नहीं करते हैं। जे.पी. मोर्गन ने हाल ही में जारी एलआईसी पर अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बाजार एलआईसी की शक्ति समझने में विफल रहा है। इम्बेडेड वैल्यू रेशियो का मूल्य कम है जो यथार्थ से परे है। इसका अर्थ है कि एलआईसी पालिसीधारकों व निवेशकों को समय बीतने के साथ अपने पैसे की उचित कीमत मिलेगी।

# भारत की कीमत पर पाक-अमेरिका साझेदारी

**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)



अतीत पर गौर करें तो पाकिस्तान ने साम्यवाद का विकास रोकने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वह इस अर्थ में हमेशा अमेरिका की सहायता करता रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने हाल ही में 'अमेरिका-पाकिस्तान साझेदारी' को इस ढंग से आगे बढ़ाने के पक्ष में टिप्पणी की, जो उनके 'पारस्परिक हितों' को साधता है। कहीं अन्य, सीएनएन न्यूज18 टाउन हॉल में, एस जयशंकर ने कहा कि 'पाकिस्तान के साथ भारत की बहुत सारी समस्याएं सीधे तौर पर उस समर्थन के कारण हैं जो संयुक्त राज्य अमेरिका ने पाकिस्तान को दिया है।' पाकिस्तान को अमेरिकी समर्थन और भारत की समस्याओं के बीच की कड़ी पर पुन:विचार करने की जरूरत है।

सैद्धांतिक रूप से, महाशक्तियों को आकर्षित करने की कमजोर देशों की ताकत अच्छी तरह से स्थापित हो चुकी है। कमजोर राज्य अपना बचाव नहीं कर सकते। नतीजतन, वे अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और भू-रणनीतिक स्थान के बदले में वित्तीय और सैन्य सहायता चाहते हैं। पाकिस्तान ऐसा ही एक राज्य है। सोवियत संघ के नेता स्टालिन ने पहली बार 1949 में पाकिस्तान के प्रधान मंत्री लियाकत अली खान को मास्को आने का निमंत्रण दिया। एक इस्लामिक राज्य और साम्यवादी सोवियत के बीच मूलभूत अंतरों ने उसमें रोकथाम की, इसलिए, पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया और साम्यवाद के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1955 तक, पाकिस्तान दो क्षेत्रीय रक्षा संधियों, दक्षिण पूर्व एशिया संधि संगठन और केंद्रीय संधि संगठन (बगदाद संधि) में शामिल हो गया था। 1955 से थोड़ा पहले, 1953 में, जब अयूब खान ने तुर्की का दौरा किया, तो उन्होंने डलेस के 'नार्दर्न टायर डिफेंस पैक्ट' को दोहराया था, जिसमें कि दोनों देश एक प्रमुख स्थान पर काबिज होंगे। बाद में 1954 में, तुर्को-इराकी समझौते (बगदाद संधि) ने तुर्को-पाक योजना का स्थान लिया।

नतीजतन, 1953 से 1961 तक, इस्लामाबाद को अमेरिकी सहायता में लगभग 2 बिलियन डॉलर मिले, इसमें एक-चौथाई सैन्य सहायता थी। इस डेटा के अलावा, स्टॉकहोम पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) से प्राप्त जानकारी से संकेत मिलता है कि 1955 से 1959 तक, अमेरिकी हथियारों का निर्यात 1.02 बिलियन डॉलर था। जब इसे पाकिस्तान की तत्कालीन वित्तीय स्थिति के साथ जोड़ा जाए, तो अमेरिकी सहायता और अमेरिकी हथियारों के निर्यात के दुष्चक्र के मजबूत संकेत सामने आते हैं। दोनों के बीच उभरते संबंधों में, लोकतांत्रिक गुटनिरपेक्ष देश, भारत की मुख्य सुरक्षा चिंताओं को दरकिनार कर दिया गया।

भारत के जोरदार विरोध पर, आइजनहावर द्वारा नेहरू को मौखिक आश्वासन दिया गया था कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान की आक्रामकता के मामले में अमेरिका स्थिति पर नजर रखेगा। इस प्रकार, हालांकि भारत आदर्शवादी रूप से गुटनिरपेक्ष नीति का पालन कर रहा था, मगर पाकिस्तान सैन्य सहायता के बदले अपने भू-रणनीतिक स्थान पर कठिन सौदेबाजी कर रहा था। सामरिक विशेषज्ञों के अनुसार 1951-60 के दौरान पाकिस्तान को मिली समूची विदेशी सहायता का लगभग अस्सी फीसदी हिस्सा अमेरिका से आया। 1960 के दशक से 1970 के दशक के अंत तक की एक संक्षिप्त अवधि थी जब पाकिस्तान को अमेरिकी सहायता कम हो गई थी।

1979 में अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण ने पाकिस्तान को फिर से अमेरिका से अधिक सहायता पाने का मौका दिया। अफगान युद्ध में पाकिस्तान की भूमिका के बदले में, पाकिस्तान को 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता की पेशकश की गई थी। इसे 1980 में जिया-उल-हक शासन द्वारा खारिज कर दिया गया था और इसे 'मूंगफली के दाने' के बराबर का दर्जा दिया गया था। हक की नजर एफ-16 पर थी, जो बाद में इस्लामाबाद को मिले। इस प्रकार, 1983 से 1990 तक, पाकिस्तान को 1,000 स्टिंगर मिसाइलों के साथ 3.73 बिलियन डॉलर की सैन्य सहायता मिली, और अमेरिकी हथियारों की बिक्री का घटक 2.2 बिलियन डॉलर था। यह वही दौर था जब कश्मीर में पाकिस्तान का छद्म युद्ध शुरू हुआ था, जिसमें कश्मीरी हिंदुओं का नरसंहार भी शामिल था।

साथ ही, क्षेत्रीय स्तर पर, कई सुरक्षा विशेषज्ञ तालिबान के जन्म का श्रेय आईएसआई और अमेरिकी एजेंसियों को देते हैं। अगर अमेरिका की सहायता न होती तो पाकिस्तान भारत और उसके अन्य पड़ोसियों जैसे अफगानिस्तान और ईरान के खिलाफ इतना आक्रामक नहीं होता। इस प्रकार, पाकिस्तान और अमेरिका के बीच संबंध हमेशा एक संरक्षक-ग्राहक राज्य पर आधारित रहे हैं, जिसमें अमेरिका के भू-राजनीतिक हितों की सेवा के लिए विदेशी या सैन्य सहायता दी जाती है।

शीत युद्ध के बाद के दौर में, पाकिस्तान अपने परमाणु परीक्षणों के कारण प्रतिबंधों के दौर से गुजर रहा था और उसे किसी भी सैन्य सहायता से वंचित कर दिया गया। हालांकि, अमेरिका में 9/11 के हमलों ने पाकिस्तान को फिर से वाशिंगटन की दक्षिण एशिया नीति में सबसे ऊपर ला दिया। सिपरी के आंकड़ों के अनुसार, 2002-14 के दौरान, एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी के रूप में पाकिस्तान को 5.81 बिलियन डॉलर की सैन्य सहायता मिली और जिसमें हथियारों की बिक्री का हिस्सा 3.2 बिलियन डॉलर था। यह वही दौर था जब नंदीमार्ग हत्याकांड और मुंबई हमले हुए थे। इन सभी हमलों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया गया था। भारत ने 'सबूत' एकत्र किये और अमेरिका को दिये, इस उम्मीद में कि अमेरिका इसे स्वीकार कर ले और भारत की मदद करे। भारत को शायद ही इस बात का एहसास था कि राष्ट्रीय हितों की भूराजनीति, सैन्य सहायता और हथियारों का व्यापार एक दूसरे से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए कारक हैं। इसलिए अमेरिका द्वारा पाकिस्तान पर कभी भी 'आतंकवादी राज्य' का ठप्पा नहीं लगाया गया था। अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा अमेरिका की पीठ में छुरा घोंपने के बाद ही पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अमेरिका की गलती का एहसास हुआ और 2018 में टिप्पणी की कि उसने 'मूर्खतापूर्ण' सहायता दी और उसे बदले में, केवल 'झूठ और छल' मिला।

आज आतंकवाद के खिलाफ वाशिंगटन की जीरो टॉलरेंस की नीति और अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा पीठ में छुरा घोंपने के बावजूद, अमेरिका पाकिस्तान को फिर से शामिल करने के लिए तैयार है, जो भारत के हितों को नुकसान पहुंचाएगा। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए भारत भी बदल रहा है। रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक स्वायत्तता और आत्मनिर्भर भारत का युग्मन संरक्षक-ग्राहक संबंधों की भूराजनीति का उत्तर है।

## आप की बात

### शिवसैनिकों की दुविधा

**जिसके** संस्थापक बालाजी ठाकरे ने अपने जीते जी कभी भी सिद्धान्तों से समझौता नहीं किया। वो शेर की तरह जिये शेर की तरह मरे। उन्होंने कभी भी सत्ता का मोह नहीं किया। किन्तु दुर्भाग्य से उनका पुत्र सत्ता के लोभ में इतना गिर गया कि उन्हीं की गोद में जा बैठा जिन्होंने उसके पिता को गालियां दी थीं। जिन्होंने भगवा व हिन्दू आतंकवाद का नया विमर्श समाज को थोपा। जो शिवसेना बालाजी के जीवनकाल में हिंदुत्व का पर्याय बनकर ज़िंदा रही उसी शिवसेना ने कुर्सी के लिए अपने मूल सिद्धांत 'हिंदुत्व' की बलि दे दी। यदि एकनाथ शिंदे ने बगावत न की होती तो उद्धव गोल टोपी ओढ़कर मज़ारों पर भी चादर चढ़ाने चले जाते। सत्ता के लिये उद्धव जितना गिरे हैं उतना तो कांग्रेस भी नहीं गिरी क्योंकि कांग्रेस ने अपनी तुष्टिकरण की नीति अभी भी नहीं छोड़ी है। वास्तविकता तो यह है कि महाराष्ट्र में सरकार उद्धव की नहीं शरद पवार व सोनिया की थी। वास्तव में सच्चा शिवसैनिक गत ढाई वर्षों से घुटन महसूस कर रहा था जिसने अब खुली हवा में सांस ली है। देखना होगा कि कितने शिवसैनिक उद्धव ठाकरे का समर्थन करने के लिए बचते हैं।

–**यशस्वी टोंक**, मेरठ

### नवजातों से अन्याय

**दुनिया** में करोड़ों लोग है जिनके पास संतानें नही हैं। वे संतान का सुख पाने के लिये देवी देवताओं, धार्मिक स्थलों और अस्पतालों के चक्कर लगाते फिरते है। लेकिन उन्हें संतान का सुख नहीं मिलता। आज सड़कों के किनारे, रेलवे लाइन के किनारे, झाड़ियों-पार्कों, कूड़े के ढेरों में, बोरे में भरकर और कुछ तो उन्हें लकड़ी के बक्से में रख कर नदियों में बहा देते है। अवैध प्रेम संबंधों से पैदा होने वाले बच्चों को लोकलज्जा के कारण इस तरह फेंकना सभ्य समाज के लिये चिन्तनीय बात है। जब हर क्षेत्र में विज्ञान प्रगति के दर्शन हो रहे है। फिर को मनुष्य आधुनिक साधनों का उपयोग कर इन नवजातों को गर्भ में आने ही नहीं देना चाहिये। गर्भ निरोधकों की जानकारी आज सबको है। फिर समाज में इस तरह नवजातों को मौत के मुंह में नहीं फेंका जाना चाहिये। प्राचीन काल से सन्तानो को फेंकने की कथाएं प्रचलित है। उनसे समाज को प्रेरणा लेने की जरूरत है। मां का स्थान सर्वोच्च है। वह मां कुमाता बनकर अपनी ही संतान को मौत के मुँह में फेकने का अपराध करे। तो वह निंदनीय है। समाज को चेतना होगा। नवजातों को फेकना सभ्य समाज मे कलंक की बात है।

–**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### आपातकाल की याद

**25 जून 1975** आधीरात को सारे विपक्षी नेता नजरबन्द, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताले, सहमा-सहमा पूरा भारत और उसके बाद 19 महीने तक बंद नेताओं से दुर्व्यवहार के साथ ही इंदिरा इज इण्डिया ही चलता रहा, जब तक जयप्रकाश नारायण की क्रांति ने इंदिरा शासन को बुलंद आवाज के जरिये नहीं झकझोरा। आपातकाल उस समय आमजनता से ज्यादा विपक्षी नेताओं व उनके परिवार के लिए आफत ही बना रहा। जिसने भी आपातकाल की मुसीबतों को झेला उसका दिल ही जानता है। बिहार से जेपी की क्रांति ने आखिर इंदिरागांधी का तानाशाही सिंहासन हिला दिया और विपक्षी एकता के आगे सख्त व जिद्दी शासनाध्यक्ष को झुकना ही पड़ा। फिर जनमानस के जूनून से लोकतंत्र की हवा बही, चुनाव हुए और विपक्षी एकता से देश में नया सूर्योदय हुआ। इंदिरा गांधी को सिंहासन खाली करना पड़ा व मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी ने देश की बागडोर संभाली। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में वैसा अंधेरा युग फिर कभी नहीं आएगा।

–**शकुंतला महेश**, इंदौर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**ब्रिक्स** वैश्विक महामारी के बाद दुनिया के सुधार में सहायता कर सकता है। परस्पर सहयोग ने सभी नागरिकों को लाभ पहुंचाया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**पश्चिम** संकट पैदा कर रहा है। विश्व अर्थव्यवस्था का बुरा हाल देशों के स्वार्थ के कारण है।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**शीतयुद्ध** की मानसिकता समाप्त होनी चाहिए। ब्रिक्स को प्रतिबंधों का विरोध करना चाहिए।

– **शी जिनपिंग**
चीनी राष्ट्रपति

# बिखरे विपक्ष से मिली भाजपा को ताकत

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**रामपुर** और आजमगढ़ में लोकसभा के उपचुनाव परिणाम ने कई संदेश दिए हैं। एक तरफ बिखरे विपक्ष का पूरा फायदा सत्तारूढ़दल भाजपा ने उठाया तो वहीं सपा जो यह समझती थी कि उसका कोर वोट

पिछड़ा, मुस्लिम उससे अलग होकर कही नही जाएगा वह मिथक भी टूट गया है। दोनों सीटों पर दलित, पिछड़ा भाजपा की लाभकारी योजनाओं के साथ गया है। आजमगढ़ में बसपा ने सपा के वोट काटे तो भाजपा की जीत आसान हुई और रामपुर में बसपा ने प्रत्याशी न खड़ा करके दलितों और पिछड़े वोट के बटवारे को रोका तो भाजपा के घनश्याम लोधी ने भगवा झंडा लहराया है। एक बात और कि अभी बीते फरवरी-मार्च में हुए विधान सभा चुनाव में जिस पर प्रकार से सपा को एक तरफा वोट मुस्लिम समाज का पड़ा वह इस चुनाव में नहीं गया। रामपुर में भी मुस्लिम वोट नहीं निकला, यूं कहा जाए कि सपा के साथ एक तरफा मुस्लिम वोट का जाना अब बीते दिन की बात होती दिख रही है।

कहीं न कहीं सपा का कोर वोट उससे छटक गया है। इस जीत में मोदी सराकर की योजनाओं का भी हाथ है। केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं को बिना भेद-भाव के जरिए योगी सरकार ने दलितों, पिछड़ों और गरीबों तक पहुंचाया है।

## ● केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों से भी लालगढ़ पर चढ़ा भगवा रंग

अगले आम चुनाव 2024 के लिए भाजपा को साफ संदेश मिला है कि भाजपा 80 में से 80 सीटों के लिए मजबूती से आक्रमकता के साथ लड़ेगी।

2019 के आम चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन की वजह से रामपुर और आजमगढ़ सीटों पर सपा का कब्जा हुआ था लेकिन इस उप चुनाव में बिखरे विपक्ष का फायदा भाजपा ने भरपूर उठाया है। रामपुर में बसपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतार तो वहीं आजमगढ़ में बसपा ने प्रत्याशी उतार कर सपा के वोट काटे हैं। दलित, पिछड़े और मुसलमान वोट की बदौलत 2019 में आजमगढ़ सीट से अखिलेश यादव 6 लाख 20 हजार वोट मिले थे जबकि दिनेश लाल यादव को 3 लाख 60 हजार से अधिक मत मिले थे। इसी तरह रामपुर में भी सपा के मोहम्मद आजम खां को 5 लाख 59 हजार से अधिक मत मिले थे और भाजपा की जयप्रदा को 4 लाख 49 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में बसपा का वोट सपा को ट्रांसफर हुआ था। रामपुर में हुए उप चुनाव में सपा के मोहम्मद आसिम राजा को 3 लाख 25 हजार, भाजपा के घनश्याम लोधी को 3 लाख 67 हजार वोट मिले हैं। स्पष्ट है



कि घनश्याम लोधी को पिछड़ा और दलित दोनों समुदाय का वोट मिला यदि इस सीट पर बसपा भी अपना प्रत्याशी खड़ी करती तो जाहिर है कि यही दलित, पिछड़ा वोट बंट जाता और भाजपा की राह मुश्किल हो जाती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आजमगढ़ सीट के परिणाम को देखे तो भाजपा के दिनेश लाल यादव को 3 लाख 12 हजार, सपा के धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हजार, बसपा के शाह आलम गुडडू जमाली को 2 लाख 66 हजार से अधिक वोट मिले हैं। स्पष्ट है कि जमाली ने दलित और पिछड़ों के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के भी वोट काटे हैं। इससे भाजपा की जीत आसान हुई है और बसपा मजबूती के साथ चुनाव लड़ी है। दिनेश लाल की जीत अंतर 8,679 है। रामपुर में कांग्रेस और बसपा मैदान में थी ही नहीं इस वजह से मुस्लिम वोट जो सपा या बसपा को अपना वोट देते वह चुनाव में निकले ही नहीं, इस वजह से रामपुर में कुल 7 लाख से अधिक वोट पड़े हैं। रामपुर में जमाली 42,192 वोटों से चुनाव जीते हैं। दोनों सीटों के मत प्रतिशत को देखा जाए तो भाजपा को 42.08, बसपा को 16.47, सपा को 38.93 प्रतिशत वोट मिले हैं। यही विपक्ष के बिखराव से भाजपा को पूरा लाभ मिला है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट है कि सपा के मुसलमानों का एकतरफा वोट पड़ना बीते समय की बात लगती है।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सपा के गढ़ कन्नौज और बदायूं में सेंधमारी की थी लेकिन अब बीजेपी ने उप चुनाव में भी रामपुर और आजमगढ़ जैसे सपा के किले में सेंधमारी की है। भाजपा का अगला निशना मैनपुरी है। वह इसलिए क्योंकि भाजपा ने विधान सभा चुनाव 2022 में केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल को मैनपुरी में अखिलेश यादव के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा था वह अलग बात है कि बघेल चुनाव हार गए थे। सबसे दिलचस्प बात यह है कि मार्च में हुए विधान सभा चुनाव में सपा ने आजमगढ़ की सभी विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी और रामपुर की पांच में से तीन सपा और दो भाजपा को मिली थी। आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आजमगढ़ और मेंहनगर आती हैं। सभी सीटों पर सपा ने भाजपा पर बढ़त बनाते हुए जीत हासिल की थी। सबसे ज्यादा बढ़त मुबारकपुर सीट पर 29103 वोटों की मिली थी। पांचों सीटों पर 106110 वोटों की बढ़त सपा को मिली थी। आजमगढ़ में यादव और मुस्लिम वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। दलित और कुर्मी वोटर भी निर्णायक भूमिका में हैं। आमतौर पर यादव वोट सपा के साथ जाते हैं लेकिन लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी स्थानीय स्तर पर निरहुआ जनता के बीच रहकर काम करते रहे थे। इसका फायदा उन्हें मिला और सपा के कोर वोटर भी भाजपा में शिफ्ट हो गए। वहीं मुस्लिम वोट शाह आलम जमाली और सपा के धर्मेंद्र यादव में बंट गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में दो सभाएं कीं। इस दौरान अखिलेश यादव और सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव पर सीधा और तीखा हमला बोला। इसके साथ ही योगी का बुलडोजर रूप यूपी समेत पूरे देश में छाया हुआ है। आजमगढ़ में भी इसका असर देखने को मिला। आजमगढ़ के कई अपराधियों पर यूपी पुलिस ने शिकंजा कसा। इसका सकारात्मक संदेश वोटर्स के बीच गया। इसके अलावा मुफ्त राशन, पीएम आवास योजना जैसी नीतियां भी भाजपा के लिए कारगर साबित हुईं।

**लोकसभा उपचुनाव परिणाम**

# सपा को फिर ले डूबा ओवर कांफिडेंस

शिव विजय सिंह। लखनऊ

**लोकसभा** उपचुनाव में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आजमगढ़ व रामपुर जैसे अपने मजबूत गढ़ को गवाने के बाद सपा राजनीतिक रूप से लगातार कमजोर होती दिखाई पड रही है। पार्टी की इस हार के लिए सीधा सपा मुखिया अखिलेश यादव को जिम्मेदार ठहराना गलत नही होगा। माना जा रहा है इस लोकसभा उपचुनाव की हार के पीछे सपा मुखिया अखिलेश यादव का ओवर कॉन्फिडेंस था जो वे इन दोनों सीटों पर हुए उपचुनाव के प्रचार में नही गए।

बीते एक दशक से लगातार हार का मुह देख रही समाजवादी पार्टी को सबसे बड़ा झटका इस उपचनाव में लगा है। सही मायने में देखा जाए तो आजमगढ़ व रामपुर समाजवादियों को मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में इन दोनों ही लोकसभा सीटों के अन्तर्गत आने वाली सभी विधानसभा सीटों पर सपा ने जबरदस्त तरीके से अपना परचम लहराया था। वैसे भी रामपुर को सपा के कद्दावर नेता आजम खां और आजमगढ़ को अखिलेश.मुलायम का गढ़ माना जाता है। 2019 लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ से अखिलेश यादव जीते थे। वहीं, 2014 में मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद चुने गए थे। उधर, 2019 के लोकसभा चुनाव में आजम खां रामपुर में सांसद बने थे। अब ये दोनों सीटें भाजपा के खाते में चली गई हैं।

रामपुर में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने समाजवादी पार्टी के आसिम रजा को मात दी। वहीं, आजमगढ़ में भोजपुरी गायक और भाजपा उम्मीदवार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई धर्मेंद्र यादव को हराकर सपा के मजबूत गढ़ में सेंधमारी की। 2019 में भी निरहुआ इस सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हार गए थे। तब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें हराया था। इस बार विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अखिलेश ने आजमगढ़ की लोकसभा सीट छोड़ दी। उपचुनाव में उन्होंने अपने भाई धर्मेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाया। हालांकि, धर्मेंद्र अखिलेश की जीत बरकरार नहीं रख पाए और चुनाव हार गए। देखा जाए तो आजमगढ़ लोकसभा सीट के तहत मेंहनगर, आजमगढ़ सदर, मुबारकपुर, सगड़ी और गोपालपुर विधानसभा सीटें आती हैं। यहां यादव और मुस्लिम वोटर्स की संख्या सबसे ज्यादा है। दलित और कुर्मी वोटर्स भी निर्णायक भूमिका में हैं। आमतौर पर यादव वोटर्स सपा के साथ जाते हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी स्थानीय स्तर पर निरहुआ जनता के बीच रहकर काम कर रहे थे जबकि कोरोना काल से लेकर अबतक सपा मुखिया अखिलेश यादव यहां से सांसद रहते हुए हुए आजमगढ़ की जनता से दूरी बनाए रहे। इतना ही नहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने उपचुनाव प्रचार से दूरी बना ली थी। अखिलेश ने रामपुर और आजमगढ़ में एक दिन भी प्रचार नहीं किया, जबकि आजमगढ़ उनका लोकसभा क्षेत्र भी रह चुका है। इसके चलते स्थानीय लोग नाराज दिखे। लोगों का कहना था कि आजमगढ़ के लोगों ने जिसे चुनाव जिताया, उसने एक बार में ही आजमगढ़ को बेगाना कर दिया। अखिलेश का आजमगढ़ व रामपुर चुनाव प्रचार में न जाने को राजनीतिक गलियारों में अखिलेश का ओवर कांफिडेंस बताया गया। वहीं, यदी हम रामपुर लोकसभा सीट की बात करें तो यहां की हार का सबसे बड़ा कारण आजम व अखिलेश के बीच का मतभेद सबसे बड़ा हार का कारण बना है। इस क्षेत्र के जनता काफी लम्बे समय से आजम व अखिलेश खेमे में बट चुकी थी, दूसरे आजम खां भी काफी समय तक जेल में रहे। इसके चलते वह रामपुर से कट गए थे। इतना ही नही जब आजम जेल में थे उस दौरान आजम व अखिलेश के बीच जबरदस्त मतभेद होना सामने आया था, दोनों ही खेमों के नेताओं के बीच जबरदस्त गरमा-गर्मी हुई थी यही नहीं आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम खां ने भी अखिलेश पर कटाक्ष किए थे। इसके चलते दोनों के समर्थक भी कई बार खुलकर एक.दूसरे पर आरोप लगाते हुए दिखे। विधानसभा चुनाव के बाद आजम खां के समर्थकों ने आरोप लगाया कि यादव वोटर्स ने सपा को वोट ही नहीं दिया। वहीं, बुलडोजर व अन्य मामलों में मुस्लिमों का साथ न देने का भी आरोप सपा पर लगा। कुल मिलाकर दोनों ही लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम भाजपा की मजबूत रणनीति व सपा की कई खामियों का नतीजा माना जाए तो गलत नही होगा।

# भारत विकास परिषद ने किया प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

'**हम** करें राष्ट्र आराधन' गीत को गुनगुनाते हुए 'स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत' के अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु भारत विकास परिषद, अवध प्रांत की एक दिवसीय कार्यशाला इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन हाल, विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ में रविवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक श्री कृष्ण मोहन जी थे।

अवध प्रांत के विभिन्न जनपदों से पधारे 176 शाखा कार्यकारिणी सदस्यों में संगठन मंत्री विक्रांत खण्डेलवाल जी ने आदर्श शाखा संचालन तथा विस्तार के व्यवहारिक सूत्रों को बताते हुए प्रत्येक सदस्य को एक सदस्य बनाने हेतु संकल्पित किया।

## शहर में सभी बूथों पर सुनी गई 'मन की बात'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को आज लखनऊ महानगर के सभी बूथों पर चुना गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक आशुतोष टंडन गोपाल जी, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा द्वारा तहसीन गंज चौक में लखनवी चिकन प्रतिष्ठान पर बड़ी संख्या में उपस्थित लखनऊ चिकन हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अन्य व्यापारियों व कारीगरों के साथ देखा व सुना गया।

# कांग्रेस का सत्याग्रह आज, निकालेंगे मार्च

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि सेना में भर्ती को लेकर मोदी सरकार द्वारा लायी गयी अन्यायपूर्ण तुगलकी अग्निपथ योजना को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस भी मुखर विरोध पर उतारू है। यूपी कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी के निर्देश पर अग्निपथ के इस अन्यायपूर्ण मुद्दे पर सोमवार को 27 जून को सुबह 10 से 1 बजे प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और जिला/शहर अध्यक्षों के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से सत्याग्रह करेंगे। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी जनों द्वारा शांतिपूर्ण मार्च निकालकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत के राष्ट्रपति को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन इस अन्यायपूर्ण अग्निपथ योजना को वापस लिये जाने की मांग को लेकर भी सौंपा जायेगा।

# भाजपा ने लोकतांत्रिक मान्यताओं को ध्वस्त कर दिया है: सपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आजमगढ़ और रामपुर संसदीय उपचुनाव में भाजपा सरकार ने सत्ता का खुलकर दुरुपयोग किया और छलबल से जनमत को प्रभावित करने का षडयंत्र किया है।

भाजपा की सत्ता लोलुपता ने प्रदेश में सभी लोकतांत्रिक मान्यताओं को ध्वस्त कर दिया है। अखिलेश ने कहा कि आजमगढ़ और रामपुर दोनों क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ी है। जनता का रुझान समाजवादी पार्टी की ओर रहा है। भाजपा ने अपने पक्ष में जबरन मतदान के लिए सभी अलोकतांत्रिक एवं निम्नस्तर के हथकंडे अपनाए। मतदाताओं को वोट डालने से रोका गया। उन्हें डराया धमकाया गया। पुलिस ने तमाम कार्यकर्ताओं को थानों में जबरन अवैध तरीके से बिठा लिया। पोलिंग एजेंटों को मतदान केन्द्रों से बाहर कर दिया गया। अखिलेश ने कहा कि रामपुर में जहां मुस्लिम क्षेत्र में 900 वोट थे वहां 6 वोट पड़े और जहां 500 वोट थे वहां कुल 01 वोट पड़ा। यह लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का मजाक नहीं तो क्या है, भाजपा की ये जीत बेईमानी, छल, सत्ताबल, लोकतंत्र और संविधान की अवहेलना, जोर जबर्दस्ती, प्रशासनिक सरकारी मशीनरी की दमनकारी तथा चुनाव आयोग की धृतराष्ट्र दृष्टि तथा भाजपाई कौरवी सेना की जनमत अपहरण का नतीजा है। इसे आप चुनाव कैसे कह सकते हैं, लोकतंत्र लहूलुहान है और यह जनता का उपहास है। अखिलेश ने कहा कि ऐसे में लोकसभा उपचुनाव की जीत का जश्न मनाना जनता का उपहास करना है। मुख्यमंत्री जिस जीत का दावा करते है उस तथाकथित जीत से जनता हतप्रभ है। सच तो यह है कि सन् 2024 में जनता भाजपा के इस अहंकार को तोड़कर रख देगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में गरीबों को तबाह किया है, नौजवानों के भविष्य को अंधकार में धकेला है। किसानों के साथ धोखा किया है।

डबल इंजन सरकार में विगत पांच वर्षों से विकास अवरुद्ध है। भाजपा. आरएसएस के गठबंधन के नतीजे की सच्चाई को जनता बखूबी जान गई है और वह इसका भाजपा को करारा सबक सिखाएगी।

# कैप्टन मनोज की शहादत को याद किया गया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहीद** सम्मान समारोह समिति उत्तरप्रदेश के तत्वावधान में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पाण्डेय जी की 47 वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ के गोमती नगर में कैप्टन मनोज पाण्डेय चौक स्थित प्रतिमा पर उनकी स्मृति में हवन-पूजन , पुष्पांजलि और दिप प्रज्वलन करके शहीद को याद किया गया। जयंती कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि जब कभी हमारे देश के स्वतंत्रता, सम्मान और रक्षा की बात आती है तो मन मे ऐसे कई वीरों के नाम आते है जिन्होंने भारत माता की रक्षा के लिये सब कुछ न्यौछावर कर दिया, ऐसे ही कारगिल युद्ध के हीरो परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने 24 वर्ष की उम्र में देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनके जीवन से युवाओं को प्रोत्साहित होकर घर, परिवार और देश का नाम रौशन करना चाहिए।

# बिजली दर के मुद्दे पर अहम चर्चा आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की बिजली कंपनियों की तरफ से वर्ष 2022 -23 तक वार्षिक राजस्व आवश्यकता व बिजली दर संबंधी सुनवाई जहां विद्युत नियामक आयोग में पूरी हो चुकी है वही ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी संवैधानिक समिति राज्य सलाहकार समिति की कल विद्युत नियामक आयोग सभागार में आयोग चेयरमैन श्री आर पी सिंह की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है जिसमें प्रमुख सचिव ऊर्जा सहित अन्य प्रमुख विभागों के प्रमुख सचिव प्रबंध निदेशक उपभोक्ता प्रतिनिधि उद्योग प्रतिनिधि भाग लेंगे जिसमें बिजली दर के मुद्दे पर सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा राज्य सलाहकार समिति की बैठक के बाद विद्युत नियामक आयोग बिजली दरों को अंतिम रूप देगा और इसके बाद आयोग जल्द से जल्द बिजली दरों का निर्धारण कर उसका आदेश जारी करेगा । उपभोक्ता परिषद् अध्यक्ष ने कहा कल राज्य सलाहकार समिति सदस्य के रूप प्रदेश के उपभोक्ताओं का पूरा पक्ष रखुंगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा सभी को पता है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों पर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का लगभग 22045 करोड निकल रहा है ऐसे में अगले 5 वर्षों तक प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 7 प्रतिसत की लगातार कमी की जाएगी तभी नफा नुकसान बराबर होने वाला है जहां तक सवाल है नोएडा पावर कंपनी के मामले में बिजली दर निर्धारण का तो अभी तक जो विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी आदेश है उसके तहत लगभग 1176 करोड नोएडा पावर कंपनी पर सर प्लस निकल रहा है ऐसे में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कमी होना तय है क्योंकि ग्रेटर नोएडा पावर कंपनी का लाइसेंस जो 30 अगस्त 2023 को समाप्त हो रहा है ऐसे में विद्युत नियामक आयोग को बिजली दरों में कमी करना ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बहुत जरूरी होगा क्योंकि एनपीसीएल का जब टेंडर निकलेगा तो उसमें उस कंपनी का मालिक आगे कौन होगा या भविष्य के गर्त में है ऐसे में विद्युत नियामक आयोग के सामने बिजली दरों में कमी का ही विकल्प बचता है ।

# सोलह करोड़ लोगों को मिली टीके की दोनों खुराक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** सरकार कोरोना संक्रमण को मात देने के लिए बेहतरीन रणनीति के तहत काम कर रही है। जिसका परिणाम है कि योगी सरकार ने रविवार को टीकाकरण में एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए यूपी में 16 करोड़ से अधिक टीके की दोनों डोज दी जा चुकी है। यूपी में 33 करोड़ 92 लाख से अधिक टीके की डोज देने के साथ ही टीकाकरण अभियान में दूसरे प्रदेशों की तुलना में पहले पायदान पर अपना स्थान बनाए हुए है। सर्वाधिक आबादी वाले यूपी में सर्वाधिक टीके की डोज देकर देश में यूपी टीकाकरण अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रहा है।



प्रदेशवासियों को टीके का कवच देने के लिए सीएम की ओर से आला अधिकारियों को समय समय पर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। यही कारण है कि यूपी पहला प्रदेश है जहां कम समय में सबसे ज्यादा टीकाकरण किया गया है। प्रदेश में 33,92,79,038 टीके की डोज दी जा चुकी है। जिसमें 17,54,89,656 को पहली डोज और 16,02,66,806 को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक यूपी में 35,22,576 को प्रीकॉशन डोज दी जा चुकी है।

प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता का ही असर है कि 24 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या न के बराबर है। राज्य में योग्य वयस्क आबादी के 100 प्रतिशत को टीके की पहली डोज व करीब 99 फीसदी आबादी पूरी तरह से टीके की डोज दी चुकी है। संक्रमित मरीजों को उनके घर पर ही सारी सेवाएं सरकार की ओर से पहुंचाई जा रही हैं। संक्रमितों की 24 घटें की मॉनिटरिंग, दवाओं की उपलब्धता, टेस्ट, सैनिटाइजेशन के साथ ही उस इलाके में कोविड गाइडलाइन का पालन कड़ाई से कराया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि प्रदेश के हालात बेहतर हैं। प्रदेश में स्वच्छता, कोविड गाइडलाइन, प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। यूपी 33 करोड़ टीके की डोज देने के बाद जल्द ही 34 करोड़ टीके की डोज देने वाला पहला राज्य होगा। उत्तर प्रदेश सरकार समयबद्ध तरीके से 12 से 17 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को टीकाकरण कवर प्रदान कर रही है। राज्य में अब तक 15-17 आयु वर्ग के बच्चों को 2,60,80,643 से अधिक टीके की डोज दी जा चुकी है और 12-14 आयु वर्ग के बच्चों को 1,37,51,108 से अधिक टीके की डोज दी जा चुकी है।

# सभी पार्टियां द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करें: आठवले

## ● आरपीआई अध्यक्ष ने की सीएम योगी सराहना, शिवसेना पर बोला हमला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रिपब्लिकन** पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) आगामी 27 नवंबर को लखनऊ में महासम्मेलन करने जा रही है। जिसके माध्यम से आरपीआई, उत्तर प्रदेश में अपनी ताकत दिखाएगी। महासम्मेलन का आयोजन वृंदावन स्थित आवास विकास मैदान में होगा। सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सहित भाजपा के बड़े नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

ये बात रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने योजना भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में बम्पर जीत के बाद आजमगढ़ एवं रामपुर में भाजपा की जीत ये बताती है कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। मुस्लिम समाज ने भी भाजपा को अपना समर्थन दिया है। माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने केंद्र में 8 वर्ष पूरे किए, मैं श्री मोदी जी को शुभकामनाएं देता हूँ कि उन्होंने 8 वर्षों के शासन में पूरे देश में 8 साल में विकास का जाल फैला दिया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए आरपीआई राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ, जबकि सपा के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में 30-35 दंगे हुए। तीन तलाक के कानून ने मुस्लिम महिलाओं को सम्मान से जीने का अधिकार दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर बेहद सराहनीय निर्णय लिया है। इससे पहले दलित समाज से आने वाले रामनाथ कोविंद जी को राष्ट्रपति बनाया। एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जी को बसपा सुप्रीमो मायावती जी ने समर्थन दिया है, इस फैसले के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। आरपीआई द्रौपदी मुर्मू जी को समर्थन कर रही है और हर दल को उनका समर्थन करना चाहिए था, क्योंकि वह आदिवासी समाज से हैं, जिससे चुनाव निर्विरोध हो जाता। लोकतंत्र में चुनाव लड़ना सबका अधिकार है लेकिन आदिवासी समाज एवं एक महिला होने के नाते हर पार्टी को द्रौपदी मुर्मू जी का समर्थन करना चाहिए था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरपीआई, उत्तर प्रदेश के संगठन को अधिक मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। अब तक 55 जिलों की कार्यकारिणी बन गयी है और आने वाले समय में 20 जिलों की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और उत्तर प्रदेश में आरपीआई एक बड़ी ताकत केरूप में उभरकर सामने आएगी।

महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एकनाथ शिंदे जी असली शिवसैनिक हैं। गुवाहटी में उनके साथ शिवसेना के बहुत सारे विधायक हैं। उद्धव ठाकरे सरकार अल्पमत में आ गई है। उन्हें सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। एकनाथ शिंदे जी का प्रस्ताव जब भाजपा के पास आएगा, तब एकनाथ शिंदे जी, भाजपा, आरपीआई मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाएगी। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से मेरी बातचीत हुई और मैंने कहा कि महाराष्ट्र में देवेंद्र फड़नवीस जी के नेतृत्व में सरकार बननी चाहिए। साथ ही सरकार बनने के बाद आरपीआई को एक मंत्रीपद मिलना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शिवसेना को गुंडागर्दी बंद करनी चाहिए और उद्धव ठाकरे को इस संबंध में आवाह्न करना चाहिए। संजय राउत शिवसैनिकों को भड़काने का काम कर रहे हैं। ये बंद होना चाहिए। एकनाथ शिंदे जी की नाराजगी लंबे समय से शिवसेना से है। उद्धव ठाकरे उनसे मिलते नहीं थे, उनका काम नहीं होता था, विकास के लिए उनको बजट नहीं दिया जाता था। महाविकास अघाड़ी सरकार महाविनाश अघाड़ी सरकार है। शिवसेना बाला साहेब ठाकरे की है और एकनाथ शिंदे बाला साहेब के सच्चे बंदे हैं।

# डीएम ने लगाई क्लॉस, प्रधानाचार्यों को कई बिंदुओं को लेकर पढ़ाया पाठ

संवाददाता। सीतापुर

**शहर के राजकीय** इंटर कॉलेज में रविवार को अनोखी क्लॉस लगी। इस क्लॉस में शिक्षक की भूमिका में जिलाधिकारी अनुज सिंह नजर आए और प्रधानाचार्यो को बेहतर पठन पाठन का पाठ पढ़ाया। डीएम ने कहा कि शिक्षण कार्य की गुणवत्ता उच्च स्तर तक तभी पहुंच सकती है जब शिक्षकों की कॉलेजों में शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य हो। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों का वह हमेशा सम्मान करते हैं, इसलिए इसे आग्रह समझें और उपस्थिति हर हाल में सुधार लें। जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यो को प्रण कराया कि अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में शीर्ष तीन में सीतापुर का नाम अवश्य होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में लागू सरकार की योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने एवं पठन-पाठन स्तरोन्नयन विषयक प्रधानाचार्य संगोष्ठी का जिलाधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए शुभारंभ किया। डीएम ने शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार कर बच्चो एवं अभिभावकों को जागरूक करने की अपील प्रधानाचार्यो से की। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यो से कहा कि बच्चियों को गुड टच एवं बैड टच से जागरूक किया जाय, बच्चो के प्रति स्ट्रेस की समस्या ज्यादा आ रही है अत: यह जिम्मेदारी प्रधानाचार्यो की है कि वे बच्चो की स्ट्रेस की काउंसलिंग कराते रहे, विद्यालय में लाइब्रेरी पठन का समय भी निर्धारित किया जाय, सप्ताह में दो बार असेम्बली क्लास के साथ योगाभ्यास भी अवश्य कराया जाय, बच्चो को अखबार पढ़ने की आदत डलवाई जाय जिससे सोसल मीडिया के माध्यम से प्राप्त भ्रामक ज्ञान से बच सके। जिन बच्चो के अभिभावक अपने बच्चो को सही दिशा में ले जाने में असमर्थ है उन बच्चो को सही दिशा में ले जाने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्यो को दी। डीएम ने कहा कौन सा बच्चा किस क्षेत्र में जाना चाहता है इसकी काउंसलिंग प्रधानाचार्यो द्वारा सुनिश्चित की जाय, बच्चो को एक डायरी अवश्य दी जाय व प्रतिदिन डायरी पर अंकित भी किया जाय जिससे अभिभावकों को भी जानकारी रहे बच्चे आज क्या किये हैं। बच्चो को थानों की कार्यशैली दिखाई जाय, तहसीलों के प्रशासन एवं कार्यशैली से अवगत कराने के लिए बच्चो को तहसील में ले जाकर दिखाया जाए, विकास योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे होता यह जानकारी देने के लिए उन्हें ब्लॉकों में ले जाया जाए। यह सब एक्स्ट्रा एक्टिविटी के तहत किया जाय। बच्चो को स्कॉलर एवं अभ्युदय योजना से अवश्य परिचय कराया जाय। अभ्युदय कोचिंग में जो भी प्रधनाचार्य एवं शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं वे अपना शिक्षण सहयोग दें सकते हैं। जिलाधिकारी ने सफल लोगो से अपील किया कि अपने गांव एवं क्षेत्रो में बच्चो के लिए कुछ सकारात्मक एक्टिविटी अवश्य करे जिससे बच्चे अधिक प्रेरित हो सके।

# भारत परिषद की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

संवाददाता। सीतापुर

**भारत परिषद** द्वारा शहर के मुंशीगंज स्थित जिला कार्यालय में जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का मनोनयन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ याकूब खान व मंडल महामंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्य, शिव बालक त्रिवेदी उपस्थित रहे। अगुवाई जिलाध्यक्ष आकाश राय व संचालन महासचिव सुधांशु मिश्रा ने किया। शुभारंभ मॉ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर व अतिथियों के बैच व माल्यार्पण से हुआ। जिलाध्यक्ष आकाश राय द्वारा जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा, जिला संयुक्त सचिव अजीत सक्सेना, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राम कुमार कटियार, अनिल श्रीवास्तव, विजय कुमार शुक्ला को मनोनीत किया गया। जबकि कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश कश्यप, जिला संगठन मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई व सोशल मीडिया प्रमुख शिखा शर्मा को बनाया गया। भारत परिषद के जिला मंत्री अम्बरीश दीक्षित, महेश शुक्ला व निकेत रस्तोगी बने। अगले क्रम में विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय पाण्डेय, छायाकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजीत सक्सेना, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी व उपाध्यक्ष विकास चन्द्र जैन व डॉ राजीव मिश्रा, महासचिव डॉ विनायक अवस्थी बनाए गए। व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक प्रजापति, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशिकला मिश्रा बनी। जिला कार्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप राय व जिला सलाहकार डॉ कमल किशोर सेठ, नगर अध्यक्ष महिला युवा मोर्चा रजनी वर्मा मनोनीत हुई। तहसील अध्यक्ष महमूदाबाद अध्यक्ष महेश शुक्ला, तहसील अध्यक्ष सिधौली मन्नू लाल तिवारी व जिला कार्यकारणी सदस्य में मुईद अहमद, संजीव द्विवेदी, अजय मिश्रा, कुलदीप सिंह को मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र व माल्यार्पण कर बधाई दी गई।

## क्विक न्यूज

### भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सुनी पीएम के मन की बात

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 90 वे संस्करण को भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एलईडी स्क्रीन पर सुना। इस अवसर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि जनता के प्रधान सेवक होने के नाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता से नियमित संवाद करना सुशासन व पारदर्शी राजनीति का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के द्वारा जनता से सीधा संवाद स्थापित कर प्रगतिशील सरकार का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। इस मौके पर अनिल सिंह पताबोझ, रोहित सिंह, राजेश शुक्ला, सचिन मिश्रा, रमेश भार्गव दीपू, संजय वर्मा, कामेश शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, प्रतीक पांडे, रिसभ त्रिवेदी, मयंक टंडन, शुभम पांडे आदि मौजूद थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने की चाय पर चर्चा

**सीतापुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष समीर अहसन रिजवी ने कार्यकर्ताओं के घर जाकर चाय पर चर्चा करने की रणनीति बनाई है। इस महत्वपूर्ण रणनीति के तहत रविवार को विधानसभा सेउता के प्रत्येक मंडल अध्यक्ष के घर दुकान पर जाकर चाय पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने प्रत्येक मंडल अध्यक्ष एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रत्येक घर पर जाकर संपर्क करें एवं भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को वोट देने का संकल्प दिलाएं। इस दौरान द्वारिका प्रसाद मेमोरियल स्कूल रेउसा के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में महमूदाबाद में मोहन प्रसाद बारी के बाग में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर हनीफअहमद, संजय सिंह कुशवाहा, नफीस अहमद, शफीक कुरैशी, मोहम्मद फारूक, वसीम खान आदि मौजूद थे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में पंजीकरण बढ़ाने के संबंध में बीएसए ने दिए निर्देश

**सीतापुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों का पंजीकरण बढ़ाने के संबंध में बीएसए अजीत कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सीटीई लखनऊ द्वारा इस छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों की प्रतिभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से 2 लाख 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में छात्रवृत्ति परीक्षा में भारत सरकार द्वारा जो परिवर्तित कर अधिसूचित किया गया है उसमें शैक्षिक सत्र 2021-22 में कक्षा 7 की परीक्षा 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना बताया गया है। ऐसे छात्र-छात्राएं जो सत्र 2022 में राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत हों और जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय सभी सूत्रों से 3 लाख 50 हजार से अधिक न हो इस तरह के कम से कम 10 छात्रों को छात्रवृत्ति परीक्षा के पंजीकरण एवं परीक्षा की तैयारी करने हेतु प्रेरित किया जाना है।

### पीएचसी रेउसा का तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण

**सीतापुर।** रेउसा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशोरगंज का बिसवां तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें अस्पताल गेट पर ताला लटकता मिला, अस्पताल में तैनात कर्मचारी नदारद थे। ड्यूटी पर मौजूद वार्ड बॉय आकाश चंद्र पांडे ने गेट खोल कर ड्यूटी रजिस्टर मेडिसिन कक्ष आदि दिखाया। डॉ नरेश, लैब टेक्नीशियन राममिलन मौर्य, फार्मासिस्ट अनूप. वर्मा व सफाई कर्मचारी मौजूद नही मिले। अस्पताल में मिले एक मात्र कर्मचारी वार्ड बॉय आकाश चंद्र पांडे ने बताया सभी कर्मचारी इसी तरह से ड्यूटी करते हैं महीनों बीत जाते हैं डॉक्टर अस्पताल नहीं आते हैं। जिस पर तहसीलदार द्वारा नाराजगी जताते हुए उचित कार्यवाही करने की बात कही गई।

### शूरवीरों के सम्मान में आयोजित हुई संगोष्ठी

**सीतापुर।** भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजयुमो द्वारा अपातकाल के शूरवीरों के सम्मान में एक संगोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी के माध्यम में सीतापुर जिले के लोकतंत्र सेनानी अनिल सिंह, भरत त्रिपाठी, राम प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा को सम्मानित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला व रोहित सिंह ने जिले के युवाओं को अपने संबोधन के माध्यम से आपातकाल के बारे में तमाम बिंदुओं को प्रकाशित किया। इस मौके पर तरुण शुक्ला, प्रतीक पाण्डेय, अनूप विश्वकर्मा, रणंजय सिंह, रामप्रताप सिंह, वैभव सिंह, कामेश शुक्ला, अमन विक्रम सिंह, अभिषेक मिश्र, राजा शुक्ला, अंकुल तिवारी मौजूद थे।

# भूखे बैठे मरीज से मिले उपमुख्यमंत्री सीएमएस से जताई सख्त नाराजगी

संवाददाता। बरेली



**उत्तर प्रदेश** सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने महाराणा प्रताप जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एक्स-रे रूम के बाहर बैठे सोहन लाल का हाल जाना सोहनलाल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से चिकित्सालय के चिकित्सक की शिकायत करते हुए बताया 5 दिन से बाहर बैठा हुआ हूं किसी भी तरह का कोई भी उपचार नहीं मिला है और भूखा बैठा हूं इस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएमएस मेघ सिंह से नाराजगी व्यक्त करते हुए । सोहनलाल के उपचार के लिए निर्देशित किया । और स्वयं सोहनलाल को स्टेचर पर बिठाया और अपने कार्यकर्ता से सोहनलाल के लिए भोजन मंगवाया उसके उपरांत बृजेश पाठक चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे और उपचार करा रहे लोगों का हाल जाना इमरजेंसी वार्ड में भर्ती सरदार खा का पुत्र दिलदार खान से हाल पूछते हुए बताया सरकार गरीब और असहाय लोगों के लिए निशुल्क उपचार करा रही है किसी तरह की भी कोई लापरवाही हो तो आप शिकायत कर सकते हैं इस पर सदार खान के तीमारदारों ने बताया अस्पताल के द्वारा कोई भी किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है समय अनुसार उपचार हेतु दवाइयां दी जा रही हैं । इस मौके पर एडीएम सिटी सीएमएस मेघ सिंह सीएमओ बलवीर सिंह डॉ गौतम डॉअंशु अग्रवाल वा चिकित्सक कर्मचारी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन शर्मा ,बंटी ठाकुर अंकित आदि भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिरूपति महोत्सव का मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

संवाददाता। सीतापुर

**श्री तिरुपति बाला** जी दिनेश दरबार ट्रस्ट द्वारा आयोजित तिरुपति महोत्सव का बीते शनिवार को मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे नगर विकास मंत्री/विधायक राकेश राठौर 'गुरु' व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बीते शनिवार की शाम फीता काट कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा द्वारा पंडाल में मौजूद समस्त लोगो से अपील की गई कि महोत्सव में अपने सभी मित्रों के साथ आकर मेले का लुफ्त उठाये व महोत्सव को भव्य एवं सफल बनायें। साथ ही मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि यह महोत्सव अपने आप मे ग्रामीण स्तर पर बहुत बड़ा अयोजन है। व सभी को धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह ही कि मेले आकर महोत्सव में हो रहे अनेको संस्कृतिक कार्यक्रमो का आनंद ले। तिरुपति बाला जी दिनेश दरबार ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा महोत्सव में होने वाले समस्त कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया गया कि महोत्सव में मुंबई की कई मशहूर हस्तियां करेंगी शिरकत। जिसमे 28 जुलाई 2022 को भगवान वेंकटेश्वर की महाआरती उतारेंगी अभिनेत्री महिमा चौधरी, तो वही 1 जुलाई 2022 को बॉलीवुड नाइट में अपने सुरों की मधुर आवाज से शमा बाँधेंगे सचिन सचदेव व धारणा पहवा। व एक शाम विकण्टेश्वर धाम के नाम कार्यक्रम में 04 जुलाई 2022 को सुरों की मलिका बॉलीवुड सिंगर साधना सरगम जी अपनी सुरीली आवाज से बिखेरेंगी छटा। साथ ही महोत्सव के अंतिम दिवस की शाम 11 जुलाई 2022 को फिल्मी सितारों की एक शाम तिरुपति महोत्सव के नाम कार्यक्रम में हरदिल अजीज अपनी आवाज से लोगो के दिलो पर राज करने वाले तुम तो ठहर परदेशी साथ क्या निभाओगे गाने को अपनी आवाज देने वाले महसूर बॉलीवुड सिंह अल्ताफ़रजा अपनी सुरमई आवाज से बिखरेंगे जलवा तो साथ ही इंडियन आईडल 3 पूजा चटर्जी, व लाफ्टर शो राजन श्रीवास्तव भी अपने मजाकिया अंदाज से दर्शकों का करेंगे मनोरंजन। आपको बताते चले कि विकण्टेश्वर महोत्सव कार्यक्रम में बच्चो के मनोरंजन हेतु अनेको प्रकार के झूले व दूर दूर से आये हुए ब्यापारियों द्वारा लगाई गई नुमाइशी दुकाने भी दर्शकों के मन को लुभाएंगी। कार्यक्रम में नगरीय एवं ग्रामीण आँचल को ध्यान में रखते हुए महोत्सव आयोजको द्वारा ग्रामीण स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे हुडुक,आल्हा, लिलीघोड़ी नांच, कव्वाली, आदि जैसे मनोरंजक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया गया है। महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में तिरुपति बाला जी दिनेश दरबार ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश मिश्र, महासचिव मनीष मिश्र, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, संदीप अग्निहोत्री प्रभारी युवा महोत्सव,मोनिका आनंद अन्य हस्तियों सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बहेडी थाना क्षेत्र के गांव अखा निवासी 47 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र नत्थू लाल की आज सुबह दिल्ली के गांव जादो पुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि राकेश आज सुबह मजदूरी करने के लिए मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद जादोपुर के पास तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची राकेश की मौत हो चुकी थी घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था ।

## दुर्घटना में घायल बिजली मिस्त्री की जान गई

**बरेली ।** स्कूटी सवार बिजली मिस्त्री को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी बिजली मिस्त्री अरुण कुमार पुत्र महेश बाबू की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि अरुण बिजली मिस्त्री था और 20 जून को स्कूटी पर अपने किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजकर उसके पास मिले मोबाइल फोन से घर वालों को सूचना दे दी जो अस्पताल पहुंचे कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात अरुण कुमार की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विधायक, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी की ओर से घरौनियों का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**बरेली ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने आज लोकभवन सभागार लखनऊ में स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार की गई आवासीय अधिकार अभिलेख (घरौनियों) का वितरण किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण कर डॉ. सूर्यकांत व सीएमओ ने जानी स्वास्थ्य सेवा की हकीकत

**लखीमपुर खीरी।** केजीएमयू लखनऊ टीबी चेस्ट विभागाध्यक्ष और जोनल टास्क फोर्स नार्थ इंडिया के प्रोफेसर राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के चेयरमैन आईएम उत्तर प्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट डॉ सूर्यकांत व सीएमओ डाण् शैलेंद्र भटनागर द्वारा रविवार को संचालित किए जा रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के निरीक्षण के क्रम में निर्मल नगर पीएचसी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर सहित एसीएमओ डॉ बीसी पंत एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मेले में पहुंचकर प्रोफेसर डॉ सूर्यकांत व सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर द्वारा सर्वप्रथम संचारी रोगों को लेकर की जा रही जांच के विषय में जानकारी की गईए इसके बाद उन्होंने बनाए जा रहे गोल्डन कार्ड की जानकारी करते हुए लाभार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी की। इसके बाद वह आयुर्वेद चिकित्सा के लिए लगाया गए काउंटर पर पहुंचेए जहां उन्होंने डॉण् आकांक्षा तिवारी से आयुर्वेदिक औषधियों के फायदे के बारे में पूछा। ओपीडी में पहुंच उन्होंने डॉण् पूनम और फार्मासिस्ट रवि कश्यप से मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की। इस दौरान जिला टीबी अस्पताल के एसएमओ डॉण् रजत अवस्थी द्वारा वहां आ रहे खांसी और बुखार के मरीजों की जानकारी दी गई और बताया गया कि सभी की टीबी की जांच भी कराई जा रही है। वह एनसीडी के काउंटर पर पहुंचे जहां पर शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की जा रही थी यहां मौजूद लैब टेक्नीशियन ध्रुव और काउंसलर नीरज से उन्होंने एनसीडी द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की। इस दौरान मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चल रहे योगा कैंप में भी वे पहुंचे जहां योगाचार्य प्रिंस द्वारा उन्हें योग के विषय में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं सेवा पूरी तरह संतुष्ट दिखे और उन्होंने कहां की यह सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जिससे गांव.गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सके।

# प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक में हुआ मंथन

**ढखेरवा.खीरी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा लखाही के प्रांगण में खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड़ में हृदय शंकरलाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रधान अध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक एवं उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। इस बैठक में समस्त एआरपी उपस्थित रहे। उनके द्वारा बारी बारी से विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बैठक का प्रारंभ करते हुए एआरपी संतोष वर्मा ने विद्यालय की साफसफाईए पूर्व निर्देशित पौस्टरए चार्ट व निपुण भारत लक्ष्यए सूचीए तालिका के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। जेन्डर इक्विटी व महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति विचार के संबंध में ओम प्रकाश के द्वारा प्रिन्टरिच मटेरियल यू.डायस त्रुटि रहित 100: पूर्ण करनाए एआरपी अजय कुमार वर्मा के द्वारा विस्तृत रूप से शिक्षकों को प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रत्येक दशा में लक्ष्य के सापेक्ष शत.प्रतिशत नामांकन एवं पोर्टल पर अपलोड करना के संबंध में निर्देशित किया गया। संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के विषय में स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़ से पधारे चिकित्सकों की टीम और यूनिसेफसे आए हुए विशेषज्ञों के द्वारा शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया गया। एआरपी आशीष श्रीवास्तव के द्वारा छात्र उपस्थिति बढ़ाने तथा 19 पैरामीटर पर एसएमसी अध्यक्ष व ग्राम प्रधान से चर्चा करनाए पुरातन छात्र की सूची तैयार करना विद्यालय न आने वाले छात्रों को सूचीबद्ध करना एसएमसी सदस्य के माध्यम से सम्पर्क तथा 85: उपस्थिति का लक्ष्य प्राप्त करना आधार एथेन्टीकेशन 100: पूर्ण करना यूनीफार्म क्रय व स्पोर्ट्स ग्रांट का डीसीएफ भरना यदि कोई समस्या होती है तो खंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर उसका समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। 8.40 मीटर से कम दूरी पर स्थित पोल वाले कनेक्शन विहीन विद्यालय द्वारा कनेक्शन की प्रक्रिया पूर्ण कर कनेक्शन कराना मेन्यू के अनुसार भोजनमन्त्र के साथ पीएम पोषण ;एमडीएमद्ध संचालन योगा पर बलए कक्षावार गृह कार्य की जांच और अन्तिम कालांश में गृहकार्य देना निपुण भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रतिदिन 12रू30 से 1रू30 तक समस्त स्टाफ द्वारा मिलकर चर्चा करनाए प्रत्येक गतिमान कार्य के लिए अपने स्टाफमें ही अलग.अलग नोडल बनाकर उत्तरदायित्व निर्धारित करना और तैयार रणनीति को लिपिबद्ध करना आदि विषयों पर विशेष रूप से अधिकारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को प्रेरित किया। शिक्षकों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों के दम पर ही हम विकास क्षेत्र को 31 मार्च 2023 के अंदर अंदर निपुण ब्लॉक बना कर दिखाएंगे। इसमें हमारी पूरी संकुल टीम एयरपोर्ट इन सभी संगठनों के लोग बराबर का सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर अटेवा के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ मौर्य ने भी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए अपना कार्य लगन से करने के लिए प्रेरित किया व बताया कि निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने का हर सम्भव प्रयास करें तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शशि कांत वर्मा ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि निश्चिंत होकर विद्यालय शिक्षक और शिक्षा के हित में कार्य करें। किसी भी प्रकार की कोई चिंता करने की बात नहीं है। विकास क्षेत्र को गति प्रदान करें और निश्चिंत होकर विभागीय नियम निर्देश के अनुसार कार्य करते रहें। उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री ओमप्रकाश ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि सभी शिक्षक बेहतर कार्य कर रहे हैं और उम्मीद है कि एक अच्छे नेतृत्व के कारण विकास क्षेत्र जनपद ही नहीं बल्कि प्रदेश में एक अच्छा मुकाम हासिल करेगा। आज के इस कार्यक्रम की व्यवस्था का कार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा लखाही के प्रधानाध्यापक और उनकी शिक्षक साथियों तथा उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उमेश चौरसिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकास क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापक जिनमें रंजीत वर्मा अजय कुमार सिंहए तारकेश्वर राय धर्मेंद्र कुमार नीरज कुमारविवेक पटेल वीरेंद्र श्रीवास्तव निशी मोहम्मद अशफाक धर्मराज मौर्य राम लखन यादव अमित कुमार शरद विक्रम शाह ब्रजकिशोर राजेश मिश्राए पंकज गुप्ता सुशील वर्मा व राम सुमिरन आज प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## सुप्रीम कोर्ट...

के खेमे में शामिल होने वाले मंत्रियों को बर्खास्त करने की तैयार कर ली है। पवार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एमवीए सहयोगियों ने ठाकरे को बागियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दिया है और एक या दो दिन में कदम उठाए जाएंगे। पवार ने बागी नेता शिंदे के साथ शामिल होने वाले राज्य सरकार के मंत्रियों को बर्खास्त करने के सवालों पर कहा कि यह मुख्यमंत्री के दायरे में आता है। वह एक या दो दिन में कार्रवाई करेंगे। राकांपा प्रमुख ने महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बगावत की है, वे महाराष्ट्र में वैकल्पिक सरकार चाहते हैं। यदि आपको राष्ट्रपति शासन ही लगाना है तो इतने विधायकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का क्या मतलब है।

## राउत व...

के दौरान शिंदे के साथ गुवाहाटी में मौजूद विधायकों की संख्या की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमने सबक सीख लिया है कि किस पर भरोसा किया जाना चाहिए। वे ऐसे शरीर हैं, जिनकी आत्मा मर चुकी है। उनका मस्तिष्क मर चुका है। 40 शव असम से आएंगे और पोस्टमॉर्टम के लिए सीधे मुर्दाघर भेजे जाएंगे। दूसरी ओर, शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि यदि सभी विधायक बागी हो जाएं, तब भी जीत पार्टी की ही होगी। साथ ही उन्होंने बागी विधायकों को फिर से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। आदित्य ने मुंबई में लगातार दूसरे दिन शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि बागी विधायकों के लिए राज्य और पार्टी के द्वार बंद हो गए हैं।

## भाजपा ने...

पर हाल ही में हुए उपचुनाव में 19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए 35 लाख से अधिक मतदाता मतदान के पात्र थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां आजमगढ़ और रामपुर दोनों क्षेत्रों में सक्रिय रूप से प्रचार किया, वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उपचुनाव में प्रचार नहीं किया। आजमगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान योगी आदित्यनाथ ने लोगों से कहा था कि आजमगढ़ को आर्यमगढ़ बनाने का मौका न गंवाएं। उन्होंने कहा कि मुगल काल में आजमगढ़ को आर्यमगढ़ के नाम से जाना जाता था और तब इसका नाम बदलकर आजमगढ़ कर दिया गया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीट में से भारतीय जनता पार्टी ने 62, अपना दल (एस) ने दो, बहुजन समाज पार्टी ने 10 और सपा ने पांच सीट जीती थी। कांग्रेस को एक सीट पर जीत मिली थी। तब सपा और बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। ताजा चुनाव परिणाम आने के बाद अब लोकसभा में उत्तर प्रदेश में भाजपा की 64 सीट हो जाएंगी और सपा की घटकर तीन सीट रह जाएगी। आजमगढ़ में सुबह आठ बजे जब वोटों की गिनती शुरूआत में दोनों सीटों पर सपा आगे चल रही थी।

## आप की...

थी। लेकिन धुरी से विधायक बनने और बाद में मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस प्रत्याशी दलवीर सिंह गोल्डी, भाजपा प्रत्याशी केवल ढिल्लों और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रत्याशी कमलदीप कौर राजोआना क्रमश~ तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। चुनाव नतीजों के मुताबिक, गोल्डी को 79,668 मत, ढिल्लों को 66,298 मत और कौर को 44,428 मत मिले। संगरूर में सिमरजीत सिंह मान और आप प्रत्याशी के बीच जीत हार का फैसला एक प्रतिशत मत से भी कम अंतर से हुआ। वहीं दिल्ली के राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव में आप प्रत्याशी दुर्गेश पाठक ने भाजपा के राजेश भाटिया को 11,468 मतों के अंतर से हराया। पाठक को 40319 वोट (55.76 फीसदी) जबकि भाटिया को 28851 (39.91 फीसदी) वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार प्रेम लता को सिर्फ 2019 वोट (2.79 फीसदी) ही मिले। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे भाजपा की गंदी राजनीति की हार बताया और राष्ट्रीय राजधानी में उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया।

## कोर्ट ने...

बताया कि दोनों को अहमदाबाद अपराध शाखा द्वारा शनिवार को दर्ज की गई एक प्राथमिकी के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। गुजरात पुलिस के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को सीतलवाड़ को मुंबई स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया था, जिसके बाद सीतलवाड़ ने पुलिस पर उनके साथ बदसलूकी करने और हाथ में चोट पहुंचाने का आरोप लगाया था। सीतलवाड को यहां लाया गया और शनिवार को शहर की अपराध शाखा को सौंप दिया गया। अदालत के निर्देश पर सीतलवाड़ को चिकित्सा जांच के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। मितेश ने कहा, अदालत ने मेडिकल प्रमाणपत्र को अपने रिकॉर्ड में लिया है।

## सांसदों व...

सांसदों को प्रतिमाह 70.50 करोड़ पेंशन के रूप में भुगतान करता हैं। इस लाभ को पाने वालों मे अमीर फिल्म स्टार, व्यवसायी तथा उद्योगपति भी शामिल हैं, जो चुनावी हलफनामे में करोड़ों की संपत्ति की जानकारी देते हैं। वरुण गांधी ने दलील दी थी कि अग्निपथ पहल के तहत सशस्त्र बलों में भर्ती होने वाले पेंशन के हकदार नहीं हैं तो 'पांच साल के कार्यकाल' के बाद जनप्रतिनिधियों को क्यों सेवानिवृत्ति लाभ दिया जाना चाहिए। रविवार को वरुण ने दो युवाओं रोहतक निवासी सचिन तथा फतेहपुर निवासी विकास का जिक्र किया। ये दोनों सेना में जाने के लिए सालों से तैयारी कर रहे थे। सरकार द्वारा अग्निपथ योजना का ऐलान किए जाने के बाद दोनों ने आत्महत्या कर ली। ट्वीट के साथ एक वीडियो टैग करते हुए सांसद ने कहा 'सरकार वही गलती फिर दोहरा रही है जो उसने किसान आंदोलन के दौरान मुद्दों पर बातचीत करने से इनकार करके किया था।'

## आयकर के...

कई स्थानों पर तलाशी ली। सीबीआई ने रिफंड के नौ लाभार्थियों के साथ मामले के संबंध में तीन आयकर अधिकारियों - अभय कांत, सौरभ सिंह और रोहित कुमार को नामित किया है। कर विभाग ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने एक अगस्त, 2020 से 25 अगस्त, 2021 तक धोखाधड़ी कर 1.39 करोड़ रुपए से अधिक का रिफंड प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह घोटाला तब सामने आया जब एक कर निर्धारण अधिकारी को आयकर अधिनियम की धारा 154 के तहत उन करदाताओं के लिए रिफंड की गणना का पता चला, जो उसके दायरे से संबंधित नहीं थे।

## असम में...

लापता हैं। राज्य में इस साल बाढ़ और भूस्खलनों में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 126 हो गई है। बुलेटिन के अनुसार, बालाजी, बक्सा, बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रुगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, नलबाड़ी, सोनितपुर, दक्षिण सलमारा, तमुलपुर और उदलगुड़ी जिलों में बाढ़ के कारण 22,21,500 से अधिक लोग प्रभावित हैं। बारपेटा में सबसे ज्यादा करीब सात लाख लोग प्रभावित हैं। इसके बाद नगांव में 5.13 लाख और कछार में 2.77 लाख लोग प्रभावित हैं। कछार, डिब्रूगढ़ और मोरीगांव जिलों में कई स्थान भी बाढ़ से प्रभावित हैं। शनिवार तक 24 जिलों में 25 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

## आपातकाल भारत...

एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, दुनियाभर में प्रवासी भारतीय न केवल भारत की सफलता की कहानी हैं, बल्कि राष्ट्र दूत भी हैं, जो भारत को दुनिया में ले जा रहे हैं और राष्ट्र की सफलता के लिए ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। मोदी ने कहा, पिछली शताब्दी में जर्मनी और अन्य देशों को तीसरी औद्योगिक क्रांति से लाभ हुआ। भारत तब गुलाम था, इसलिए लाभ नहीं उठा सकता था। लेकिन अब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति में पीछे नहीं रहेगा, यह अब दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत का हर गांव खुले में शौच मुक्त है और 99 प्रतिशत गांवों में खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन और बिजली है। उन्होंने कहा कि भारत पिछले दो साल से 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में हर महीने औसतन 5,000 पेटेंट दाखिल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत हर महीने औसतन 500 से अधिक रेलवे कोच बनाता है। मोदी ने कहा, एक समय था जब भारत स्टार्टअप की दौड़ में कहीं नहीं था। आज हम तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम हैं। इसी तरह आज हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल फोन निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने स्वामित्व योजना शुरू की है, जिसके तहत भारतीय गांवों में भूमि की मैपिंग ड्रोन के माध्यम से ही की जा रही है। उन्होंने कहा, उपलब्धियों की यह सूची बहुत लंबी है।

# वायुसेना त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम : एयर चीफ मार्शल चौधरी

भाषा। नई दिल्ली



**एयर चीफ मार्शल** वी आर चौधरी ने रविवार को कहा कि भारत को अस्थिर पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर मौजूद स्थिति को दो मोर्चों के तौर पर देखना चाहिए और उसी के अनुरूप तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने यह बात चीन और पाकिस्तान के दोहरे सैन्य खतरे से उत्पन्न होने वाली संभावित चुनौतियों का संदर्भ देते हुए कही। वायुसेना प्रमुख ने पीटीआई-भाषा को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, भविष्य में भारत पर सभी मोर्चों से हमला हो सकता है, जिसमें सैन्य गतिरोध से लेकर दुष्प्रचार और ब्लैकआउट तक शामिल है। ऐसे में भारत के सुरक्षा सिद्धांत और क्षमताओं को इन आशंकाओं का मुकाबला करने में सक्षम होना चाहिए। जब उनसे विशेष तौर पर पूछा गया कि क्या यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रमकता चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर और अधिक आक्रमक रुख अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी तो उन्होंने कहा कि वैश्विक घटनाओं और भूराजनीतिक घटनाक्रमों से भारत-चीन संबंधों पर पड़ने वाले असर का लगातार विस्तृत तौर पर और सभी स्तरों पर आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के तौर पर हमें अपने मौजूदा और भविष्य के खतरों की सटीक पहचान करने की जरूरत है, ताकि उनका मुकाबला करने के लिए जरूरी क्षमता का विकास किया जा सके। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध के बीच चीन द्वारा एलएसी के पास तेजी से हवाई संसाधन तैनात करने के सवाल पर उन्होंने कहा, वायुसेना जरूरत पड़ने पर बहुत सीमित समय में इच्छित कार्रवाई कर सकती है। तेज हो रही भूराजनीतिक उथल-पुथल का जिक्र करते हुए वायुसेना प्रमुख ने रेखांकित किया कि भविष्य के किसी भी संघर्ष के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के सभी तत्वों को जोड़ने की जरूरत होगी, ताकि ऑल ऑफ नेशन एप्रोच अपनाया जा सके। उन्होंने कहा, हमारे सामने पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर कुछ चुनौतियां मौजूद हैं। ऐसे में यह भारत के लिए अहम है कि वह दो अस्थिर सीमाओं को दो आकस्मिक मोर्चों के तौर पर देखे और उसी के अनुसार तैयारी करे। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि भारत की सैन्य अभियान योजना, क्षमता विकास और प्रशिक्षण दोनों मोर्चों पर विस्तृत तौर पर उत्पन्न होने वाले खतरों से निपटने के लिए होना चाहिए। भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) बिपिन रावत और पूर्व सेनाध्यक्ष एम एम नरवणे सहित कई शीर्ष सैन्य अधिकाररियों ने उत्तरी और पश्चिमी मोर्चे पर समन्वित खतरे को लेकर चिंता जताई थी। लेकिन यह पहली बार है, जब एक सेवारत सशस्त्र बल प्रमुख ने ऐसे खतरों से निपटने के लिए विस्तृत योजना बनाने का आह्वान किया है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, हम अल्पाकलिक अभियानों से जुड़ी तैयारियों की अहमियत को समझते हैं, जिसके लिए त्वरित योजना बनाने, तेजी से अपने संसाधनों की तैनाती करने और वांछित प्रतिक्रिया देने की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा, वायुसेना लगातार संबंधित पहलुओं पर काम कर रही है, ताकि इन चुनौतियों से निपटने के लिए विश्वसनीय बल तैयार किया जा सके। वायुसेना प्रमुख की यह टिप्पणी भारत के सुरक्षा योजनाकारों द्वारा वृहद तौर पर यह महसूस किए जाने के बाद आई है कि देश को तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात और चीन द्वारा एलएसी पर दीर्घकालिक सैन्ईकरण की रणनीति के मद्देनजर वृहद सुरक्षा ढांचा बनाने की जरूरत है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, हमें दीर्घकालिक रुख अपनाने और मौजूदा स्थिति के आधार पर खतरों का आकलन करने के बजाय दुश्मन बलों की तैयारियों से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ने वाले असर को आंकने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम अपनी पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर अलग-अलग चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह प्रकृति और संख्या के संदर्भ में है। रक्षा बल के तौर पर हम हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के सामने आने वाले खतरे का जवाब देने के लिए सतर्क रहते हैं।

वायुसेना प्रमुख ने भरोसा जताया है कि भारतीय सशस्त्र बलों में सीमा पर किसी भी दुस्साहस का मुकाबला करने के लिए पर्याप्त प्रतिरोध क्षमता है। चीन एलएसी के करीब अपनी सैन्य अवसंरचना को मजबूत कर रहा है, इस बारे में एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि वायुसेना सीमाओं पर अपनी क्षमता के विकास को लेकर लगातार सचेत रहती है और ऐसी कोई भी स्थिति उत्पन्न होने पर उसे नाकाम करने में सक्षम है। मैं हमारी आधारभूत अवसंरचना को अद्यतन करने की गति से खुश हूं, जो हमारी नई जरूरतों और अभियानों के लिए अहम है। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि चिनूक हेलीकॉप्टर का परिचालन पूर्व में निर्धारित दो ठिकानों में से एक पर शुरू हो चुका है और दूसरे ठिकाने पर अवसंरचना विकास लगभग पूरा होने वाला है। पूर्वी सेक्टर में राफेल स्क्वॉड्रन के लिए अवसंरचना निर्माण और परिचालन क्षमता पूरी हो चुकी है। एयर चीफ मार्थल चौधरी के मुताबिक, पूर्वोत्त क्षेत्र में स्थापित मौजूदा एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) को अतिरिक्त संसाधनों और उपकरणों से अद्यतन किया गया है। उन्होंने कहा, हम महसूस करते हैं कि वायु शक्ति से हम तेजी से प्रभावी तरीके से विस्तृत भौगोलिक इलाके में सीमित समय में कार्वाई कर सकते हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र में वायुसेना की भूमिका के सवाल पर एयर चीफ मार्शल ने कहा कि वह देश की विदेश नीति के अनुकूल क्षेत्र में स्वतंत्र नौवहन और नियम आधारित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है।

# 12 विदेशी महिलाएं यौन उत्पीड़न के आरोपी गुंदेचा बंधुओं के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची

**जबलपुर, भोपाल।** विदेश की 12 महिलाओं ने मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर में हस्तक्षेप अर्जी दायर कर भोपाल स्थित ध्रुपद संस्थान के गुन्देचा बंधुओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर कार्वाई की मांग की है। जिन लोगों ने हस्तक्षेप आवेदन (आईए) दायर किया है, वे ध्रुपद संस्थान की पूर्व छात्रा हैं और अब अमेरिका, स्वीडन, कनाडा, पोलैंड, स्पेन, ऑस्ट्रिया और जर्मनी में रह रहीं हैं। महिला वकील ध्रुव वर्मा ने बताया कि इन पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया है कि पखावज वादक प्रसिद्ध गुन्देचा बंधुओं - दिवंगत रमाकांत गुन्देचा, उमाकांत गुन्देचा और अखिलेश गुन्देचा, ने उनका यौन उत्पीड़न किया था। आईए एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की जांच रिपोर्ट के समर्थन में दायर किया गया है, जिसने 2020 में एक महिला (विदेश से) द्वारा लगाए गए यूनेस्को से मान्यता प्राप्त संस्थान ध्रुपद संस्थान के गुन्देचा बंधुओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच की थी। वर्मा ने कहा कि ध्रुपद संस्थान, भोपाल ने पांच सितंबर, 2020 को ध्रुपद फैमिली यूरोप नामक एक समूह द्वारा सोशल मीडिया पर गुन्देचा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया था। महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गठित पैनल ने शिकायतों को सुना और बाद में 23 फरवरी, 2021 को गुन्देचा बंधुओं के खिलाफ कुछ प्रतिकूल टिप्पणियों और सिफारिशों के साथ अपनी रिपोर्ट दी। दोषी पाए जाने के बाद, गुंदेचा ने आईसीसी को प्रतिवादी बनाते हुए एक रिट याचिका दायर करके निष्कर्षों के खिलाफ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का रुख किया। सुनवाई मंगलवार (28 जून) को होने वाली है। जब आईए पर उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए उमाकांत गुन्देचा (63) से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा, कृपया कोई टिप्पणी न करें।



अगरतला में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक शाहा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद प्रसन्न मुद्रा में विक्ट्री का निशान दिखाते हुए।

## युवा संगठनों में छात्रों का एक धड़ा शराबी है : केरल के आबकारी मंत्री

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के आबकारी मंत्री एम वी गोविंदन ने रविवार को कहा कि राज्य में युवा और छात्र संगठनों का एक बड़ा हिस्सा शराबी है तथा उनमें मद्यपान के खिलाफ जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। नशा और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविंदन ने कहा कि मादक पदार्थ सेवन और मद्यपान से लड़ने का एक तरीका इनके खिलाफ जागरूकता फैलाना है और इसके लिए छात्र एवं युवा संगठनों पर भरोसा किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हालांकि, मैंने गौर किया है कि राज्य में विभिन्न युवा संगठनों से संबद्ध छात्रों का एक बड़ा हिस्सा शराबी है। यह छोटे स्तर पर नहीं बल्कि बड़े स्तर पर है। मंत्री ने कहा, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए हमें आने वाली पीढ़ियों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। वे उच्च माध्यमिक, माध्यमिक स्कूल और पेशेवर संस्थानों सहित महाविद्यालयों के छात्र हैं।

# अग्निपथ योजना के तहत वायुसेना को 56,960 आवेदन प्राप्त हुए

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय वायुसेना** को अग्निपथ भर्ती योजना के तहत रविवार तक 56,960 आवेदन प्राप्त हुए। इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया इसके खिलाफ कई राज्यों में हिंसक विरोध प्रदर्शन के एक हफ्ते बाद शुक्रवार को शुरू हुई थी। वायुसेना ने रविवार को ट्वीट किया, 56960 यह अग्निपथ भर्ती आवेदन प्रक्रिया के जवाब में वेबसाइट पर भविष्य के अग्निपथ से अब तक प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या है। पंजीकरण पांच जुलाई को बंद हो जाएगा।

चौदह जून को अग्निपथ योजना पेश करते हुए, सरकार ने कहा था कि साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए भर्ती किया जाएगा जिनमें से 25 प्रतिशत को बाद में नियमित सेवा के लिए शामिल किया जाएगा। देश के कई हिस्सों में इस योजना के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। सरकार ने 16 जून को इस योजना के तहत भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा को वर्ष 2022 के लिए 21 से बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया था। साथ ही बाद में उनकी सेवानिवृत्ति पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों में उनके लिए वरीयता जैसे कई कदमों की घोषणा की थी।

भाजपा शासित कई राज्यों ने भी घोषणा की कि अग्निवरों को राज्य पुलिस बलों में शामिल होने में प्राथमिकता दी जाएगी। सशस्त्र बलों ने हालांकि यह स्पष्ट कर दिया है कि नई भर्ती योजना के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन और आगजनी करने वालों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक में मुस्लिम व्यापारी द्वारा मंदिर में केले की आपूर्ति करने को लेकर विवाद

**मैंगलुरु।** कर्नाटक के कुडुपु शहर के अनंतपद्मनाभ मंदिर में पिछले साल एक मुस्लिम व्यापारी को केले की आपूर्ति का ठेका देने का मामला सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर प्रशासन ने सबसे कम बोली लगाने वाले ठेकेदार को एक जुलाई 2021 से 30 जून 2022 तक की अवधि के लिए मंदिर में विभिन्न सेवाओं और कार्यक्रमों के लिए नियमित आधार पर केले की आपूर्ति करने का ठेका दिया था। मंदिर के लिए केले की आपूर्ति का ठेका मुस्लिम व्यापारी को दिए जाने की जानकारी हाल ही में सामने आने के बाद इस पर विवाद खड़ा हो गया है और दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल व्यापारियों से केले की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं। निविदाएं जमा करने वाले चार बोलीदाताओं में से मुस्लिम व्यापारी ने सबसे कम कीमत का उल्लेख किया था, इसलिए उसे ठेका दिया गया था। हाल ही में खबर सामने आई थी कि मुस्लिम व्यापारी मंदिर में केले की आपूर्ति कर रहा है, जिसके बाद हिंदू संगठनों ने इसे लेकर अपना विरोध जताया है। हाल ही में कार्यभार संभालने वाले मंदिर के कार्यकारी अधिकारी जगदीश ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि 30 जून के बाद जब वर्तमान अनुबंध समाप्त हो जाएगा तो इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा।

### वाहन के नाले में गिरने से नौ मजदूरों की मौत

**बेलगावी ( कर्नाटक )।** यहां के एक गांव में रविवार सुबह एक मालवाहक वाहन के नाले में गिरने से नौ मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने राज्य सरकार की ओर से प्रत्एक मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए और बेलगावी के उपायुक्त से प्रत्एक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपए के मुआवजा देने की घोषणा की। पुलिस ने कहा कि सात मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद से मौके पर पहुंचे बेलगावी पुलिस आयुक्त एम बी बोरलिंगैया की देखरेख में बचाव अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, गोकक तालुक के अक्कतंगियारा हाला गांव के रहने वाले ए मजदूर बेलगावी की ओर जा रहे थे और इनका वाहन कानाबारगी गांव में बल्लारी नाला में गिर गया। पुलिस ने बताया कि ए निर्माण मजदूर बेलगावी की तरफ जा रहे थे। चालक के वाहन से नियंत्रण खोने के बाद वाहन नाले में गिरा। पुलिस ने कहा कि दुर्घटना में आठ लोग घायल हो गए थे और एक मजदूर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस दल ने स्थानीय लोगों की मदद से पीडि़तों को वाहन के नीचे से बाहर निकाला। बेलगावी पुलिस आयुक्त एम बी बोरलिंगैया बचाव कार्यों की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे और उन्होंने शोक-संतप्त परिवारों के सदस्यों को सांत्वना दी।

### बड़ों को प्रणाम करने से आयु-बल में होती बढ़ोतरी: डॉ. कल्ला

**जयपुर।** राजस्थान के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने रविवार को कहा कि बड़ों को प्रणाम करने से आयु और बल में स्वतः बढ़ोतरी होती है। संस्कृत अकादमी में विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय संस्कार-संस्कृति शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कल्ला ने कहा कि जो अपने से बड़ों को प्रणाम करता है, उसकी आयु और बल में स्वतः बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने जीवन में आचार्य देवो भव, पितृ देवो भव और मातृ देवो भव का भाव जगा लें, तो हमारे जीवन की अनेक कठिनाईयां स्वतः ही समाप्त हो सकती हैं। मोबाइल के बढ़ते दुरुपयोग के बारे में उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि मोबाइल के अनावश्यक इस्तेमाल से बच्चे कई तरह के विकारों और बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को 12वीं कक्षा तक मोबाइल नहीं देने की सलाह दी। इसके बाद बच्चा स्वतः ही परिपक्व हो जाएगा और मोबाइल का सही इस्तेमाल करने का अभ्यस्त हो जाएगा। जानेमाने पत्रकार और लेखक यशवन्त व्यास ने कहा कि इंटरनेट का सही इस्तेमाल सीखें, क्योंकि इंटरनेट ऐसी चीज है जिसके जरिए जिंदगी को बेहतर बनाया जा सकता है।

# पाक की जेल में मारे गए सरबजीत सिंह की बहन दलबीर का निधन

**अमृतसर।** वर्ष 2013 में पाकिस्तान की जेल में साथी कैदियों द्वारा बेरहमी से पीटे जाने के बाद मारे गए सरबजीत सिंह की बहन दलबीर कौर का रविवार को यहां निधन हो गया। वह 67 वर्ष की थीं। दलबीर कौर उस समय सुर्खियों में थीं, जब उन्होंने पाकिस्तान की जेल से अपने भाई की रिहाई के लिए एक अभियान चलाया था। सरबजीत 1991 से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बम विस्फोटों में शामिल होने के आरोप में जेल में बंद थे। कौर ने शनिवार रात सीने में तेज दर्द की शिकायत की थी और उन्हें यहां एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सरबजीत सिंह की बेटी पूनम ने बताया कि दलबीर पिछले एक साल से फेफड़ों की बीमारी से जूझ रही थीं। जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था तो चिकित्सकों का कहना था कि उनकी हालत गंभीर है। उन्हें आईसीयू में रखा गया और कुछ देर बाद जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया। पूनम ने बताया कि दलबीर कौर को अस्पताल ने कुछ घंटों के बाद मृत घोषित कर दिया। पूनम ने कहा कि दलबीर का अंतिम संस्कार आज दोपहर में तरण तारण जिले में उनके पैतृक शहर भीखीविंड में किया जाएगा। सरबजीत को पाकिस्तानी अदालत द्वारा आतंकवाद और जासूसी करने का दोषी ठहराया गया था। 1991 में उन्हें मौत की सज़ा सुनाई गई थी। पाकिस्तानी सरकार ने 2008 में अनिश्चित काल के लिए उनकी फांसी पर रोक लगा दी थी। सरबजीत का पार्थिव शरीर लाहौर से अमृतसर लाया गया था जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। कई साल पहले दलबीर कौर ने अपने भाई को जेल से छुड़ाने के लिए अलग-अलग मंचों पर आवाज़ उठाई थी। दलबीर अपने भाई सरबजीत सिंह की दो बेटियों और पत्नी सहित अपने परिवार के सदस्यों के साथ दो बार लाहौर की कोट लखपत राय जेल में उनका हालचाल जानने गईं थीं। 2016 में सरबजीत सिंह के जीवन पर आधारित एक फिल्म आई थी, जिसमें दलबीर कौर की भूमिका अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने निभाई थी।

# मेरा बेटा अपने राज धर्म का पालन करेगा, मैं अपने राष्ट्र धर्म का पालन करूंगा: सिन्हा

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति पद** के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने रविवार को कहा कि अगले महीने होने वाला राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत मुकाबले से कहीं अधिक है और सरकार की तानाशाही प्रवृत्तियों का विरोध करने की दिशा में एक कदम है। सिन्हा ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि वह अपने बेटे एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद जयंत सिन्हा का समर्थन नहीं मिलने को लेकर किसी धर्म संकट में नहीं हैं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा अपने राज धर्म का पालन करेगा और मैं अपने राष्ट्र धर्म का पालन करूंगा।




उन्होंने कहा, यह चुनाव महज भारत के राष्ट्रपति के चुनाव से कहीं बढ़कर है।यह चुनाव सरकार की तानाशाही प्रवृत्तियों का विरोध करने की दिशा में एक कदम है। यह चुनाव भारत की जनता के लिए संदेश है कि इन नीतियों का विरोध होना चाहिए। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा राष्ट्रपति चुनाव के लिए आदिवासी समुदाय की नेता द्रौपदी मुर्मू को मुकाबले में उतारने को लेकर सिन्हा ने कहा कि एक व्यक्ति को ऊपर उठाने से पूरे समुदाय का उत्थान नहीं होता।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक जीवन के अपने लंबे अनुभव से, मैं कह सकता हूं कि एक व्यक्ति का उत्थान पूरे समुदाय को आगे नहीं बढ़ाता है। पूरे समुदाय का उत्थान सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली नीतियों पर निर्भर करता है। इस पर और टिप्पणी किए बिना, मैं कहूंगा कि हमारे अपने इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां एक समुदाय में एक व्यक्ति के उत्थान के जरिए उस समुदाय को एक इंच भी ऊपर उठाने में मदद नहीं मिली है। यह केवल प्रतीकात्मक है और इसके अलावा कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि मुकाबला व्यक्तिगत लड़ाई से बहुत बड़ा है और जब तक लोग नहीं जागेंगे और पूरी व्यवस्था में सुधार नहीं होगा, तब तक हम स्थिति में सुधार नहीं देखेंगे। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत जीत या हार की तुलना में बहुत कुछ दांव पर है। हमारा लोकतंत्र, हमारा संविधान खतरे में है और स्वतंत्रता संग्राम के सभी मूल्य खतरे में हैं, इसलिए भारत को खतरा है और उन्हें भारत की रक्षा के लिए आगे बढ़ना होगा। सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में आने वाला व्यक्ति रबड़ स्टांप से कहीं अधिक होना चाहिए। उन्होंने याद किया कि ऐसे राष्ट्रपतियों ने अतीत में कुछ मौकों पर किस तरह का व्यवहार किया था।

# सहकार भारती ने दिया तकनीकी प्रशिक्षण

**कानपुर।** सहकार भारती उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के दौरान सहकारिता का आधुनिकीकरण विषय पर फ्लिपकार्ट की ओर से प्रतिभागियों को तकनीकी ज्ञान से प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान अलग-अलग सत्रों में आयोजित परिचर्चा में सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय, फ्लिपकार्ट के गिरीश नायर, पॉलिसी वॉच इंडिया फाउंडेशन के मुनिशंकर पांडेय, कार्यक्रम के संयोजक अरविंद दूबे सहित तमाम प्रबुद्ध जनों ने सत्र को संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग में नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सहकारिता हर क्षेत्र में है और हर क्षेत्र के विकास के लिए सहकारिता के कार्यकर्ताओं को बढ़कृचढ़कर योगदान देना होगा। इसके लिए हमें वंचितों और शोषितों की आवाज बननी है जो विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं। तकनीकी के माध्यम से हम उन तबकों तक आसानी से पहुंच सकते हैं जिनसे पहले नहीं पहुंच पाएं हैं। इसलिए तकनीकी का ज्ञान बहुत आवश्यक है और तकनीकी से ही सहकारी समितियों का आधुनिकीकरण होगा। नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सहकारिता के विकास की असीम संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं के दोहन के लिए तकनीक का उपयोग अनिवार्य है। इसलिए सहकार भारती के सदस्यों को तकनीकी से जोड़ा जा रहा है। फ्लिपकार्ट के नकुल गुलाटी ने बताया कि फ्लिपकार्ट का सदस्य बनना बहुत आसान है और आप ?दस मिनट में इस आनलाइन कंपनी का सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि कैसे सहकारी उत्पाद को देश के किसी भी कोने से किसी भी कोने तक भेज सकते हैं।

## लोग ईपीएस खेमे को सबक सिखाएंगे: पन्नीरसेल्वम

**मदुरै ( तमिलनाडु )।** प्रतिद्वंद्वी एडाप्पदी के. पलानीस्वामी खेमे पर निशाना साधते हुए अन्नाद्रमुक नेता ओ. पन्नीरसेल्वम ने रविवार को कहा कि कैडर मेरे पक्ष में हैं और लोग और पार्टी कार्यकर्ता उनके विरोधियों को सबक सिखाएंगे। पन्नीरसेल्वम ने कहा, पार्टी कार्यकर्ता मेरे पक्ष में हैं और मैं भी हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ रहूंगा। ओपीएस के गृह जिले थेनी के रास्ते में यहां पहुंचने पर उनका समर्थकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पन्नीरसेल्वम ने संयुक्त समन्वयक पलानीस्वामी (ईपीएस) के खेमे को उन्हें पार्टी समन्वयक के पद से हटाने की कोशिश की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु के लोग और कार्यकर्ता उन्हें सबक सिखाएंगे और उन लोगों को दंडित करेंगे जो साजिश के जाल के पीछे और पार्टी में मौजूदा असाधारण स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। अन्नाद्रमुक ने कुछ दिन पहले कहा था कि आम परिषद की 11 जुलाई को फिर बैठक होगी और ईपीएस को एकल, सर्वोच्च नेता बनाया जाएगा। पार्टी में हावी ईपीएस और दरकिनार किए गए ओपीएस गुटों के बीच नोंक-झोंक जारी है।

# मदरसों का पितृसत्ता को बनाए रखने पर रहता है जोर: यूनेस्को की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एशिया में मदरसों और अन्य पंथों से जुड़े स्कूलों ने शिक्षा में लैंगिक असमानता को दूर करने में योगदान तो दिया है लेकिन इन स्कूलों में दी जाने वाली शिक्षा में समाज में पितृसत्ता को बनाए रखने पर जोर रहता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा प्रकाशित वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। एशिया में गैर-सरकारी धर्म-आधारित स्कूलों ने लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच तो बढ़ाई है लेकिन इसकी उन्हें कीमत चुकानी पड़ती है। मदरसा स्नातकों का लड़कियों और कामकाजी माताओं की उच्च शिक्षा के प्रति कम अनुकूल रवैया रहता है, जो बच्चों को पत्नियों की मुख्य जिम्मेदारी और बच्चों की संख्या को ईश्वर की कृपा पर निर्भर मानते हैं। एशिया में कई मुस्लिम-बहुल देशों में शिक्षा में लैंगिक असमानता अधिक थी। गैर-सरकारी धर्म-आधारित प्रदाताओं के साथ साझेदारी में शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और लैंगिक अंतर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की गई है। मदरसों में लड़कियों के नामांकन में वृद्धि ने रूढ़िवादी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की गतिविधियों पर सामाजिक बाधाओं को कम करने में मदद की है तथा मदरसे सार्वभौमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए कम लागत वाले मंच रहे हैं। मदरसा शिक्षा पहुंच में वृद्धि से लैंगिक समानता पर कुछ सकारात्मक प्रभाव भी नगण्य हो सकते हैं। उनके पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकें लैंगिकता-समावेशी नहीं हैं, इसके बजाय लैंगिक भूमिकाओं पर परंपरा को थोपा जाता है। बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, पाकिस्तान और सऊदी अरब में अध्ययनों से पता चला है। दूसरा, उनके शिक्षण और सीखने की प्रथाएं जैसे कि लैंगिक अलगाव और सामाजिक बातचीत पर विशिष्ट लैंगिक प्रतिबंध यह धारणा बना सकते हैं कि इस तरह की लैंगिक-असमानता प्रथाएं सामाजिक रूप से अधिक व्यापक रूप से स्वीकार्य हैं।

# दो समुदायों ने शादी में फिजूलखर्ची रोकने के लिए नियम बनाए

भाषा। जोधपुर

**राजस्थान** में पाली जिले में दो समुदायों के नेताओं ने शादियों में फिजूलखर्ची रोकने के लिए कुछ नियम जारी किए हैं। इनके तहत शादी में न डीजे बजेगा, न आतिशबाज़ी होगी और न ही दूल्हे की घुड़चढ़ी होगी। इसी के साथ ही समुदाय के नेताओं ने यह भी अनिवार्य कर दिया है कि दूल्हा दाढ़ी नहीं रखेगा। कुमावत और जाट समुदाय के नेताओं ने शादी में दंपती के रिश्तेदारों को दिए जाने वाले तोहफे की भी सीमा तय कर दी है जिसमें ज़ेवरात, कपड़े और नकद शामिल हैं।

नियम अफीम देने की प्रथा को भी हतोत्साहित करते हैं। कुम्हारों के समुदाय कुमावत के 19 गांवों के सदस्यों की 16 जून को बैठक हुई थी जहां इन नियमों को तय किया गया है। समुदाय के नेताओं ने कहा कि शादी एक संस्कार है और दूल्हे को राजा के रूप में देखा जाता है और वे अलग-अलग तरह की दाढ़ी रखकर समारोह में जाते हैं जो इसे गैर-गंभीर और फैशन वालौ बनाता है। कुमावत समुदाय के नेता लक्ष्मी नारायण टाक ने कहा, इसलिए, हमने तय किया कि समुदाय का कोई भी दूल्हा किसी भी तरह की दाढ़ी नहीं रखेगा और क्लीन शेव रहेगा। उन्होंने कहा कि साज-सज्जा, संगीत और अन्य रीति-रिवाजों पर बेवजह बड़ी राशि खर्च की जाती है।

लक्ष्मी नारायण ने कहा, इसलिए, हमने नियम बनाए हैं कि कोई थीम शादी व कोई सजावट नहीं होगी और बारात के दौरान डीजे नहीं बजेगा और उपहार के रूप में आभूषण और नकदी की सीमा भी तय की गई है। इसी तरह, पाली के रोहेत अनुमंडल के अंतर्गत आने वाले पांच गांवों के जाट समुदाय ने भी विवाह समारोहों को सादा बनाने के लिए नियम बनाए हैं और बारात निकालने के चलन को खत्म करने का फैसला किया है।

भाकरीवाला गांव के सरपंच आमनाराम बेनीवाल ने कहा, समुदाय के सभी परिवारों के लिए शादियों में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए, हमने कुछ सुधार लाने का फैसला किया है। दूल्हे का क्लीन शेव होना अनिवार्य करने के अलावा, सुधारों में बारात के दौरान घुड़चढ़ी की रस्म को भी खत्म करने का फैसला किया गया है। डीजे बजाने और आतिशबाज़ी करने को भी हतोत्साहित किया जा रहा है।

# रूस के खिलाफ गठबंधन में एकता जरूरी: बाइडन



एपी। एलमौ

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस का मुकाबला करने वाले वैश्विक गठबंधन की एकता की रविवार को प्रशंसा की। बाइडन और जी-7 समूह के अन्य नेताओं ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को लेकर रूस को अलग-थलग करने के लिए दबाव बनाए रखने की रणनीति पर चर्चा की।

बाइडन और उनके समकक्ष नेता ने ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने और मुद्रास्फीति से निपटने के तरीके पर चर्चा करने के लिए बैठक कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य मॉस्को को दंडित करने के लिए काम कर रहे वैश्विक गठबंधन को युद्ध के परिणामों से बचाना है। विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-7 देश रूस से सोने के आयात पर नए प्रतिबंधों की घोषणा करने की तैयारी में हैं। यह यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर रूस को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने के लिए प्रतिबंधों की एक श्रृंखला में नवीनतम है।

जी-7 समूह के नेता एक नई वैश्विक बुनियादी ढांचा साझेदारी के लिए भी एकजुट हो रहे हैं ताकि विकासशील देशों में रूसी और चीनी निवेश का विकल्प प्रदान किया जा सके। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ शिखर सम्मेलन से पहले की एक बैठक के दौरान बाइडन ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम सभी एक साथ रहें। स्कोल्ज वर्तमान में जी-7 के अध्यक्ष हैं और इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। आप जानते हैं, हम उन आर्थिक चुनौतियों से निपटने पर काम कर रहे हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं लेकिन मुझे लगता है कि हम इन सबसे पार पा लेंगे।

स्कोल्ज़ ने कहा कि अच्छा संदेश यह है कि हम सभी ने इसे एकजुट रहने के लिए बनाया है, जिसकी पुतिन ने कभी उम्मीद नहीं की थी। बाइडन ने कहा, हमें एकसाथ रहना होगा, क्योंकि पुतिन को शुरू से ही यह उम्मीद है कि किसी तरह नाटो और जी -7 में फूट पड़ जाएगी लेकिन वह नहीं हुआ और हम यह नहीं होने देंगे। इस शिखर सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत से कुछ घंटे पहले, रूस ने रविवार को यूक्रेन की राजधानी के खिलाफ मिसाइल हमले शुरू किए और कम से कम दो आवासीय भवनों पर हमला किया। बाइडन ने रूस की कार्वाइयों की निंदा की और इसे बर्बरता करार दिया। अन्य नेताओं ने गठबंधन की एकता की बाइडन द्वारा प्रशंसा किए जाने का स्वागत किया।

## रूसी सोने के आयात पर पाबंदी लगाने के लिए ब्रिटेन ने जी-7 में अमेरिका, कनाडा, जापान से मिलाया हाथ

**लंदन।** जर्मनी में जी-7 शिखर सम्मेलन में रविवार को नए कठोर नियमों पर सहमति बनने के बाद ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और जापान में रूसी सोने के आयात की अब अनुमति नही होगी। इस कदम का उद्देश्य यूक्रेन संकट को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बढ़ाना है। सोना, रूसी निर्यात का एक बड़ा हिस्सा है, जिसने 2021 में रूस की अर्थव्यवस्था में 12.6 अरब पौंड का योगदान दिया था। रूसी अभिजात्य वर्ग के लिए इसका महत्व हाल के महीनों में और बढ़ गया है क्योंकि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधो के वित्तीय प्रभाव से बचने के लिए धनी वर्ग द्वारा सोने की छड़ों की खरीदारी बढ़ गई है। शिखर सम्मेलन में शरीक हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, आज हमने जिस उपाय की घोषणा की है वह पुतिन द्वारा छेड़े गए युद्ध को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। पुतिन अपने तेजी से कम हो रहे संसाधनो को निरर्थक और बर्बर युद्ध में झोंक रहे है। वह यूक्रेनी और रूसी नागरिकों की कीमत पर अपने अहम को संतुष्ट कर रहे है। हमें पुतिन सरकार को होने वाले वित्तपोषण को रोकने की जरूरत है। ब्रिटेन और हमारे सहयोगी देश यही कर रहे है। लंदन सोने के व्यापार का एक बड़ा केंद्र है और ब्रिटिश प्रतिबंधो के बाद इसका, धन जुटाने की पुतिन की कोशिश पर भारी असर पड़ेगा। यह प्रतिबंध रूस के खिलाफ लागू किया जाने वाला विश्व का अपनी तरह का पहला प्रतिबंध होगा। ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने कहा, रूसी मूल के सोने पर यह आयात प्रतिबंध, रूस से होने वाले हमारे आयात के 13.5 अरब पौंड, को अपने दायरे में लेगा।

## रूस ने कीव पर किया हमला

● रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में अपनी पकड़ को और मजबूत किया



एपी। कीव(यूक्रेन)

**रूस** ने रविवार तड़के यूक्रेन की राजधानी पर हमला कर कम से कम दो आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। कीव के मेयर विताली क्लित्स्चको ने यह जानकारी दी। वहीं, यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में रूसी सैनिकों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। कीव में, समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकार ने देखा कि बचाव कर्मी आग की लपटों पर काबू पाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। क्लित्स्चको ने कहा कि चार घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और सात साल की एक बच्ची को मलबे से जीवित बाहर निकाला गया। यूक्रेन के सांसद ओलेक्सी गोनचारेंको ने संदेश भेजने में उपयोग किए जाने वाले टेलीग्राम ऐप पर लिखा कि शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक कीव क्षेत्र पर कम से कम 14 मिसाइल दागी गईं। रविवार तड़के हुए हमलों से पहले कीव ने पांच जून से इस तरह के रूसी हमलों का सामना नहीं किया था। क्लित्स्चको ने संवाददाताओं से कहा कि उनका मानना है कि मैड्रिड में इस हफ्ते होने वाले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक से पहले यह संभवत: एक प्रतीकात्मक हमला रहा होगा। कीव में बाद में विस्फोट की दो और आवाज सुनी गई, लेकिन उनके कारण और उनमें हताहत हुए संभावित लोगों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। इस बीच, रूसी सैनिक पूर्वी लुशांक क्षेत्र में यूक्रेन के शेष गढ़ पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रूसी सैनिक सिवेरोदोंतेस्क के भग्नावशेषों और रासायनिक संयंत्र, जहां सैकड़ों यूक्रेनी सैनिक और नागरिक छिपे हुए हैं, पर पूर्ण नियंत्रण कायम करने के लिए अपनी गतिविधियां तेज कर रहे हैं। लुशांक क्षेत्र के गवर्नर सेरहीय हैदई ने रविवार को कहा कि रूस लाईसीचांस्क शहर पर तेज हमले कर रहा है और उसके टेलीविजन टावर को नष्ट कर दिया है तथा उसने एक पुल को भी गंभीर क्षति पहुंचाई है। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, शहर में बहुत विनाश किया गया है।

## जॉनसन ने अगला चुनाव जीतने का दावा किया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने रविवार को इस दावे के साथ कंजरवेटिव पार्टी के कई सहयोगियों को नाराज कर दिया कि वह अगले आम चुनाव में सत्ताधारी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सही रास्ते पर हैं। वहीं, दो महत्वपूर्ण उपचुनावों में करारी हार के बाद उनके नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह बढ़ रहा है। इस सप्ताह की शुरूआत में उपचुनावों में मतदाताओं ने विपक्षी लेबर पार्टी के पक्ष में मतदान करके और कंजरवेटिव पार्टी को पार्टीगेट घोटाले और जीवन-यापन पर खर्च बढ़ने को लेकर दंडित किया था। उसके बाद जॉनसन को आलोचना का सामना करना पड़ा रहा है। इन उपचुनावों को जॉनसन के नेतृत्व के लिए एक तरह के जनमत संग्रह के रूप में देखा रहा है। रवांडा में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (सीएचओजीएम) के अंत में संवाददाताओं ने जॉनसन से सवाल किया कि क्या वह 2028-2029 में होने अगले चुनाव तक पद पर एक पूर्ण दूसरे कार्यकाल चाहते हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, फिलहाल मैं तीसरे कार्यकाल के बारे में सक्रियता से सोच रहा हूं और यह हो सकता है, लेकिन मैं समय आने पर इसकी समीक्षा करूंगा। एक सूत्र ने बाद में कहा कि वह मजाक कर रहे होंगे। इससे पहले, बीबीसी के एक साक्षात्कार में, जॉनसन ने कहा, यदि आप कह रहे हैं कि आप चाहते हैं कि मैं किसी प्रकार के मनोवैज्ञानिक परिवर्तन से गुजरूं, तो मुझे लगता है कि हमारे श्रोताओं को पता होगा कि ऐसा नहीं होने वाला है।

# अफगानिस्तान में भूकंप के बाद हर ओर तबाही



एपी। गेयान (अफगानिस्तान)

**अफगानिस्तान** में जब पिछले हफ्ते भूकंप आया तो नहीम गुल अपने पत्थर और मिट्टी के घर के नीचे दब गए।

मलबे में उनके पिता और दो बहनें भी दब गई जिससे उनकी मौत हो गई। गुल को यह नहीं पता कि कितने घंटे तक मलबे को हटाने के बाद उन्हें अपने पिता और बहनों के शव नज़र आए। दक्षिण पूर्व अफगानिस्तान में बुधवार को आए छह तीव्रता के भूकंप ने दूरदराज़ के क्षेत्र में भंयकर तबाही मचाई है। इस वजह से कम से कम 1150 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों जख्मी हैं। गुल के हर ओर तबाही है और मदद उन जैसे लोगों तक पहुंच नहीं पा रही है। भूकंप के दौरान घर की दीवार गिरने से उनके भांजे और भतीजे की भी मौत हुई है। गुल ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटिड प्रेस से रविवार को कहा, मुझे नहीं पता कि हमारे साथ क्या होगा या हम कैसे फिर से अपनी जिंदगी शुरू करेंगे। हमारे पास फिर से शुरुआत करने के लिए धन भी नहीं है। उनका हाथ और कंधा जख्मी हुआ है। यह बात पक्तिका और खोस्त प्रांत के उन गांवों के हजारों लोगों ने कही जहां भूकंप ने सबसे ज्यादा कहर बरपाया है। जो लोग बमुश्किल अपना गुज़र-बसर कर रहे थे, उन्होंने सबकुछ गंवा दिया है। अनेक लोगों तक तो अब तक राहत समूह एवं अधिकारी भी नहीं पहुंचे हैं। वे प्रभावित इलाकों तक पहुंचने की कोशश कर रहे हैं लेकिन रास्ते में भूस्खलन की वजह से पहुंच नहीं पा रहे हैं। आर्थिक तंगी से जूझ कर रहे तालिबान को हालात का इल्म है और उसने विदेशी सहायता का आग्रह किया है और वाशिंगटन से अफगानिस्तान के अरबों डॉलर के भंडार को निकालने पर लगी रोक को हटाने की शनिवार को फिर से अपील की। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों और देशों ने मदद भेजी है। चीन ने करीब 75 लाख डॉलर की आपात मानवीय सहायता भेजने का शनिवार को संकल्प लिया। वह ईरान पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात और कतर के साथ शामिल हो गया है जिन्होंने टेंट, तौलिए, बिस्तर और अन्य जरूरत का सामान भूकंप प्रभावित इलाकों में भेजा है। संयुक्त राष्ट्र के उप विशेष प्रतिनिधि रमिज़ अलकबरोव ने शनिवार को प्रभावित पक्तिका प्रांत का दौरा किया और नुकसान का आकलन किया तथा खाद्य सामान, दवा और टेंट वितरित किए। संयुक्त राष्ट्र के हेलीकॉप्टर और ट्रक ब्रेड, आटा, चावल और कंबल लेकर प्रभावित इलाकों में पहुंचे।

# दुनिया के लिए भरोसेमंद 5जी प्रौद्योगिकी समाधान ला सकता है भारत: वैष्णव

भाषा। नई दिल्ली

**दूरसंचार** और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि दुनिया भर के लोग विश्वसनीय दूरसंचार समाधानों की तलाश में हैं और कोई भी देश भरोसे के लिहाज से भारत की बराबरी नहीं कर सकता। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टीसीएस-सीडॉट के नेतृत्व वाले गठजोड़ द्वारा विकसित स्वदेशी 5जी तकनीक में वैश्विक सौदे हासिल करने की क्षमता है। वैष्णव ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकी उपकरणों पर आधारित बीएसएनएल नेटवर्क में 1.25 लाख मोबाइल साइटों को तैनात करने की योजना बना रही है। उन्होंने सेमीकंडक्टर चिप की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी वाली इलेक्ट्रॉनिक चिप के लिए पहला परियोजना प्रस्ताव अगले कुछ महीनों में स्वीकृत हो जाएगा। उन्होंने कहा, हम अपने खुद के 5जी प्रौद्योगिकी ढांचे को विकसित करने पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। दूरसंचार के लिए एक अच्छे विश्वसनीय और किफायती प्रौद्योगिकी स्रोत में पूरे विश्व समुदाय की बड़ी रुचि है, क्योंकि दूरसंचार आज सभी डिजिटल सेवाओं की बुनियाद है। लोग एक विश्वसनीय दूरसंचार समाधान चाहते हैं। आप जानते हैं कि कोई भी देश भरोसे के लिहाज से भारत की बराबरी नहीं कर सकता।

## राज्यों में कारोबारी सुगमता संबंधी रैंकिंग 30 जून को हो सकती है जारी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय कारोबारी सुगमता के मामले में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग बृहस्पतिवार को जारी कर सकता है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 30 जून को बीआरएपी 2020 के तहत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन पेश करेंगी। इस कवायद का उद्देश्य राज्यों के बीच व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है जिससे कि वे घरेलू और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर सकें। इन मानकों में निर्माण मंजूरी, श्रम नियमन, पर्यावरण पंजीयन, भूमि उपलब्धता और एकल खिड़की प्रणाली शामिल है।

# मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2030 तक 7.5 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान: ठाकुर



भाषा। पुणे

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को कहा कि मीडिया और मनोरंजन पारिस्थितिकी एक तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है जिसके वर्ष 2030 तक बढ़कर 7.5 लाख करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने यह भी कहा कि देश में डिजिटल ढांचे के त्वरित विस्तार और एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) क्षेत्र में आ रहे बदलाव भारत को मीडिया और मनोरंजन उद्योग में पोस्ट-प्रोडक्शन का केंद्र बनाने की क्षमता रखते हैं। ठाकुर ने यहां सिम्बायोसिस स्किल एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मीडिया और मनोरंजन पारिस्थितिकी एक उभरता हुआ क्षेत्र है जिसके वर्ष 2025 तक सालाना चार लाख करोड़ रुपए का कारोबार करने और वर्ष 2030 तक 7.5 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बनने का अनुमान है। सरकार ने ऑडियो-विजुअल सेवाओं को 12 चैंपियन सेवा क्षेत्रों में शामिल किया है। इसके अलावा टिकाऊ वृद्धि को संभव बनाने के लिए सरकार ने कई प्रमुख नीतिगत कदम भी उठाए हैं।

मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में कई तरह की भूमिकाएं निकल कर आई हैं और उद्योग तथा अकादमिक जगत को साथ आकर ऐसे कार्यक्रम डिजाइन करने चाहिए जो इस क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप हों। उन्होंने भारत में फिल्मों को बॉलीवुड एवं टॉलीवुड के रूप में पेश करने की प्रवृत्ति पर नाखुशी जताते हुए कहा, "मुझे बॉलीवुड एवं टॉलीवुड जैसे शब्द पसंद नहीं हैं। इसकी जगह पर भारतीय फिल्म उद्योग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

## निर्णायक नेतृत्व से भारत की वृद्धि को मिला समर्थन: गोयल

**कोयंबटूर।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भरोसेमंद एवं निर्णायक नेतृत्व के साथ ही लोकतांत्रिक संरचना के चलते हर स्तर पर पारदर्शिता से भी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को समर्थन मिला है। वाणिज्य, उद्योग और कपड़ा मंत्री ने कहा कि देश ने एक स्थिर नीति ढांचे की घोषणा की है और सभी क्षेत्रों में किए गए प्रत्एक निवेश का सम्मान किया है। गोयल ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सहयोग से आयोजित सीआईआई के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक में यह बात कही। इस बैठक का आयोजन भारत सरकार और इंवेस्ट इंडिया के साथ मिलकर शनिवार शाम को किया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि इस बैठक में कपड़ा, हल्के इंजीनियरिंग और आईसीटी क्षेत्रों के सदस्यों ने भाग लिया।

## क्विक न्यूज

### परमाणु वार्ता बहाली पर सहमति बनने के बीच ईरान ने रॉकेट प्रक्षेपित किया

**तेहरान।** परमाणु वार्ता फिर से शुरू होने पर सहमति बनने के बीच ईरान के सरकारी टीवी ने रविवार को रॉकेट प्रक्षेपण की घोषणा की। तेहरान ने उपग्रह कैरियर के साथ यह रॉकेट प्रक्षेपित किया है। हालांकि, यह स्पष्ट नही है कि रॉकेट का प्रक्षेपण कब किया गया। रेगिस्तानी क्षेत्र से रॉकेट प्रक्षेपण की तैयारी से जुड़ी तस्वीरें सामने आने के बाद सरकारी टीवी ने इस बाबत घोषणा की। सरकारी टीवी ने दावा किया कि रॉकेट प्रक्षेपण सफल रहा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वार्ता में आए गतिरोध को दूर करने के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल की तेहरान यात्रा के बाद यह खबर आई है। बोरेल ने शनिवार को घोषणा की थी कि ईरान और अमेरिका आने वाले दिनों में अप्रत्यक्ष रूप से वार्ता बहाल करेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका के क्लब में कम से कम 20 लोगों की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की पुलिस तटीय शहर ईस्ट लंदन के एक नाइट क्लब में रविवार तड़के कम से कम 20 लोगों की मौत के मामले की जांच कर रही है। यह स्पष्ट नही है कि उन युवाओं की मौत का कारण क्या है, जो स्कूल की परीक्षा की समाप्ति का जश्न मनाने के लिए एक पार्टी में शामिल हुए थे। स्थानीय अखबार डेली डिस्पैच ने बताया कि शव टेबल और कुर्सियों पर पड़े हुए थे और चोट के किसी प्रकार के लक्षण नही दिखे हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता सियांदा मनाना ने कहा, अभी हम मौत के कारणों की पुष्टि नही कर सकते है। मनाना ने कहा, हम मौत के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए शवों का अंत्यपरीक्षण करा रहे हैं।

### इजराइली पीएम ने संसद को भंग करने से पहले मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई

**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने इस सप्ताह ही संसद को भंग किए जाने और नए सिरे से चुनाव कराने की संभावना के बीच अपने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि बेनेट ने रविवार को प्रधानमंत्री के तौर पर आखिरी बार मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। बेनेट के चुनाव की ओर बढ़ने के फैसले के साथ ही उस महत्वकांक्षी राजनीतिक योजना का भी समापन हो जाएगा जिसके तहत आठ विपरीत विचारधारा की पार्टियां केवल पूर्व नेता बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने के लिए अपने-अपने मतभेदों को एक ओर रख साथ आई थी। नेतन्याहू इस समय विपक्ष के नेता है और देश को नेतृत्व प्रदान करने को तैयार हैं।

### मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप में आठ शव मिले

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप में शनिवार को आठ शव बरामद हुए। ऐसा प्रतीत होता है कि ए उन आठ लोगो के शव है जिनका कैरेबिया के तट पर स्थित एक रिसॉर्ट से अपहरण कर लिया गया था। युकाटन राज्य के अभियोजकों के अनुसार, हो सकता है कि शव उन पुरुषों के है जिनके समुद्र तट शहर ज़ुक्लाक से अपहरण किए जाने की सूचना मिली थी। गौरतलब है कि ज़ुक्लाक बेलीज के पास मेक्सिको के कैरिबियन तट के दक्षिणी सिरे पर स्थित है।

### कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ के सकल राजस्व पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगने की संभावना

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था जीएसटी परिषद की इस सप्ताह होने वाली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ के सकल राजस्व पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के प्रस्ताव पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की अध्यक्षता में गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की तरफ से पेश रिपोर्ट पर जीएसटी परिषद की 28-29 जून को चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में विचार किया जा सकता है। जीओएम ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि ऑनलाइन गेमिंग के समूचे मूल्य पर कर लगाया जाना चाहिए, जिसमें खेल में भाग लेने पर खिलाड़ी द्वारा भुगतान किया जाने वाला प्रवेश शुल्क भी शामिल है। वही घुड़दौड़ के मामले में जीओएम ने सुझाव दिया है कि दांव लगाने के लिए जमा की गई पूरी राशि पर जीएसटी लगाया जाए।

### सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड 200 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाएगी

**मुंबई।** सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड ने स्टाक एक्सचेंजों को सूचित किया है कि वह विभिन्न चैनलों के माध्यम से 200 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की योजना बना रहा है। बोर्ड ने सही आधार पर या उसके किसी भी संयोजन में तरजीही आवंटन और या क्यूआईपी, एफसीसीबी, एडीआर, जीडीआर मुद्दों, या मौजूदा शेयरधारकों के माध्यम से कुल 200 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों को जारी करने और आवंटित करके धन जुटाने को मंजूरी दी है। इस संबंध में बोर्ड ने एक धन उगाहने वाली समिति के गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। नियामक फाइलिंग में कहा गया है कि फंड एक या एक से अधिक चरणों में जुटाया जाएगा। प्रत्येक10 रुपये के अंकित मूल्य के साथ स्टॉक विभाजन 10रू के अनुपात में होगा, रुपये के अंकित मूल्य के साथ।1 रुपये के अंकित मूल्य वाले 10 इक्विटी शेयर का पूरी तरह से भुगतान किया जाएगा।

### एलेवेटर उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन मुंबई में

**मुंबई।** भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लिफ्ट एलेवेटर बाजार है। एलेवेटर एंड एस्केलेटर कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार भारत का वैश्विक लिफ्ट बाजार में 7 प्रतिशत से अधिक का योगदान होते हुए भी यह वैश्विक लिफ्ट, एलेवेटर निर्यात में 0.25 प्रतिशत से कम योगदान देता है। मद्रास कंसल्टेंसी ग्रुप के अनुसार भारत 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के लिफ्ट घटकों का आयात करता है। वहीं 65 प्रतिशत के साथ चीन प्राथमिक लाभार्थी है। निर्यात और आयात से संबंधित विसंगति को ठीक करने के उद्देश्य से लिफ्ट और एस्केलेटर अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग प्रदर्शनी के लिए शुरू की गई है। लिफ्ट और एस्केलेटर अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग प्रदर्शनी का प्राथमिक उद्देश्य भारत को लिफ्ट और एस्केलेटर के लिए वैश्विक सोर्सिंग हब के रूप में स्थापित करना और चीन पर उद्योग की निर्भरता को कम करना है। लिफ्ट और एस्केलेटर अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग प्रदर्शनी के लिए 1,2, 3 दिसंबर 2022 को प्रदर्शनी बॉम्बे एक्जिबिशन सेंटर नेस्को गोरेगांव मुंबई में आयोजित की जाएगी।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 423 परियोजनाओं की लागत 4.95 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

भाषा। नई दिल्ली

**बुनियादी** ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 423 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.95 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई-2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की ।,568 परियोजनाओं में से 423 की लागत बढ़ी है, जबकि 721 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन ।,568 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,59,802.67 करोड़ रुपए थी, जिसके बढ़कर 26,54,818.05 करोड़ रुपए पर पहुंचने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 22.92 प्रतिशत या 4,95,015.38 करोड़ रुपए बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,42,563.22 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 50.57 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 563 पर आ जाएगी।

## एफपीआई की निकासी जारी, जून में भारतीय इक्विटी से अब तक 46,000 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों की भारतीय इक्विटी बाजारों से निकासी जारी है। भारतीय रिजर्व बैंक और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को कड़ा करने के बाद एफपीआई ने इस महीने अब तक लगभग 46,000 करोड़ रुपए निकाले है। फेडरल रिजर्व की नीतियों, कच्चे तेल की कीमतों और अस्थिर रुपए ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख को प्रभावित किया। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई द्वारा 2022 में अब तक इक्विटी से शुद्ध निकासी बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। यस सिक्योरिटीज में संस्थागत इक्विटी के प्रमुख विश्लेषक हितेश जैन ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और दूसरे प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक सख्ती, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अस्थिर रुपए के बीच अनुमान है कि एफपीआई उभरते बाजारों से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि एफपीआई की आवक तभी दोबारा शुरू होगी, जब अमेरिका में फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में बढ़ोतरी रुक जाएगी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि इसके अलावा अगर डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल का मौजूदा रुझान बना रहता है तो एफपीआई द्वारा और अधिक बिकवाली करने की संभावना है।

## डिजिटल कॉमर्स के लिए मुक्त नेटवर्क को लेकर उत्साहित: अमेजन

**नई दिल्ली।** दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने डिजिटल कॉमर्स के लिए मुक्त नेटवर्क को एक अच्छा विचार बताते हुए कहा है कि वह भारत के ई-कॉमर्स बाजार में मुक्त नेटवर्क की संभावनाओं को लेकर खासी उत्साहित है। गत अप्रैल में देश के पांच शहरों में डिजिटल कॉमर्स के लिए मुक्त नेटवर्क (ओएनडीसी) का पायलट चरण शुरू किया गया था। ओएनडीसी एक यूपीआई की तरह का प्रोटोकॉल है। इस पूरी कवायद का मकसद तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र को दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाना, छोटे खुदरा विक्रेताओं की मदद करना और दिग्गज ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के वर्चस्व को कम करना है। अमेजन में भारतीय उपभोक्ता कारोबार के प्रमुख मनीष तिवारी ने ओएनडीसी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि कंपनी नवोन्मेषों को लेकर उत्सुक है और इससे सभी का भला होगा। इससे अधिक खरीदार और विक्रेता ऑनलाइन आएंगे।

## मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए वृद्धि का असहनीय बलिदान न हो: एमपीसी सदस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत वर्मा का मानना है कि मुद्रास्फीति पर अचानक काबू पाने के लिए वृद्धि का असहनीय बलिदान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के प्रकोप से मुश्किल से ही उबर पाई है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मुद्रास्फीति पर अचानक काबू पाने की कोशिश में वृद्धि का असहनीय बलिदान न हो। देश की अर्थव्यवस्था के लिए सतर्क आशावादी दृष्टिकोण के साथ वर्मा ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए वृद्धि की संभावनाएं तर्कसंगत हैं, भले ही भूराजनीतिक तनाव और जिंस की ऊंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहें।

## एलेन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने एड.टेक में प्रवेश किया

**मुंबई।** भारत में छात्रों के लिए संगठित कोचिंग में अग्रणी, एलेन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने अपनी पहली डिजिटल शाखा एलेन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के शुभारंभ के साथ एड टेक में अपने प्रवेश की घोषणा की। कंपनी ने जेईई एडवांस्ड और मेन और एनईईटी यूजी जैसी प्रवेश परीक्षाओं के लिए कोचिंग का बीड़ा उठाया है। इसका उद्देश्य अपने नए डिजिटल उद्यम के माध्यम से भारत और अन्य जगहों के छात्रों के लिए शिक्षा परिणामों में महत्वपूर्ण रूप से सुधार करना है। छात्रों की कॅरियर आकांक्षाओं के मार्ग में बाधाजन्य परिस्थितियों को दूर करने के उद्देश्य से, एलेन कॅरियर इंस्टीट्यूट कॅरियर कोचिंग को लेकर महत्वपूर्ण योजना बना रहा है कि किस तरह डिजिटल और ऑफलाइन शिक्षण विकल्पों के मिश्र के जरिए कोचिंग शिक्षा प्रदान की जाए। एड टेक क्षेत्र में अपने प्रवेश पर टिप्पणी करते हुए एलेन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आनंद माहेश्वरी ने कहा कि पिछले तीन दशकों में, एलेन प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के लिए शीर्ष संस्थान के रूप में उभरा है और लगातार इन परीक्षाओं में शीर्ष परिणाम देता रहा है।

# दादा-दादी को मौत के घाट उतारा

## शराबी प्रवृत्ति के पौत्र ने घटना को दिया अंजाम, क्षत-विक्षत हालत में शव बरामद

**भाषा।** बदायूं

**जिले** के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के एक गांव में शराबी प्रवृत्ति के पौत्र द्वारा कथित तौर पर अपने दादा-दादी की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुजुर्ग दंपति के शवों को सड़ी-गली हालत में बरामद किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, दामरी गांव में बुजुर्ग दंपति के शव सड़ी-गली अवस्था में अलग-अलग बंद मकानों में मिले हैं और उनकी शिनाख्त प्रेमशंकर (65) व उनकी पत्नी भगवानदेई (60) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ग्रामीण सिद्धार्थ वर्मा के अनुसार, मृतक दंपति के मंझले पुत्र गेंदनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में दिल्ली में मजदूरी करने वाले अपने बड़े भाई रामपाल के बेटे हिमेश पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में टीम लगा दी है। वर्मा के मुताबिक, प्रेमशंकर के तीन पुत्रों में से दो रामपाल व इंद्रपाल दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं, जबकि मंझला बेटा गेंदनलाल गांव में ही नौकरी करता है। उन्होंने बताया कि 22 जून को गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बुजुर्ग दंपति दिल्ली से गांव आए थे, लेकिन दावत के बाद प्रेमशंकर और भगवानदेई गांव में किसी को भी नहीं दिखाई दिए। वर्मा के अनुसार, गांव वालों ने समझा कि शादी में शिरकत करने के बाद दोनों दिल्ली लौट गए होंगे, लेकिन शनिवार शाम प्रेमशंकर के पैतृक घर और रामपाल व इंद्रपाल के मकान से बदबू आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि दोनों मकानों में बाहर से ताला लगा हुआ था और पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो दंपति के सड़े-गले शव बरामद हुए। एसपी सिद्धार्थ वर्मा और पुलिस क्षेत्राधिकारी ओजस्वी चावला ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। बुजुर्ग दंपति के मंझले पुत्र गेंदनलाल ने पुलिस को बताया कि उसके बड़े भाई रामपाल का पुत्र हिमेश (20) शराबी प्रवृत्ति का है और वह आए दिन बुजुर्ग दादा-दादी से शराब पीने के लिए पैसे मांगता था और न देने पर झगड़ा करता था। गेंदनलाल ने आरोप लगाया कि 22 जून की रात को दावत के बाद उसने ही अपने दादा-दादी की हत्या कर दोनों के शव अलग-अलग मकानों में रखकर बाहर से ताला लगा दिया, ताकि किसी को शक न हो। मृतक दंपति के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हिमेश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## ससुराल में युवक का शव पेड़ से लटका मिला, कमरे में मिली पत्नी की लाश

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के ठठिया थाना क्षेत्र में अपनी ससुराल में रह रहे एक युवक का शव आंगन में नीम के पेड़ से लटका मिला, जबकि खून से लथपथ उसकी पत्नी की लाश कमरे से बरामद हुई।पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कन्नौज जिले के ठठिया थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव में रविवार सुबह की सुबह इस घटना की जानकारी तब हुई जब दंपति का तीन वर्षीय पुत्र सुबह नींद से जगा और उसने अपनी मां को जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठी तो रोते हुए बाहर आया। इसके बाद गांव के लोग भीतर पहुंचे तो घटना के बारे में पुलिस को सूचित किया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) डॉ अरविन्द कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि दोनों की मृत्यु कैसे हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ठठिया थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी रामस्वरूप ने लगभग छह वर्ष पूर्व अपनी बेटी की शादी इटावा जिले के जसवंतनगर क्षेत्र के गांव सुगंध नगर निवासी शक्ति सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही पत्नी आरती और शक्ति के बीच मनमुटाव रहने लगा, जिसके कारण 15 दिन पूर्व आरती का भाई अपनी बहन को गांव बुला लाया था। गत 22 जून को शक्ति अपनी पत्नी आरती व अपने पुत्र को बुलाने ठठिया के श्रीनगर गांव में आया हुआ था। वह गांव में ही रुका हुआ था। ससुराल के लोगों ने गांव के बाहर बने मकान में रहने के लिए जगह दी थी और शक्ति अपनी पत्नी आरती और पुत्र शिवा के साथ रह रहा था। रविवार की सुबह जब तीन वर्षीय पुत्र शिवा की नींद खुली तो वह मां को उठाने गया। जब मां नहीं उठी, तो वह बाहर आकर जोर से रोने लगा। तब तक आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए। लोग जब घर के भीतर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर हतप्रभ रह गए। कमरे में खून से लथपथ आरती का शव पड़ा था, जबकि आंगन में खड़े नीम के पेड़ से लगे फंदे में शक्ति का शव लटका था। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार, क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे और प्रियंका बाजपेई मौके पर पहुंचे। आरती की मां सुनीता ने बताया कि आरती और शक्ति के बीच मनमुटाव था और कभी-कभी मारपीट भी हो जाती थी। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि पहले शक्ति ने अपनी पत्नी आरती को मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया और फिर खुद नीम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## किसान की गोली मारकर हत्या, विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के फुगाना में बस अड्डे के पास एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार की रात हुई जब अज्ञात बदमाशों ने बस अड्डे के पास किसान सत्एंद्र कुमार (42) की गोली मारकर हत्या कर दी। फुगाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शरद चंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारों की तलाश की जा रही है। इस बीच, ग्रामीणों ने घटना का विरोध किया और त्वरित कार्वाई की मांग को लेकर फुगाना में मेरठ-करनाल मार्ग को जाम कर दिया। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

प्रतापगढ़ में इंजीनियरिंग कॉलेज की दीवार गिराने का मामला

# सपा विधायक समेत छह के खिलाफ मामला दर्ज



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की कंधई थाना पुलिस ने रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के शिवसत गांव में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज की दीवार गिराने के आरोप में समाजवादी पार्टी के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा समेत छह नामजद और 40 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके कुछ दिन पहले विधायक वर्मा ने इसी कॉलेज की दीवार में कथित रूप से घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल होने का दावा किया था। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सतपाल अंतिल ने रविवार को विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की पुष्टि की। अंतिल ने बताया कि निर्माणधीन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की कार्यदाई संस्था अमरोंट्रांस इंफ्राटेक प्रा.लि. के परियोजना प्रबंधक मोहम्मद इरशाद की तहरीर पर विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ कॉलेज की निर्माणाधीन दीवार गिराने के आरोप में शनिवार देर रात संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मोहम्मद इरशाद ने दी गई तहरीर में आरोपित किया है कि निर्माणधीन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में विधायक डॉक्टर आरके वर्मा और उनके 40-50 समर्थक, जिसमें वीएल पटेल, दिनेश पटेल, दिनेश सिंह, योगेश और मोनू शामिल हैं, गाड़ियों से आए। तहरीर के मुताबिक उसी दिन चिनाई की गई दीवार को गिराने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। इरशाद ने आरोप लगाया कि उन लोगों ने मना करने पर गाली गलौज और मारने की धमकी भी दी। पुलिस के मुताबिक विधायक और उनके समर्थकों ने सरकारी कार्य में बाधा डालकर शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाई है ढ गौरतलब है कि निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण में घोर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए रानीगंज से सपा विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने शुक्रवार को कहा था कि यहां कॉलेज नहीं, बल्कि कब्रगाह का निर्माण हो रहा है। वर्मा ने शुक्रवार को निर्माणाधीन कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद कहा कि वह बेलखरनाथ धाम में सामूहिक विवाह में शामिल होने जा रहे थे, तभी क्षेत्र के लोगों ने शिवसत गांव में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज एवं अस्पताल की निर्माण सामग्री को लेकर शिकायत की और निरीक्षण करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जब वह निर्माणाधीन कॉलेज में पहुंचे और दीवार को थोड़ा सा धक्का दिया, तो दीवार भरभरा कर गिर गई। उन्होंने कहा कि कॉलेज का निर्माण बालू से किया जा रहा था। जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करने पर आरईएस के सहायक अभियंता वहां पहुंचे और निर्माण सामग्री का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया। रानीगंज में निर्माणाधीन कॉलेज की दीवार पर विधायक द्वारा हल्का से धक्का दिए जाने से दीवार गिरने का वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ है। इस घटना पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुटकी लेते हुए शुक्रवार को ट्वीट किया था भाजपा के राज में घोर भ्रष्टाचार का कमाल है निराला। बिन सीमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज की ईंटों को जोड़ डाला।

## बोले राज्यपाल सत्यपाल मलिक,अग्निपथ पर पुनर्विचार करे सरकार

# तीन साल में लौटे तो नहीं होगी शादी

**भाषा।** बागपत



**मेघालय के** राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सेना भर्ती की नई अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए रविवार को कहा कि सरकार को इस योजना पर पुनर्विचार करना चाहिए। मलिक ने कहा कि छह माह जवान प्रशिक्षण लेगा, छह माह की छुट्टी और तीन साल की नौकरी करने के बाद जब वह घर लौट आएगा तो उसका ब्याह भी नहीं होगा। रविवार को यहां खेकड़ा में शिक्षक नेता गजे सिंह धामा की मौत के बाद उनके आवास पर मलिक शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल मलिक ने कहा कि अग्निपथ योजना जवानों के खिलाफ है, यह उनकी उम्मीदों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्होंने किसानों की बात रखी थी और अब जवानों की बात रख रहे हैं। आप पद से इस्तीफा देकर किसानों और युवाओं के बीच में आकर बैठते और मुखर होते तो ज्यादा असर पड़ता? इस सवाल के जवाब में सत्यपाल मलिक ने कहा, मैं आप जैसे सलाहकारों के चक्कर में पड़ता तो यहां तक पहुंचता ही नहीं। फिर उन्होंने आगे कहा कि कुर्सी छोड़ दूंगा एक मिनट में अगर जिसने मुझे बनाया है वह कह दे। सेवानिवृत्ति के बाद की योजना के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरा इरादा राजनीति करने और चुनाव लड़ने का नहीं है। किसानों और जवानों के लिए जहां जरूरत होगी संघर्ष करुंगा। मलिक ने कहा कि वह कश्मीर पर किताब भी लिखेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या सेवानिवृत्त होने के बाद केन्द्र सरकार के खिलाफ खुलकर आंदोलन की अगुवाई करेंगे? मलिक ने कहा कि बात सरकार के विरोध की नहीं है, मैं जो मुद्दा उठा रहा हूं, वह अगर मान लिया जाए तो वह सरकार के पक्ष की ही बात होगी।

## रक्तदान शिविर का आयोजन कर धूम से मनाया जन्मदिन

**संवाददाता।** बरेली



**एमजेपी रुहेलखंड** विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक एवं टीम लीडर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विश्विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन कर अपना जन्मदिन मनाया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ बृजेश कुमार ने रक्तदान शिविर में आए सभी रक्तदानियो का आभार व्यक्त किया और निरंतर आगे भी इस प्रकार रक्तदान के लिए आगे आने के लिए आग्रह किया। मोहित शर्मा ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते है और अपने सभी मित्रो को भी रक्त के प्रति जागरूक करके उनसे भी रक्तदान कराते हैं। शिविर जिला अस्पताल के रक्तकोष टीम के द्वारा लगाया गया ,जिसमे पीआरओ मनोज कुमार,एलटी अलोक ,विवेक, एलटी,संतराम ,सुनील,संजय आदि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 9 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मोहित शर्मा ने बताया उन्होंने हाल ही में रक्तदान किया था जिस कारण वह रक्तदान नहीं कर पाए। मोहित शर्मा अभी तक 8 बार रक्तदान चुके है और अनेकों बार रक्तदान शिविरो का आयोजन कर रक्त को जिला ब्लड बैंक को उपलव्ध कराते रहते हैं। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर इमरजेंसी में मरीज को अपने मित्रों के माध्यम से रक्त को उपलव्ध कराकर मरीज की मदद करते है। समय समय रक्तदान के लिए रैलियां,पोस्टर ,सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान भी चलाते है,जिससे लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के लिए आगे आए। रक्तदान करने वालो मे अभिजीत, शारीक शबाब जैदी,शुभम,फैजुल हसन,दीपांशी त्यागी,वंश अग्रवाल,अमित भट्ट,वैभव कुमार आदि थे। शिविर में सुनील,हरिओम,विनोद आदि का सहयोग रहा।

# भाजपा ने सरकारी मशीनरी का जमकर दुरुपयोग किया

## कोई अंतरराष्ट्रीय संस्था कराए चुनाव : आजम



**रामपुर।** रामपुर लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार की पराजय के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक आजम खां ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके रामपुर की जनता की जीत को हार में बदल दिया। आजम ने रविवार को दावा किया कि कोई अंतरराष्ट्रीय संस्था ईमानदारी से चुनाव कराए और अगर उनका उम्मीदवार हार जाए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। आजम ने रामपुर लोकसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी आसिम राजा की भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी के हाथों 42 हजार से अधिक मतों से पराजय के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके रामपुर की जनता की जीत को हार में बदल दिया। उन्होंने रामपुर में भाजपा प्रत्याशी की जीत को लोकतंत्र की हार करार देते हुए कहा "बहुत अच्छी बात है, वह (भाजपा) जीत गए, लेकिन यह जीत नहीं है उनकी। इसी तरह तो उन्होंने उत्तर प्रदेश की सरकार भी बना ली है और मैं शर्म व एहसास दिलाना चाहूंगा उन तमाम ताकतों को, जो लोकतंत्र को कमजोर कर रही हैं, अपने छोटे-छोटे फायदों के लिए" आजम ने यह भी कहा कि कोई अंतरराष्ट्रीय संस्था आए और यहां चुनाव कराने की जिम्मेदारी ले। उन्होंने कहा "ईमानदारी से चुनाव हो जाए। मैं कहता हूं अंतरराष्ट्रीय न्यायालय आए। वह यहां चुनाव कराए। खुले मैदान में चुनाव हो जाए। अगर हम हार गए तो राजनीति का मैदान हमेशा के लिए छोड़ देंगे" सपा नेता ने कहा के भाजपा पर लोकतंत्र को बचाने की ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी थी लेकिन उसने उसे नहीं निभाया। गौरतलब है कि रामपुर लोकसभा उपचुनाव के रविवार को घोषित परिणामों में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने सपा उम्मीदवार आसिम राजा को 42192 मतों से पराजित किया। यह सीट आजम खां के ही विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण रिक्त हुई थी।

# नशा निरोधक दिवस पर एसपी ने दिलाई शपथ



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन के प्रांगण में उपस्थित पुलिस कर्मियों को प्रधानमंत्री भारत सरकार व गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति के संबन्ध में दिए गए संदेशों को पढ़कर सुनाया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर, समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने अपने कार्यालयों व जनपद के समस्त थाना प्रभारी / थानाध्यक्षों के द्वारा अपने अपने थाना पर पुलिस कर्मियों को प्रधानमंत्री व गृह मंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को पढ़कर सुनाया गया व सभी पुलिस कर्मियों को समाज से नशे की लत को समाप्त कर स्वस्थ समाज की रचना करने का संकल्प दिया गया। पुलिस अधीधक द्वारा बताया गया कि वह चीज जिसकी आपको लत लग जाए, नशे की श्रेणी में ही आता है। ऐसी ही कुछ आदतें है जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता जैसे दृ मादक पदार्थों के अलावा चाय, काफी, वर्तमान समय के नवीन यंत्र जैसे विडियो गेम, स्मार्ट फोन, फेसबुक आदि का ज्यादा मात्रा में उपयोग भी नशे की श्रेणी में आते है।

## सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग 2 जुलाई से होगी शुरू

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर उपनिदेशक कृषि कमल कटियार ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022.2023 में कुल 58 सोलर पम्प स्थापित किये जायेगे। इन सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग 02 जुलाई 2022 को सुबह 11 बजे से लक्ष्य पूर्ण होने तक की जा सकती है।उन्होने बताया कि इसके लिए पात्रता हेतु 2 एचपी 4 इंच 3 व 5 एचपी हेतु 6 इंच एवं 7॰5 व 10 एचपी हेतु 8 इंच की बोरिंग कृषक के पास होना अनिवार्य है। लाभार्थी कृषक के पास पूर्व से सिंचाई हेतु कोई विद्युत कनेक्शन न हो 2 एचपी सबमर्सिबल सोलर पम्प हेतु 50 फिट एवं 3 एचपी सोलर पम्प हेतु जल स्तर 150 फिट 5 एचपी के लिए 200 फिट 7.5 व 10 एचपी हेतु 300 फिट तक जल स्तर वाले क्षेत्र के कृषक योजना हेतु पात्र होंगे।

## रेलवे लाइन पर मिली मंदबुद्धि बुजुर्ग की लाश

**बरेली।** कल दिन में घर से निकले एक बुजुर्ग की लाश घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गांव वीर भट्टी निवासी74 वर्षीय सुरेश पुत्र रामलाल की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सुरेश कल दिन में बिना बताए घर से बाहर निकले थे वह मानसिक रूप से कमजोर थे और शाम को जब वह घर वापस नहीं लौटे थे लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला आज सुबह लोगों ने उनकी लाश को रेलवे लाइन के किनारे देखा और घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।

# भाजपा-बसपा गठबंधन ने हराया



**आजमगढ़।** आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने अपनी पराजय के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के गठबंधन को जिम्मेदार करार दिया है। यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में उपचुनाव में अपनी हार के कारणों के बारे में पूछे जाने पर कहा, "मैं अपनी हार के लिए भाजपा-बसपा के गठबंधन को बधाई दूंगा, जो प्रत्यक्ष तौर पर राष्ट्रपति के चुनाव में भी सामने आ गया। आजमगढ़ के चुनाव में यह गठबंधन पहले से ही चल रहा था" उन्होंने कहा कि अगर वे दोनों गठबंधन करके मुझे हराकर खुश हैं, तो वे अपनी खुशी का इजहार जरूर करें। गौरतलब है कि आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को 8,679 मतों से पराजित किया। यह सीट सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दिए जाने के कारण रिक्त हुई थी। पूर्व में बदायूं से सांसद रह चुके धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर तमाम तरीके के षड्यंत्र रचने के आरोप लगाए। धर्मेंद्र ने कहा, "मुख्यमंत्री कल बनारस में रुके थे, क्यों रुके थे, वह अधिकारियों को क्या निर्देश दे रहे थे। मुझे क्यों सुबह से रोका जा रहा था? क्यों हमारी मतदाता सूची से नाम काटे गए, क्यों हमारे हजारों कार्यकर्ताओं को लाल कार्ड दिए गए" उपचुनाव में मौका देने के लिए सपा नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए यादव ने चुनाव नहीं जीत पाने के लिए माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि वह सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की बनाई हुई परंपरा को कायम नहीं रख पाए, लेकिन वर्ष 2024 में आजमगढ़ के लोग सपा को एक बार फिर यहां से जिताएंगे। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि वह अगला लोकसभा चुनाव आजमगढ़ से लड़ेंगे या बदायूं से, इसका फैसला तो पार्टी नेतृत्व करेगा, लेकिन वह अब जीवन में कभी आजमगढ़ को छोड़ने वाले नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के उपचुनाव प्रचार के लिए आजमगढ़ नहीं आने संबंधी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बयान के बारे में धर्मेंद्र यादव ने कहा कि अखिलेश यादव ने पूरे चुनाव को व्यवस्थित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

# बांदा में 1.40 करोड़ का घोटाला, कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज

**संवाददाता।** बांदा






**डीपीआरओ और** मनरेगा में 1 करोड़ 40 लाख के घपले का मामला पंचायती राज वा मनरेगा में उजागर हुआ है। एक प्रार्थना पत्र विशेष न्यायाधीश के आदेश पर नारायणी ब्लॉक के अतर्रा ग्रामीण के पंचायत सचिव के खिलाफ अतर्रा थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।

इस प्रार्थना पत्र में पंचायत सचिव ने मजदूरों की रकम अपने निजी खाते में डाल ली। इसी प्रकार सचिव ने राधा ट्रेडर्स नामक वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए छप्पन लाख रुपए का फर्जी भुगतान किया। आरोप है कि सचिव ने 99000 की फोटो कॉपी भी करा ली।इसी प्रकार हैंडपंप मरम्मत का ?600000 का फर्जी भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश के बांदा मे मजदूरों की पंचायती राज वा मनरेगा धडाम बोल गयी है। यहां मजदूरों से नहीं! काम न मिलने से जिले के तकरीबन 1॰30 लाख मजदूर रोजी.रोटी के लिये परिवार स म ` त दिल्लीएपंजाबएकोलकाताएमुम्बईएआदि महानगरों को पलायन कर गये हैं। वे मनरेगा मे काम न करके महानगरों मे मजदूरी करना ज्यादा मुफीद समझते हैं। जो लोग गांवो से पलायन न करके गांव मे ही मजदूरी आदि करके गुजर.बसर करना चाहते हैं उन्हे कहीं काम नहीं मिल रहा। लेकिन बहुत बड़ा घोटाला पंचायती राज विभाग बांदा मेंभी है,मनरेगा के जाबकार्ड होने के बावजूद प्रधान और सचिव उन्हे काम देने को तैयार नहीं है। मनरेगा के ज्यादातर काम या तो हवा.हवाई हैं ! या फिर जेसीबी मशीनों से कराये जा रहे हैं।

विद्या धाम समिति के सचिव राजा भैया ने कोर्ट से प्रार्थना पत्र दिया था इसमें बताया था कि पंचायत सचिव ने फर्जी कार्य दिखाकर 7000000 और मजदूरी का 788001 मजदूरों को ना देकर अपने निजी खाते में डाल लिया है इसी प्रकार सचिव ने राधा ट्रेडर नामक फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए छप्पन लाख रुपया का फर्जी भुगतान किया है आरोप लगाया है कि सचिव ने 99000 फोटोकॉपी कराने का पैसा निकाल कर दीजिए खाते में डाल दिया है इसी तरह हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 600000 फर्जी भुगतान किया गया है यह सब डीपीआरओ पंचायती राज्य का घोटाला है।

मनरेगा मे किये जा रहे फर्जीवाडा और ग्राम प्रधान की मनमानी से परेशान नरैनी तहसील के मूडी गांव से सोमवार को जिला मुख्यालय आये करीब 80 पुरुष और महिला मजदूरों ने बांदा डीएम अनुराग पटेल को शिकायती पत्र सौंपते हुये बताया कि उनके गांव का प्रधान और सचिव किसी को मनरेगा के काम पर नहीं लगा रहा। सारे काम जेसीबी से कराये जा रहे है। मस्टर रोल मे फर्जी मजदूरों के नाम भरकर मनरेगा की मजदूरी का पैसा हडपा जा रहा है। उधर नरैनी तहसील के भांवरपुर, पंचमपुर, बिल्हरका, आदि गांवों मे भी मनरेगा के कामो मे जेसीबी गरज रही है। नरैनी तहसील के पचोखर गांव के बाबू कुशवाहा ने जिलाधिकारी अनुराग पटेल को दिये गये शिकायती पत्र मे बताया है कि उसने ग्राम प्रधान सचिव और जेई के कहने पर वर्ष 2016 मे गांव के अस्पताल मिनी सचिवालय बारातघर और आंगन बाडी केन्द्र केअंदर.बाहर मिट्टी पुराई का काम ट्रेक्टर से किया था। पूरे काम मे 3.50लाख का खर्च आया था।

उस समय के ग्रामप्रधान लवकुश त्रपाठी सचिव केदारनाथ कुशवाहा जेई राजेन्द्र पांडेय यह रकम मजदूरों के फर्जी मस्टर रोल के जरिये निकालकर हजम कर गये। उसे पुराई के भुगतान का एक धेला नहीं मिला। पुराई के काम मे जिनके ट्रेक्टर लगाये गये थे वह लोग तकादा कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बाबू कुशवाहा की गुहार पर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।

## जिलाधिकारी ने मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**संवाददाता।** बांदा



**जिलाधिकारी बांदा** अनुराग पटेल द्वारा इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022 में जनपद बांदा के सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज केन पथ बांदा की छात्रा कु0 स्नेहा भारद्वाज पुत्री श्री शिवकुमार शर्मा ने 92.40 प्रतिशत अंक के साथ राज्य में 9 वॉ स्थान प्राप्त करने पर छात्रा के घर जाकर कु0 स्नेहा भारद्वाज को पुष्प माला पहनाकर व लड्डू खिलाकर तथा छात्रा के पिता श्री शिवकुमार शर्मा एवं माता श्रीमती श्यामकान्ता शर्मा को सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा छात्रा को आर्शीर्वाद प्रदान करते विषम परिस्थितिओं में धैर्य व लगन के साथ काम करने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर श्री विनोद सिंहए जिला विद्यालय निरीक्षक बॉदा प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता सिंह विद्यालय के वरिष्ठ सहायक श्री रामसजीवन व छात्रा के माता.पिता दादा.दादी सहित परिवार एवं मोहल्ले के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश पहली बार बना रणजी चैंपियन

● पहला खिताब जीतकर इतिहास रचा, मुंबई को छह विकेट से पराजित किया

भाषा। बेंगलुरू



**मध्य प्रदेश ने** रविवार को पांचवें और अंतिम दिन घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीम मुंबई को एकतरफा फाइनल में छह विकेट से हराकर पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास रचा। कोच चंद्रकांत पंडित ने इसी मैदान पर 23 साल पहले रणजी ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला गंवाया था लेकिन इस बार वह चैंपियन टीम का हिस्सा बनने में सफल रहे। अंतिम दिन मुंबई की टीम दूसरी पारी में 269 रन पर सिमट गई जिससे मध्य प्रदेश को 108 रन का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। सत्र में 1000 रन बनाने से सिर्फ 18 रन दूर रहे सरफराज खान (45) और युवा सुवेद पार्कर (51) ने मुंबई को हार से बचाने का प्रयास किया लेकिन कुमार कार्तिकेय (98 रन पर चार विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों ने मध्य प्रदेश की जीत सुनिश्चित की। कोच के रूप में पंडित का यह रिकॉर्ड छठा राष्ट्रीय खिताब है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश ने हिमांशु मंत्री (37), शुभमन (30) और पाटीदार (नाबाद 30) की पारियों की बदौलत 29.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंडित के मार्गदर्शन में विदर्भ ने भी चार ट्रॉफी (लगातार दो रणजी और ईरानी कप खिताब) जीती जबकि उसके पास कोई सुपरस्टार नहीं थे। रजत पाटीदार को छोड़कर यश दुबे, हिमांशु मंत्री, शुभम शर्मा, गौरव यादव या सारांश जैन जैसे खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह बनाने की अभी दावेदार नहीं मौजूदा सत्र में उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन सभी ने मिलकर 41 बार के चैंपियन मुंबई को एक और रणजी खिताब से महरूम किया। मध्य प्रदेश ने एक बार फिर साबित किया कि रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने लिए आपकी टीम में सुपर स्टार या भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार होना जरूरी नहीं है। राजस्थान ने उस समय खिताब जीता जबकि ऋषिकेश और आकाश उसके साथ थे। विदर्भ ने जब खिताब जीते तो उसके युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए वसीम जाफर और गणेश सतीश मौजूद थे। मप्र की टीम अपने दो महत्वपूर्ण खिलाड़ियों आवेश खान और वेंकटेश अय्यर के बिना खेल रही थी लेकिन मुंबई पर भारी पर पड़ी। वर्ष 2010 के बाद से रणजी ट्रॉफी में कुछ सत्र कर्नाटक का दबदबा रहा लेकिन इसके बाद सिर्फ मुंबई ही एक खिताब जीत पाई जबकि अधिकांश खिताब राजस्थान (दो), विदर्भ (दो), सौराष्ट्र (एक) और मध्य प्रदेश (एक) जैसी टीम ने जीते जिन्हें घरेलू क्रिकेट में कमजोर माना जाता था। यह दर्शाता है कि मुंबई के शिवाजी पार्क, आजाद मैदान या क्रॉस मैदान, दिल्ली और बेंगलुरू या कोलकाता से क्रिकेट अब छोटे शहरों में भी फैल रहा है। रणजी ट्रॉफी जब शुरू हुई तो मध्य प्रदेश की टीम बनी भी नीं थी और तब ब्रिटिश युग के राज्य होलकर ने देश के कई दिग्गज क्रिकेटर दिए ।

## हमेशा लगता था कि 23 साल पहले यहां कुछ छूट गया है : पंडित

बेंगलुरू। मध्य प्रदेश के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित दो दशक से अधिक समय से दर्दनाक हार का बोझ उठाए हुए थे और रविवार को टीम के रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद उनकी नम आंखो से मुंबई के ड्रेसिंग रूम की ओर सम्मान के तौर पर हाथ जोड़ने की प्रतिक्रिया को बखूबी समझा जा सकता है। रजत पाटीदार के मध्य प्रदेश के इतिहास मे सबसे महत्वपूर्ण एक रन लेने के बाद मुख्य कोच पंडित के लिए एक चक्र पूरा हुआ जो 23 साल पहले बतौर खिलाड़ी राज्य की टीम को पहला रणजी ट्राफी खिताब जीतने की विफलता के बाद हुआ। रणजी ट्राफी जीतने के बाद थके हुए दिख रहे पंडित ने कहा, हर ट्राफी संतुष्टि देती है लेकिन यह विशेष है। मै 23 साल पहले मध्य प्रदेश के कप्तान के रूप मे इसे नही दे सका था। इतने वर्षो तक मुझे हमेशा महसूस हुआ कि यहा मेरा कुछ छूट गया है। इसलिए ही मै इसके बारे मे थोड़ा ज्यादा उत्साहित और भावुक हूं। खिलाड़ी के तौर पर पंडित काफी दिल तोड़ने वाली हार देख चुके है जिसमे उनकी सर्वश्रेष्ठ 39 रन की पारी चेपक मे आस्ट्रेलिया के खिलाफ टाई हुए टेस्ट मे बनना शामिल है। फिर 1987 मे वानखेड़े स्टेडियम मे इंग्लैड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल मे वह 24 रन पर थे लेकिन भारत मैच हार गया था। कपिल देव की अगुआई वाली हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्राफी फाइनल मे उन्हे महज एक रन से हार मिली थी। लेकिन उन्हे सबसे ज्यादा आहत 1999 मे मध्य प्रदेश के रणजी फाइनल ने किया जिसमे कर्नाटक से हार के बाद वह बेसुध होकर रो रहे थे।

# जब ललित मोदी के लिए धर्मशाला पहुंची मर्सिडीज

●किताब का दावा

भाषा। नई दिल्ली



**भ्रष्टाचार के मामले** में देश छोड़ कर भागने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व आयुक्त ललित मोदी के लिए धर्मशाला और नागपुर जैसे शहरों में मर्सिडीज की एस-क्लास कारों का विशेष तौर पर इंतजाम करना पड़ा था क्योंकि इन शहरों में यह कार उपलब्ध नहीं थी और वह किसी अन्य कार में सवारी नहीं करना चाहते थे। एक नई पुस्तक मेवरिक कमिश्नर: द आईपीएल-ललित मोदी सागा में लेखक बोरिया मजूमदार ने यह दावा किया कि ललित मोदी जब आईपीएल मैच के लिए धर्मशाला गए थे तो उनके कार्यालय ने दिल्ली से उनके लिए मर्सिडीज की एस क्लास कारें भेजी। ए कारें धर्मशाला में उनके विमान से उतरने से पहले वहां पहुंच गई थी। मजूमदार ने एक और घटना का जिक्र करते हुए लिखा है कि जब मोदी मई 2010 में देश छोड़ चुके थे, तो एक होटल ने बीसीसीआई को एक बिल राशि भेजी थी जो कि बकाया थी और तब बोर्ड ने उनके बिल को भरने से मना कर दिया था। लेखक के अनुसार, ए कुछ उदाहरण हैं जिससे पता चलता है कि कई लोग आईपीएल से क्यों नफरत करते रहे। उनका कहना है कि क्रिकेट की बढ़ती ब्रांड वैल्यू के बावजूद इसमें ग्लैमर और ऐश्वर्य का अश्लील प्रदर्शन हमेशा लोगों की आंखों में धूल झोंकने वाला था। लेखक के मुताबिक, ललित अपनी सफलता के खुद शिकार हो गए। उनका मानना था कि ग्लैमर और ऐश्वर्य के बिना यह लीग नहीं चल पाएगी। आईपीएल के पहले दो सत्र की सफलता के बाद वह अपने शौक को पूरा करने में बेवजह का खर्च कर रहे थे। ललित एक मैच को देखने के लिए धर्मशाला गए थे। उनके कार्यालय ने दिल्ली से दो एस-क्लास मर्सिडीज कारें बुक की थीं, जो विमान से उनके उतरने से पहले वहां पहुंच गई थी। हिमाचल में एस क्लास मर्सिडीज कार नहीं थी ऐसे में दिल्ली से उसे भेजा गया। ऐसा ही वाकया नागपुर में हुआ।

### महाराष्ट्र के साइकिलिस्ट ने सबसे मुश्किल साइकिल रेस में पोडियम पर जगह बनाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अल्ट्रा साइक्लिस्ट कबीर राचूर ने रविवार को रेस एक्रॉस अमेरिका (रैम) में अपने वर्ग में पोडियम पर जगह बनाई। दुनिया की सबसे मुश्किल साइकिल रेस मानी जाने वाली रैम में यह उपलब्धि हासिल करने वाले कबीर पहले भारतीय है। बंबई उच्च न्यायालय मे वकालत करने वाले मराठवाड़ा के रहने वाले वकील कबीर एकल पुरूष अंडर-50 वर्ग मे तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत ने वॉलीबॉल में मलेशिया को 3–0 से हराया

**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला वॉलीबॉल टीम ने थाईलैंड के नेखोन पेथोम मे 21वे प्रिंसेस कप के शुरुआती दौर के तीसरे लीग मैच मे मलेशिया को 2-0 से हराया। भारत ने 25-17 25-16 25-22 से जीत दर्ज की। चौबीस जून को शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 30 तक चलेगा। भारत की ओर से अटैकर अनुश्री केपी और ब्लॉकर सूर्या ने शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय वॉलीबॉल महासंघ (वीएफआई) के अध्यक्ष अच्युता सामंत ने चैंपियनशिप मे लगातार तीसरी जीत के लिए टीम को बधाई दी है।

### बरमूडा ने नीरज ओडेड्रा को मुख्य कोच बनाया

**नई दिल्ली।** बरमूडा क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप मे क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ सौराष्ट्र के नीरज ओडेड्रा को संक्षिप्त करार पर राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। नीरज 2015 से सौराष्ट्र के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे और मौजूदा सत्र मे टीम के मुख्य कोच थे। भारत ए के पूर्व और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के मौजूदा कोच सितांशु कोटक के साथ नीरज ने पिछले एक दशक मे सौराष्ट्र की लाल गेंद की टीम को मजबूत बनाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया और इस दौरान 2020 मे टीम ने अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब भी जीता।

### आकाश को रजत

**लखनऊ।** 38वीं सब जूनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के बालक वर्ग में आकाश चौहान ने रजत पदक हासिल की। राजकोट गुजरात में हाटा कुशीनगर के आकाश चौहान ने 30.46 सेकेंड का समय लेकर लड़कों के ग्रुप में 50 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक छीन लिया। राजा जय प्रताप सिंह पूर्व राज्य मंत्री एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश स्वीमिंग एसोसिएशन ने यह जानकारी दी।

### पुणे की साइकिलिस्ट ने रिकॉर्ड बनाया

**लेह।** पुणे की प्रीति मस्के ने अल्ट्रा साइक्लिंग विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया, वह लेह से मनाली तक 55 घंटे 13 मिनट में अकेले साइकिल चलाने वाली पहली महिला बन गई। अधिकारियो ने दावा किया कि दो बच्चो की मां प्रीति ने 480 किमी की दूरी तय कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की जरूरी शर्त पूरी की। उन्होने कहा कि 45 साल की प्रीति के नाम गोल्डन क्वाड्रिलेट्रल पर सबसे तेज साइकिल चलाने वाली महिला बनने का रिकॉर्ड है जिसकी दूरी 6,000 किमी है।

### नेहा संयुक्त 36वें, दीक्षा व वाणी संयुक्त 43वें स्थान पर

**प्राग।** भारतीय गोल्फर नेहा त्रिपाठी रविवार को यहां टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन मे संयुक्त 36वे स्थान पर रही। नेहा ने चार बर्डी और तीन बोगी से 73 का कार्ड खेला जिससे 54 होल मे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। दो अन्य भारतीय दीक्षा डागर (71) और वाणी कपूर (71) संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर रहीं।

# अभ्यास मैच में अश्विन के दो विकेट

● शुभमन गिल ने बनाए 62 रन



भाषा। लीसेस्टर

**लीसेस्टरशर** के खिलाफ भारत का अभ्यास मैच रविवार को यहां ड्रॉ रहा जिसमें सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शानदार अर्धशतक जमाया जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कोविड-19 संक्रमण से उबरने के बाद खेल में वापसी पर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से शुरू हो रहे टेस्ट मैच से पहले इस चार दिवसीय अभ्यास मैच में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने दोनों टीमों का प्रतिनिधित्व किया। अश्विन के लिए यह मैच काफी अहम था क्योंकि कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण वह देर से इंग्लैंड रवाना हुए थे। उन्होंने 11 ओवर की गेंदबाजी में 31 रन देकर दो विकेट लिए। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने चौथे और अंतिम दिन भारत का नेतृत्व किया क्योंकि टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाए गए। रोहित अगर इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरने में विफल रहे तो गिल पर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। पंजाब के इस बल्लेबाज ने अभ्यास मैच के आखिरी दिन 77 गेंद में 62 रन की पारी खेली। उन्होंने इससे पहले 21 और 38 रन बनाए थे। लीसेस्टरशर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वह शीर्ष स्कोरर के रूप में उभरे। भारत ने अपनी पारी सात विकेट पर 364 रन पर घोषित कर दी जिसके बाद लीसेस्टरशर के पास मैच जीतने के लिए 367 रन बनाने का लक्ष्य था। हनुमा विहारी ने भी क्रीज पर अच्छा समय बिताया और 86 गेंद की पारी में 26 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा और बुमराह ने दोनों टीमों के लिए गेंदबाजी की लेकिन आखिरी दिन दोनों विकेट लेने में नाकाम रहे। कृष्णा ने पांच ओवर में 19 रन दिए तो वही बुमराह ने आठ ओवर में 12 रन खर्च किए। अन्य भारतीयों में चेतेश्वर पुजारा ने भी दोनों टीमों के लिए बल्लेबाजी की थी, जबकि श्रेयस अय्यर और जडेजा ने शनिवार को भारत की दूसरी पारी में दो बार बल्लेबाजी की थी।

### क्रिकेट जगत ने रणजी चैम्पियन मप्र के कोच चंद्रकांत पंडित को सराहा

**बेंगलुरु।** घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीम मुंबई को पटखनी देकर पहली बार रणजी चैम्पियन बने मध्य प्रदेश के कोच चंद्रकांत पंडित की मेहनत और लगन की क्रिकेट जगत ने रविवार को सराहना की। कोच के तौर पर यह उनका छठा रणजी ट्रॉफी खिताब है। उनके मार्गदर्शन में मुंबई ने तीन और विदर्भ ने दो बार यह खिताब जीता है। आईपीएल के बीते सत्र में शानदार वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने पंडित की तुलना इंग्लिश प्रीमियर लीग की क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज प्रबंधक (कोच) एलेक्स फर्ग्यूसन से की जिन्होंने इस प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट के 13 खिताब जीते है। कार्तिक ने बीसीसीआई के ट्वीट को रिट्वीट पर लिखा, शानदार तस्वीर, चंदू सर के लिए इससे ज्यादा खुशी की बात नहीं हो सकती। अद्भुत, खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझने वाले, उसी के मुताबिक तैयारी करना, शानदार रणनीति बनाकर चैंपियनशिप जीता। रणजी ट्रॉफी के एलेक्स फर्ग्यूसन। सर्वकालिक महान। भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पंडित की तारीफ में लिखा, चंद्रकांत पंडित। बस यही मेरा ट्वीट है।

# दीपिका एंड कंपनी ने रजत पदक पर छोड़ा तीर

● तीरंदाजी विश्व कप में भारत ने तीन पदक जीते

भाषा। पेरिस

**दीपिका कुमारी,** अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में एकतरफा फाइनल में चीनी ताइपे की तिकड़ी से हारकर रजत पदक हासिल किया।

भारत ने इस तरह प्रतियोगिता में अपना अभियान एक स्वर्ण और दो रजत पदक से समाप्त किया। इनमें से दो पदक कम्पाउंड वर्ग में मिले थे। महिला रिकर्व टीम को 13वीं वरीयता दी गई थी क्योंकि तीनों तीरंदाज व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष 30 से बाहर रही थीं। भारतीय टीम फाइनल में प्रभावित नहीं कर सकी और चीनी ताइपे से सीधे सेट में।-5 (53-56 56-56 53-56) से हार गई। चीनी ताइपे के लाइन अप में रियो ओलंपिक टीम



कांस्य पदक जीतने वाली टीम की सदस्य लेई चिएन यिंग भी शामिल थीं और इस तीसरी वरीय तीरंदाज ने शुरू में ही दबाव बना दिया, जिसमें उन्होंने दो बार 10 और चार बार नौ पर निशाना लगाया। वहीं भारत ने पहले सेट में सात के शॉट लगाए जो टर्निंग प्वांइट साबित हुए। भारतीय तिकड़ी ने वापसी कर दूसरे सेट में जीत से स्कोर बराबर किया लेकिन इतना ही काफी नहीं था अगले सेट में चीनी पाइपे की तीरंदाजों ने अपनी निरंतरता कायम रखी और स्वर्ण पदक जीता। दुनिया की तीसरे नंबर की तींरदाज दीपिका की हालांकि यह यादगार वापसी रही जिन्होंने तोक्यो ओलंपिक की निराशा के बाद टीम से बाहर किए जाने के बाद रजत पदक जीता। लेकिन टूर्नामेंट कम्पाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नाम की स्वप्निल वापसी के बारे में रहा। जिन्होंने अभिषेक वर्मा के साथ मिलकर भारत को एक स्वर्ण (मिश्रित टीम स्पर्धा) दिलाया और शनिवार को एक व्यक्तिगत रजत पदक जीता।

# सावचेंको बने चैंपियन

● चेन्नई ओपन शतरंज

भाषा। चेन्नई

**रूस के** शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको ने रविवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 में टाई-ब्रेक के जरिए भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल को हराकर चैंपियन बने। सावचेंको और नितिन दोनों के 10 दौर में साढ़े आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। रूस के खिलाड़ी ने हालांकि बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। नितिन नौवें दौर के बाद बढ़त बनाए हुए थे लेकिन आखिरी दौर में ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडरोव (बेलारूस) के साथ मुकाबला ड्रॉ होने के बाद उनका अभियान साढ़े आठ अंक के साथ खत्म हुआ। इससे सावचेंको को तालिका में नितिन की बराबरी करने का मौका मिल गया। उन्हें आखिरी दौर के अपने मैच में अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष से कड़ी चुनौती मिली लेकिन वह भारतीय खिलाड़ी को शिकस्त देने में सफल रहे। ग्रैंडमास्टर सावचेंको ने चेन्नई ओपन 2022 ट्रॉफी और तीन लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि उपविजेता नितिन को दो लाख रुपए मिले। बेलारूस के एलेक्सी फेडरोव और भारत के एल आर श्रीहरि ने आठ-आठ अंक हासिल किए।

# मिताली कई लोगों के लिए प्रेरणा : मोदी

भाषा। नई दिल्ली





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को मिताली राज की सराहना करते हुए इस पूर्व दिग्गज भारतीय कप्तान को शुभकामनाएं दी जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की थी। सोलह साल की उम्र में पदार्पण करने वाली मिताली 23 साल के अपने करियर के दौरान सबसे अधिक मैच खेलने वाली और सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। वह सबसे सफल महिला कप्तान भी रहीं। मोदी ने रविवार को मन की बात पर मिताली को भारत की सबसे प्रतिभावान क्रिकेटरों में से एक करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रिकेट से उनके संन्यास ने कई खेल प्रेमियों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। मिताली ना सिर्फ असाधारण खिलाड़ी रही बल्कि कई खिलाड़ियों की प्रेरणा भी रहीं। मैं भविष्य के लिए मिताली को शुभकामनाएं देता हूं। आयरलैंड के खिलाफ 26 जून 1999 को पदार्पण करने के बाद मिताली ने 12 टेस्ट, 232 वनडे और 89 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में देश का प्रतिनिधित्व किया। मिताली ने 333 अंतरराष्ट्रीय मैच में तीनों प्रारूपों में कुल मिलाकर 10 हजार 868 रन बनाए। उन्होंने 155 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का भारत की अगुआई की जिसमें टीम ने रिकॉर्ड 89 जीत दर्ज की। बेलिंडा क्लार्क 83 जीत से इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

## न्यूजीलैंड 326 रन पर सिमटा, इंग्लैंड को क्लीन स्वीप के लिए मिला 296 रन का लक्ष्य

**लीड्स।** इंग्लैंड ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन चाय तक न्यूजीलैड को दूसरी पारी मे 326 रन पर समेट दिया जिससे श्रृंखला मे क्लीन स्वीप करने के लिए उसे 296 रन का लक्ष्य मिला। इंग्लैड के लिए स्पिनर जैक लीच ने मैच मे कुल 10 विकेट झटके। उन्होंने न्यूजीलैड की दूसरी पारी का ट्रेंट बोल्ट (04) का अंतिम विकेट झटककर 66 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। उन्होने पहली पारी मे 100 रन देकर पांच विकेट प्राप्त किए थे। टॉम ब्लंडेल को दूसरे छोर पर साथ नही मिला और वह न्यूजीलैड की दूसरी पारी मे 88 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने डेरिल मिशेल (56) के साथ छठे विकेट के लिए 113 रन की भागीदारी निभाई। मिशेल को मैथ्यू पोट्स (66 रन देकर तीन विकेट) ने पगबाधा आउट किया। न्यूजीलैड ने सुबह पांच विकेट पर 168 रन से खेलना शुरू किया और लंच तक अपनी कुल बढ़त 223 रन की कर ली थी। मिशेल और ब्लंडेल ने पूरी श्रृंखला के दौरान इंग्लैड को परेशान किया है। इन दोनों ने लार्ड्स पर 195 और ट्रेंट ब्रिज मे 236 रन की भागीदारी निभाई थी।

### फोक्स कोविड के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर

**लीड्स।** बेन फोक्स कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए है जिसके कारण इंग्लैड की टीम न्यूजीलैड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को मैदान पर उतरेगी तो उनकी जगह सैम बिलिंग्स विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे। फोक्स पीठ मे दर्द की शिकायत के बाद तीसरे दिन दोपहर बाद मैदान पर नही उतरे थे और फिर बाद मे लीड्स मे टीम होटल मे जांच के बाद कोविड पॉजिटिव पाए गए। न्यूजीलैड की दूसरी पारी मे इस दौरान जॉनी बेयरस्टो ने विकेटकीपर की भूमिका निभाई लेकिन बाकी मैच मे फोक्स की जगह लेने के लिए बिलिंग्स को टीम में शामिल किया गया है। बिलिंग्स मौजूदा श्रृंखला मे दूसरे स्थानापन्न खिलाड़ी है जो इंग्लैड की ओर से खेलेगे।



# विंबलडन में सेरेना की वापसी

● रूस, बेलारूस के खिलाड़ियों और रैंकिंग के बिना खेले जाने वाले मैच में उतरेंगी

●शीर्ष रैंकिंग मेदवेदेव नहीं खेलेंगे

भाषा। विंबलडन



**शीर्ष रैंकिंग** के पुरुष टेनिस खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव सोमवार से शुरू हो रहे विम्बलडन टूर्नामेंट अपने खेल कौशल का प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे क्योंकि यूक्रेन के खिलाफ जंग छेड़ने के कारण मेजबान ऑल इंग्लैंड क्लब ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

ऑल इंग्लैंड के इस कदम के कारण पेशेवर टेनिस का संचालन करने वाले एटीपी और डब्ल्यूटीए ने घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट से रैंकिंग अंकों को खत्म कर दिया है। इन सब के बावजूद टूर्नामेंट से सेरेना विलियम्स को महिला एकल में एक साल के बाद वापसी का मंच मिलेगा। कई बड़े खिलाड़ियों ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित करने के फैसले की आलोचना की है। दिग्गज मार्टिना नवरातिलोवा ने कहा, यह गलत कदम है। इसमें खिलाड़ी क्या कर सकते है, क्या वे अपना देश छोड़ दे? पुरुषों में तीन बार के गत चैम्पियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा, इसमें क्या सही है और क्या गलत यह कहना काफी मुश्किल है। 90 के दशक में जब मैं बच्चा था तब मैंने युद्ध को करीब से देखा है। मैं यूक्रेन के लोगों का दर्द समझ सकता हूं। सर्बिया के 35 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, इन सब के बावजूद मैं रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों के प्रतिबंधित करने के फैसले से सहमत नहीं हो सकता हूं। कुछ अन्य खिलाड़ियों के लिए हालांकि यह अलग तरह की सतह पर अपने कौशल के प्रदर्शन के साथ बड़ी पुरस्कार राशि जीतने के मौके की तरह है। अमेरिका के 24वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो ने कहा, इस बात को पचा पाना मुश्किल है कि यहां कोई रैंकिंग अंक नहीं होगा। लेकिन मैं यहां चीजों को हल्के में नहीं लूंगा। मौजूदा महिला चैंपियन ऐश बार्टी मार्च में 25 साल की उम्र में संन्यास ले चुकी है। आठ बार के पुरुष चैंपियन रोजर फेडरर घुटने के ऑपरेशन के बाद खेल में वापसी नहीं कर सके हैं। उन्होंने पिछले साल के विंबलडन के बाद से किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया है। रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव फ्रेंच ओपन में अपने दाहिने टखने में चोट के कारण खेल से दूर है।

### राष्ट्रमंडल खेलों में खुद से प्रतिस्पर्धा, अपने विश्व रिकॉर्ड को बेहतर करने की कोशिश करूंगी: मीराबाई

**पटियाला।** भारतीय स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू राष्टमंडल खेलों में प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगी और उनका कहना है कि इनमें उनकी प्रतिस्पर्धा किसी और से नहीं बल्कि खुद से होगी। चानू का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 207 किग्रा (88 किग्रा ,119 किग्रा) का है जो नाइजीरिया की स्टेला किंग्सले से बेहतर है जो उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी हैं और वह अब तक 168 किग्रा (72 किग्रा, 96 किग्रा) का ही वजन उठा सकी हैं। चानू ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने ओलंपिक में रजत पदक, एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य और एक विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। उनका कहना है कि बर्मिंघम में उनकी असली प्रतिस्पर्धा अपनी प्रतिद्वंद्वियों से नहीं बल्कि खुद से होगी।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अंडर-23 टूर्नामेंट के फाइनल में नीदरलैंड से 1 -4 से हारी

**डबलिन।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को रविवार को यहां अंडर-23 पांच देशो के टूर्नामेंट के फाइनल मे नीदरलैंड से।-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल ब्यूटी डुंगडुंग ने 29वे मिनट मे दागा जबकि बेलेन वान डर ब्रोएक (26वे), एम्बर ब्रोउवर (31वे), एम्मा संतब्रिक (53वे) और साने हाक (55वे) ने नीदरलैंड के लिए गोल किए। नीदरलैंड की टीम ने मैच शुरू होते ही पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया जिससे भारतीय टीम शुरू से ही दबाव मे आ गई। हालांकि भारतीय टीम ने प्रतद्वंद्वी टीम को गोल करने से रोके रखा। जैसे जैसे पहले क्वार्टर का खेल आगे बढ़ता रहा, भारतीय टीम ने धीरे धीरे मैच पर शिंकजा कसना शुरू किया और पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि टीम इस मौके का फायदा नही उठा सकी। इसके बाद दोनो टीमो ने पहला गोल करने की कोशिश मे एक दूसरे पर हमले तेज कर दिए लेकिन पहले क्वार्टर मे कोई भी गोल नही हुआ। भारतीय टीम दूसरे क्वार्टर मे आक्रामक थी और उसे इसका फल भी मिला जब उसने 10 मिनट मे दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया।